राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

वर्ष : 14 | अंक : 285 | नई दिल्ली, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com




11 भारत के टेस्ट श्रृंखला जीतने पर...



डोनाल्ड ट्रंप नामांकन के एक कदम और... 12

# देश में स्थिर सरकार का असर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में भी नजर आया : पीएम

- दिल्ली में 4 दिवसीय भारत टेक्स 2024 का आगाज
- कहा- देश को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब में बदल देंगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिर और दूरदर्शी सरकार होने का लाभ स्पष्ट तौर पर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में नजर आ रहा है। पिछले 10 साल में यह सात लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा क्षेत्र विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभों गरीब, युवा, किसान और महिला सभी से जुड़ा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हम भारत को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब में बदल देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए परिदृश्य पर यह बड़ी बात नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन करते हुए कही। भारत टेक्स 2024 देश में आयोजित होने वाले वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। यह चार दिवसीय आयोजन उद्घाटन के साथ भारत मंडपम और यशोभूमि में शुरू हो गया । इस अवसर पर 3 हजार से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के लगभग 3 हजार खरीदार और लगभग 40 हजार व्यापार आगंतुक एक साथ आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजन को वैल्यू-चेन और टेक्सटाइल इको सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक साझा मंच पर एक साथ आने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए विस्तृत दायरे में काम रही है। इसमें परंपरा, तकनीक, योग्यता और प्रशिक्षण (ट्रेडिशन, टेक्नोलोजी, टेलेंट और ट्रेनिंग) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार टेक्सटाइल वैल्यू चेन के सभी पहलुओं को पांच एफ के सूत्र से से जोड़ रही है। फाइव यानी एफ फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन (खेत, धागा, फेक्ट्री, पहनावा और विदेश)। सरकार के लगातार प्रयासों से भारत के कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार के प्रयास से खादी को विकास और रोजगार दोनों मिले हैं। भारत दुनिया में कपास, पटसन और सिल्क के बड़े उत्पादकों में से एक है। लाखों किसान इस काम में जुटे हैं। लाखों कपास किसानों को सरकार मदद कर रही है। उनसे लाखों क्विंटल खादी खरीद रही है। सरकार की ओर से लांच कस्तूरी कपास भारत की अपनी पहचान बनाने की ओर एक बड़ा कदम होने वाला है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन में कम से कम दखल दिए जाने पर विश्वास रखती है। सरकार केवल यह सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों की जरूरत पूरी होनी चाहिए। अगले पांच वर्ष में भी इसी दिशा में प्रयास जारी रहेगा। इस आयोजन में 65 से अधिक ज्ञान सत्र होंगे। दुनिया के 100 से अधिक पैनलिस्ट इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें स्थिरता और चक्रीयता पर समर्पित मंडप, एक इंडी हाट, भारतीय वस्त्र विरासत, स्थिरता एवं वैश्विक डिजाइन जैसे विविध विषयों पर फैशन प्रस्तुतियों के साथ-साथ संवादात्मक (इंटरैक्टिव) फैब्रिक परीक्षण क्षेत्र और उत्पादों के प्रदर्शन का भी समावेश होगा। यह आयोजन वस्त्र क्षेत्र से जुड़े छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के अलावा नीति-निमाताओं एवं वैश्विक स्तर के सीईओ की भागीदारी है। इस आयोजन के दौरान 50 से अधिक घोषणापत्र और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इससे वस्त्र क्षेत्र में निवेश एवं व्यापार को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और ह्यविकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



## प्रधानमंत्री ने 41,000 करोड़ रुपये की रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी को देश की जनता को एक बड़ी सौगात देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 2021 जगहों से करीब 40 लाख लोग जुड़े थे। इसमे 11 जगहों से मुख्यमंत्री समेत अन्य विशिष्ट लोग शामिल थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए 'शहर के केंद्र' के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा।

# साल भर से जेल में बंद हैं सिसोदिया, सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दी जमानत

- आप ने भाजपा पर लगाया आरोप, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भी नहीं हुआ ट्रॉयल



प्रात : किरण

नई दिल्ली। पूरे एक साल से मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत नही दी है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को पूरा एक साल हो गया है। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी के दिन ही सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने गिरफ्त में ले लिया। कुछ दिन रिमांड पर बिताने के बाद तिहाड़ भेजे गए सिसोदिया तब से जेल में ही हैं। आम आदमी पार्टी ने अपनी पोस्ट में उन्हें क्रांतिकारी बताते हुए कहा है कि ऐसी उम्मीद नहीं थी कि इतने लंबे समय तक जमानत नहीं मिलेगी। आप के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से मनीष सिसोदिया की तारीफ में कई पोस्ट किए गए। दिल्ली में शिक्षा के लिए उनके कामकाज को क्रांतिकारी बताया गया। एक पोस्ट में लिखा गया, जिस मनीष सिसोदिया जी ने गरीब बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान दी। बीजेपी सरकार उन्हें 1 साल से जेल में रखकर इसकी सजा दे रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत को दुनिया के अखबारों के पहले पन्ने पर पहुंचाने वाले क्रांतिकारी, मनीष सिसोदिया को भाजपा की गंदी राजनीति ने पूरे 1 साल से जेल में रखा हुआ है। जिसके साथ लाखों बच्चों की दुआएं हों, उसका कोई तानाशाह कुछ नहीं बिगाड़ सकता। क्रांतिकारियों का दूसरा घर होता है जेल। इसी तरह दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा के लिए काम की वजह से उन्हें जेल में डाला। आतिशी ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले की जांच को दो साल हो गए, सिसोदिया जी के घर और गांव में रेड कर ली। लेकिन एक रुपए की भी रिकवरी नहीं हुई है। मंत्री आतिशी ने कहा कि पीएमएल कानून में बेल मिलना लगभग असंभव है। ऐसा कानून आतंकवाद रोकने के लिए बनाया गया था, ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए बनाया गया था। क्या इसका उपयोग आतंकवाद रोकने और ड्रग्स रोकने में हो रहा है, पीएमएलए का इस्तेमाल सिर्फ विपक्षी दलों पर हमला करने के लिए हो रहा है। वहीं केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी निराशा जाहिर करते हुए कहा कि सिसोदिया के गिरफ्तारी और फिर इतने समय तक जेल में रहने की उम्मीद नहीं थी। सौरभ ने कहा,पिछले साल जब मनीष जी को गिरफ्तार करने की बातें सुनते थे तो पहले लगता था कि ऐसा होगा नहीं।

अधिकतम तापमान 22°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 64,035 |
| चांदी | 75,600 |
| सेंसेक्स | 72,790 |
| निफ्टी | 22,122 |

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र में खड़े ट्रक से टकराई बस, चार की मौत

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में सोमवार सुबह एक बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना प्रथीपाडु मंडल में पदलम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक जो ओडिशा से बापटला की ओर जा रहा था, उसका टायर पंचर हो गया था और चालक ने वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया था। इस दौरान विशाखापत्तनम से राजामहेंद्रवरम जा रही आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की एक बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। पंचर ठीक कर रहे तीन लोगों और एक पैदल यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और राजामहेंद्रवरम पहुंच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्वालियर में शराबियों ने मेडिकल छात्राओं को छेड़ा

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में रविवार की रात शराबी युवकों ने मेडिकल छात्राओं से छेड़छाड़ व मारपीट की। उन्होंने गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने सड़क पर धरना दिया। रविवार की रात चिकित्सालय परिसर में बाहरी युवक शराब पी रहे थे। उन्होंने मेडिकल छात्राओं से छेड़छाड़ की। इन युवकों की हरकत का जब जूनियर डॉक्टरों ने विरोध किया, तो युवकों ने उनसे मारपीट करने के साथ गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस के एक जवान ने एक जूनियर डॉक्टर को चांटा मार दिया। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। मेडिकल छात्रों ने सड़क पर धरना दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस जवान पर कार्रवाई और अस्पताल परिसर में पुलिस की तैनाती पर सहमति बनने के बाद धरना खत्म हुआ।

### जम्मू-कश्मीर में व्यापक बर्फबारी की संभावना

श्रीनगर। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में सोमवार शाम से बड़े पैमाने पर बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान जारी किया है। स्थानीय मौसम विभाग द्वारा जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है, ''कुछ इलाकों में भारी बर्फबारी को देखते हुए, यात्रियों को उसके अनुरूप योजना बनाने और प्रशासन तथा यातायात सलाह का पालन करने की सलाह दी जाती है।'' ''पहाड़ी और हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में आम जनता को सलाह दी जाती है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, बाहर न निकलें।'' विभाग ने किसानों को मार्च के पहले सप्ताह में कृषि कार्य रोकने की सलाह दी है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे, गुलमर्ग में शून्य से नौ डिग्री सेल्सियस नीचे और पहलगाम में शून्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। लद्दाख क्षेत्र में, लेह शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 17.1 डिग्री सेल्सियस नीचे, कारगिल में 18.2 डिग्री सेल्सियस नीचे और द्रास में 21.7 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 6.5 डिग्री सेल्सियस, बटोटे में 2.1 डिग्री सेल्सियस, भद्रवाह में शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम और बनिहाल में 1.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

# गजल गायक पंकज उधास ने 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। मशहूर गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को 72 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार ने ट्वीट कर उनके निधन की जानकारी दी। परिवार ने बयान में कहा, बहुत भारी मन से, हम आपको लंबी बीमारी के कारण 26 फरवरी, 2024 को पद्मश्री पंकज उधास के दुखद निधन के बारे में सूचित करते हुए दुखी हैं। पंकज उधास पिछले कुछ समय से मुंबई के ब्रीच क्रैंडी अस्पताल में भर्ती थे, जहां सोमवार सुबह करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। पंकज उधास के निधन पर गायक सोनू निगम उनकी मौत पर प्रतिक्रिया देकर लिखा, मेरे बचपन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा आज खो गया है। पंकज उधास जी, मैं आपको हमेशा याद करूंगा। यह जानकर मेरा दिल रोता है कि आप नहीं रहे। जीवन का हिस्सा होने के लिए आपका शुक्रिया। शांति।



पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत 1980 में आहट नाम से एक गजल एल्बम जारी करके की। जल्द ही, वह भारत में गजल संगीत का पर्याय बन गए। बॉलीवुड में, गजल गायक ने फिल्म नाम के लिए लोकप्रिय ट्रैक चिट्ठी आई है गाया था। यह गाना बहुत लोकप्रिय हुआ और इस गाने ने सभी को रुला दिया था। पंकज उधास को भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। पंकज ने 1982 में फरीदा उधास से शादी की और उनकी एक बेटी रेवा उधास और एक बेटे नायाब उधास हैं।

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर गृहमंत्री शाह व भाजपा ने किया नमन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी ने महान क्रांतिदूत वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए नमन किया है। शाह और भाजपा ने अपने एक्स हैंडल आज सुबह वीर सावरकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा, ''भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अपने विचार और दृढ़ संकल्प से मजबूती देने वाले वीर सावरकर जी को पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सावरकर जी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। देश को स्वतंत्र कराने की उनकी अटल आकांक्षा को कालापानी की यातनाएं भी डिगा नहीं पाईं।'' उन्होंने लिखा, ''अस्पृश्यता को देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा मानने वाले सावरकर जी ने अपने अविरल संघर्ष, ओजस्वी वाणी और कालजयी विचारों से जन-जन को स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वभाषा, स्वभूषा व स्वदेश के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले स्वातंत्र्यवीर का त्याग और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को ध्रुव तारे के समान दिशा दिखाती रहेगी।''

# कानून के समक्ष समानता के बिना लोकतंत्र नहीं: धनखड़

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि कानून के समक्ष समानता के बिना कोई भी लोकतंत्र जीवित और विकसित नहीं हो सकता। श्री धनखड़ ने मिजोरम विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब कानून के समक्ष समानता जमीनी हकीकत है और जो लोग खुद को कानून से ऊपर मानते थे वे मजबूती से इसकी चपेट में हैं। उन्होंने कहा, कोई भी लोकतंत्र तब तक जीवित नहीं रह सकता, कोई भी लोकतंत्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक कानून के समक्ष समानता न हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी की अंधाधुंध तलाश से बाहर आने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से अलग ढंग से सोचने और असफलता से नहीं डरने का आह्वान करते हुए कहा कि असफलता सफलता की ओर एक कदम है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी आकांक्षा कर सकते हैं और सपनों को साकार कर सकते हैं।

# जवान और किसान का शोषण कर रही है मोदी सरकार: कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है। किसानों के परिवारों के बच्चे हमारी फौज में जवान बनते हैं लेकिन देश के जवान और किसान दोनों की स्थिति क्या है यह सब दिल्ली के जंतर-मंतर और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर सबको दिख रही है। उन्होंने कहा आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपए खर्च कर सकती है लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है।






देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024



संक्षिप्त समाचार

## पेड़ की टहनी काटते समय गिरा युवक, मौत

**नैनीताल, एजेंसी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र में शनिवार को सेमल के पेड़ से गिरने पर श्रमिक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी के घर लॉपिंग के दौरान यह घटना हुई। गफूर बस्ती बनभूलपुरा निवासी अमीर अहमद (37) पुत्र वाहिद शनिवार को दमुवाढूंगा में सेमल के पेड़ की लॉपिंग करने गया था। अमीर अहमद के बड़े भाई अजीज अहमद ने बताया कि पुलिस में तैनात सिपाही ने उन्हें अपने घर के पास सेमल के पेड़ की लापिंग करने के लिए बुलाया था। कहा कि शनिवार शाम लॉपिंग के दौरान अमीर विशालकाय पेड़ से नीचे गिर गया। पुलिसकर्मी ने घायल युवक को नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे एडमिट करने से मना कर दिया। इसके बाद अमीर को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमीर घर का अकेला कमाने वाला था। वह अपने पीछे तीन बच्चे और पत्नी को छोड़ गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि दमुवाढूंगा में पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी ने वन विभाग से सेमल के पेड़ की लॉपिंग कराने की परमिशन ली थी। कहा कि पेड़ में गिरने से अमीर नामक युवक की मौत हो गई। अराष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के अधिवेशन में करीब 150 महिला और पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ली। सदस्यता समारोह के बाद पार्टी का अधिवेशन रविवार को प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रेस क्लब से घंटाघर स्थित स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी के स्मारक तक राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के कार्यकर्ता मूल निवास, भू कानून, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा महिलाओं से संबंधित अपराधों, पुलिस को 4600 ग्रेड पे दिए जाने और अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के मुद्दों पर आधारित नारेबाजी कर रहे थे। घंटाघर स्थित स्मारक पर आकर रैली एक जनसभा में तब्दील हो गई और कार्यकर्ताओं ने इंद्रमणि बडोनी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जनसभा को संबोधित किया। अधिवेशन को मुख्य रूप से बलवीर सिंह नेगी, शूरवीर सिंह नेगी, गुलाब सिंह रावत, प्रमोद डोभाल, प्रदेश पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद नौटियाल, जगदंबा बिष्ट ने संबोधित किया। समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय डोभाल, ऋषिकेश जिला अध्यक्ष उपेंद्र सकलानी, पौड़ी जिला अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत, टिहरी जिला अध्यक्ष बिशन सिंह कंडारी, मनोरमा चमोली, हरिद्वार जिला संयोजक आशीष उनियाल, संजय डोभाल, मंजू रावत, शैलबाला ममगाई और रिंकी कुकरेती मौजूद रहे।

## संत रविदास की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**देहरादून, एजेंसी।** संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में सेलाकुई में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भक्त जमकर झूमे। शुभारंभ भाजपा के जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने हमेशा कर्म पर विश्वास किया। उन्होंने कर्म को ही धर्म बताया। उनका मानना था कि सच्चे प्रेम और भक्ति से ही मुक्ति मिलेगी। संत रविदास ने प्रेम और भक्ति के माध्मय से एकता का संदेश दिया। शोभा यात्रा शंकरपुर स्थित संत रविदास मंदिर से शुरू हुई। बैंड बाजों और डीजे की धुनों पर निकली शोभा यात्रा सेलाकुई, राजा रोड होते हुए तेलपुरा में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में श्रद्धालु हाथों में पीले ध्वज लिए चल रहे थे। जगह जगह फूलों से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। प्रसाद का भी वितरण किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के सेवादारों ने शोभा यात्रा के दौरान सेवा दी। शोभा यात्रा में शामिल कलाकारों ने हैरतंगेज करतब भी दिखाए। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर योगेंद्र नाथ, संजय कुमार, प्रधान बेबीरानी, धुरेंद्र चौधरी, नवीन रावत जॉनी, राममूर्ति आदि मौजूद रहे।

## हाईवे पर नाले के ऊपर बनीं रेलिंग टूटी, हादसे का खतरा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हरिद्वार-देहरादून राजमार्ग पर रायवाला में रेलवे अंडरपास के समीप नाली के ऊपर बना जाल क्षतिग्रस्त हो गया है। जाल क्षतिग्रस्त होने से हादसे का खतरा बना है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी क्षतिग्रस्त जाल को ठीक करने को तैयार नहीं हैं। करीब एक सप्ताह दिन पहले एक ट्रक हाईवे से अनियंत्रित होकर नाली पर बनी रेलिंग को तोड़ता हुआ उसमें फंस गया था। इससे हादसे में नाले के ऊपर लगाई गई रेलिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। एनएचएआई के इंजीनियरों ने भी इसकी सूचना अपने अधिकारियों को दी। लेकिन आज तक क्षतिग्रस्त रेलिंग ठीक नहीं हो पाई। इस मार्ग पर रात दिन वाहनों का दबाव रहता है। उक्त स्थान पर नाले के ऊपर बने जाले के उखड़ने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर पड़े पत्थर वाहनों से टायर से टकराकर दूसरे वाहनों पर लग रहे हैं।

## जल संस्थान ने ठीक कराए दो वाटर एटीएम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गर्मियां शुरू होने से पहले ही जल संस्थान ने शहर में लगे दो वाटर एटीएम ठीक करवा दिया है। हालांकि एक वाटर एटीएम अभी खराब पड़ा है। जल संस्थान ने डोईवाला में तहसील मुख्यालय, मिल रोड और ऋषिकेश रोड पर वाटर एटीएम लगाए थे। रख-रखाव के अभाव में तीनों वाटर एटीएम खराब हो गए थे। दो वाटर एटीएम को ठीक करवा दिया है।

# 48 साल पहले हुए शिलान्यास वाला प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेगा



**नैनीताल, एजेंसी।** जमरानी बांध परियोजना को धरातल पर उतराने की दिशा में सिंचाई विभाग ने कवायद तेज कर दी है। कॉलोनी की मरम्मत और मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने के कार्य के टेंडर हो गए हैं। जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

जमरानी बांध परियोजना को धरातल पर उतराने की दिशा में सिंचाई विभाग ने कवायद तेज कर दी है। कॉलोनी की मरम्मत और मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने के कार्य के टेंडर हो गए हैं। जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

परियोजना के उपमहाप्रबंधक ललित कुमार ने बताया कि जमरानी कॉलोनी के कार्य चार भागों में विभाजित किया गया है। सबसे पहले जमरानी कॉलोनी परिसर में आवासीय परिसरों का रखरखाव और नए आवासीय भवनों का निर्माण होगा। कॉलोनी परिसर की चहारदीवारी और मौजूदा कार्यालय भवन की मरम्मत की जाएगी। बांध विस्थापितों के लिए प्राग फार्म में 602 करोड़ से पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि 26 फरवरी 1976 में हुए शिलान्यास के बाद प्रथम चरण में गौला बैराज और जमरानी कॉलोनियों का निर्माण हुआ। अब बांध परियोजना के तहत इन कार्यों को पूरा किया जाएगा।

26 फरवरी 1976 को जमरानी बांध का शिलान्यास तत्कालीन ऊर्जा मंत्री केसी पंत ने किया था। मेडिकल कॉलेज में कार्यरत परितोष पंत कहते हैं कि उनके पिता मोहन चंद्र पंत सत्तर के दशक में सिंचाई विभाग में अधिशासी अभियंता थे। जब जमरानी बांध योजना बनी तो अनुभव के चलते उन्हें नैनीताल जिले में भेजा गया। कहा कि इस योजना से परिवार का खास जुड़ाव रहा है। उम्मीद है कि लोगों का बांध का सपना जल्द साकार हो जाएगा।

# वांटेड अब्दुल मोईद की तलाश में लगी पांच टीमें, अब्दुल मलिक से पूछताछ में मिली अहम जानकारी

**नैनीताल, एजेंसी।** हिंसा मामले में पुलिस ने वांटेड अब्दुल मोईद की तलाश में पांच टीमें लगा दी हैं। अब्दुल मलिक से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब्दुल मोईद की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने वांटेड अब्दुल मोईद की तलाश में पांच टीमें लगा दी हैं। अब्दुल मलिक से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब्दुल मोईद की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए। इसमें हिंसा भड़काने के आरोपी अब्दुल मलिक को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन उसका बेटा वांटेड अब्दुल मोईद अब भी पकड़ से दूर है। कई राज्यों की खाक छानने के बाद मलिक पुलिस के हत्थे चढ़ा था। पुलिस सूत्र बताते हैं कि अब्दुल मोईद के बारे में ठोस जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने एक ठिकाने में छापा भी मारा था पर मोईद वहां से दो घंटे पहले फरार हो गया।

अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोइद को पनाह देने वालों पर कार्रवाई तय है। पुलिस ने फरारी के दौरान कई लोगों की सूची तैयार की है। इनमें से कई लोग ऊंची पहुंच वाले हैं। बनभूलपुरा हिंसा के बाद अब्दुल मलिक दिल्ली, गुजरात, चंडीगढ़ और भोपाल तक छिपता रहा। पुलिस के मुताबिक जहां-जहां मलिक ठहरा, वहां उसकी आवभगत में कोई कमी नहीं रखी गई।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कुछ जगह भी चिह्नित की हैं जिन्होंने मलिक की मदद की लेकिन पुलिस को जानकारी नहीं दी। इनमें दिल्ली से भोपाल तक के कारोबारी, राजनीतिक संबंध रखने वाले और ऊंची पहुंच वाले लोग शामिल हैं।



# फर्जी मुहर और हस्ताक्षर से पास कर दिया घर का नक्शा, जिला विकास प्राधिकरण दर्ज कराएगा मुकदमा

**नैनीताल, एजेंसी।** घर का नक्शा बनाने के नाम पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिला विकास प्राधिकरण में मानचित्र नवीनीकरण की प्रक्रिया में पता चला कि करायल जौलासाल निवासी भवन स्वामी का नक्शा फर्जी मुहर और फर्जी हस्ताक्षर से पास किया गया था।

हल्द्वानी शहर में घर का नक्शा बनाने के नाम पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिला विकास प्राधिकरण में मानचित्र (नक्शा) नवीनीकरण की प्रक्रिया में पता चला कि करायल जौलासाल निवासी भवन स्वामी का नक्शा फर्जी मुहर और फर्जी हस्ताक्षर से पास किया गया था। अब आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी है। जिला विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने बताया कि



भवन का नक्शा पास कराने के बाद अगर किसी कारणवश कार्य शुरू नहीं करा पाते हैं तो पांच वर्ष के बाद उसका नवीनीकरण कराने की प्रक्रिया है। इसके बाद एक-एक साल में नवीनीकरण होता है। करायल जौलासाल निवासी राम सिंह ने एक मानचित्र नवीनीकरण के लिए कार्यालय में भेजा था। इसमें अधिकारियों के हस्ताक्षर आदि को लेकर संदेह हुआ तो कार्यालय में मौजूद अभिलेखों से मिलान कराया गया। इसमें संबंधित मानचित्र के पास होने का उल्लेख नहीं था। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को बुलाया गया। उसने बताया कि पांच साल पहले उसने एक व्यक्ति से नक्शा बनवाया था। कूटचरित तरीके से नक्शा बनाया गया था। इसमें अवर अभियंता समेत प्राधिकरण अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ फर्जी मुहर का इस्तेमाल किया गया था। संयुक्त सचिव ऋचा सिंह का कहना है कि फर्जी नक्शा बनाने वाले लालडांठ सरस्वती विहार निवासी गोविंद पाटनी के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# छह दिन से लापता बालक का शव खेत से मिला

**रूड़की, एजेंसी।** छह दिन से लापता बालक का शव गांव के जंगल में स्थित एक खेत से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक के शरीर पर चोट के निशान हैं। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के खुब्बनपुर गांव निवासी सरदार सिंह का 13 वर्षीय बेटा कार्तिक 19 फरवरी को घर से निकला था। उसके बाद से वह वापस नहीं आया था। सरदार सिंह व उसका परिवार और गांव के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। भगवानपुर थाना पुलिस को भी बालक के लापता होने की तहरीर दी गई थी। पुलिस ने बालक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बालक का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रविवार दोपहर बाद किसी ग्रामीण को गांव के जंगल में स्थित एक खेत के समीप दुर्गंध आई। जब उसने खेत में जाकर देखा तो वहां बालक का शव पड़ा था। यह देख ग्रामीण घबरा गया। उसने तुरंत ही ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। बालक के परिजनों ने मृतक बालक की पहचान कार्तिक के रूप में की। जानकारी पाकर भगवानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्यभूषण नेगी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे रुड़की सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है।

## उत्तराखंड में मानव वन्य जीव संघर्ष मामले पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्ती दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों को किया तलब

**देहरादून, एजेंसी**



विधानसभा में मुख्यमंत्री ने वन विभाग के संबंधित अधिकारियों को तलब करते हुए देहरादून में हुई घटना की रिपोर्ट ली. इस दौरान उन्होंने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा को सख़्त कार्यवाही के निर्देश दिये । साथ ही वन विभाग के अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक के आदेश दिए हैं। सीएम धामी ने वन अधिकारियों को तलब किया- उत्तराखंड में गुलदार के हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. खास बात यह है कि राजधानी देहरादून में भी एक दिन पहले ही 10 साल के बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था. इस मामले में मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए अब विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है. मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्थित अपने कार्यालय में ही विभागीय अधिकारियों को तलब किया. इस दौरान प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ अनूप मलिक और चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने इस पूरी घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को फील्ड में जाने का आदेश- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐसी घटनाओं को देखते हुए प्रमुख वन संरक्षक आरके सुधांशु को दैनिक रूप से मामलों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. इसके अलावा चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को भी खुद फील्ड में जाने के लिए भी आदेश दिया गया है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग के अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए,कि किसी भी दशा में जनहानि नहीं होनी चाहिए।इसके लिए जो भी आवश्यक कदम हैं, उठाये जायें।लोगों को जनजागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर काम करे। वन अधिकारियों के विदेश दौरे पर रोक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशिक्षित QRT (Quick response team) को तत्काल फील्ड में भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

# बर्फबारी के बीच गंगाजल भरने गंगोत्री पहुंच रहे डाक कांवड़, महाशिवरात्रि को लेकर उत्साहित शिवभक्त

उत्तरकाशी, एजेंसी। गंगोत्री धाम के तीर्थपुरोहित संतोष सेमवाल ने बताया कि हर दिन मध्य प्रदेश सहित हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से कांवड़िये गंगोत्री धाम पहुंच रहे हैं। विशेष पूजा-अर्चना के बाद कांवड़िये जलभर कर अपने शिवालयों की ओर रवाना हो रहे हैं।

बर्फबारी के बीच शिव भक्त गंगोत्री धाम से गंगा जल भरने के लिए डाक कांवड़ लेकर पहुंच रहे हैं। आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि में जलाभिषेक के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों से कांवड़िये गंगोत्री से जलभर कर अपने शिवालयों को रवाना हो रहे हैं। प्रतिदिन 20 से 25 कांवड़िये गंगाजल भरने के लिए पहुंच रहे हैं। इस वर्ष फाल्गुन की शिवरात्रि कृष्ण पक्ष की चतुर्थदशी आठ मार्च को मनाई जाएगी, जिसके लिए डाक कांवड़िए बर्फबारियों की दुश्वारियों के बीच गंगोत्री धाम में गंगाजल भरने पहुंचे रहे हैं। गंगोत्री धाम के तीर्थपुरोहित संतोष सेमवाल का कहना है कि हर दिन मध्य प्रदेश सहित हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से कांवड़िये गंगोत्री धाम पहुंच रहे हैं। यहां पर विशेष पूजा-अर्चना के बाद कांवड़िये जलभर कर अपने शिवालयों की ओर रवाना हो रहे हैं। महाशिवरात्रि पर कांवड़िये अपने शिवालयों में गंगोत्री के गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। वहीं विगत तीन चार दिनों से हो रही बर्फबारी से माइनस जीरो



डिग्री तापमान भी कांवड़ियों की शिवभक्ति में रोड़ा नहीं बन रहा है। वहीं जो कांवड़िये गंगोत्री धाम नहीं पहुंच पा रहे हैं, वह धराली से जल भरकर मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास के दर्शन कर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो रहे हैं। हर्षिल थानाध्यक्ष उमेश नेगी का कहना है कि कांवडियों की गिनती अधिकारिक तौर पर नहीं हो रही है, लेकिन पिछले चार दिनों से डाक कांवड़िए गंगोत्री और धराली पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन 20 से 25 कांवड़िए पहुंच रहे हैं।

# चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर वायुसेना ने किया अभ्यास, विमान वापस आगरा एयरबेस हुआ रवाना

**चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी), एजेंसी।** भारत-चीन सीमा से लगा होने के चलते चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डा वायुसेना के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहां आज वायुसेना ने अभ्यास किया।

चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर वायुसेना ने अभ्यास किया। आगरा एयरबेस से वायुसेना का मल्टीपर्पज एएन 32 विमान पहुंचा। लैंडिंग और टेक ऑफ का आधे घंटे तक चार बार अभ्यास।फ किया गया। अभ्यास के बाद विमान वापस आगरा एयरबेस रवाना हुआ।

वायुसेना के इस अभ्यास के लिए एटीसी की टेक्निकल टीम गत रविवार शाम को ही चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर पहुंच गई थी।



अभ्यास के दौरान डॉक्टर, एंबुलेंस और फायर फाइटिंग टीम भी हवाई अड्डे पर तैनात रही।

बता दें कि उत्तरकाशी जनपद भारत-चीन सीमा से लगा होने के चलते ये हवाई अड्डा वायुसेना के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिसके चलते वायुसेना यहां समय-समय पर अपने हेलिकॉप्टर व विमानों की लैंडिंग और टेक ऑफ का अभ्यास करती रहती हैं।

# भीमताल डैम से हो रहे पानी के रिसाव की होगी रोकथाम

**नैनीताल, एजेंसी।** ब्रिटिश कालीन भीमताल डैम पर पड़ रही दरारें और डैम की दीवारों से हो रहे रिसाव की रोकथाम के लिए रविवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों और जांच दल के विशेषज्ञों ने डैम का निरीक्षण किया।

सिंचाई विभाग के एसडीओ सिंचाई दिनेश सिंह रावत और जांच दल की टीम ने डैम में पड़ रही दरारों का निरीक्षण किया। बताया कि सप्ताह भर के अंदर भीमताल डैम से हो रहे पानी के रिसाव की रोकथाम के लिए काम किया जाएगा।

बताया कि 140 साल से अधिक हो चुके भीमताल डैम की सुरक्षा दीवारों में जगह-जगह से दरारें पड़ने लगी हैं। इससे डैम के नीचे बसे नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों के आवासों के साथ ही आसपास के लोगों को खतरा बना हुआ है।

डैम के खतरे को देखते हुए पूर्व में सरकार और सिंचाई विभाग की ओर से वैज्ञानिकों की टीम निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप चुकी हैं। साथ ही पूर्व में डैम की मरम्मत के लिए आई मशीनों से डैम की ड्रिलिंग का काम पूरा कर लिया गया है। एसडीओ ने बताया कि रविवार को निरीक्षण करने के बाद रिसाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। डैम की दीवारों से हो रहे पानी के रिसाव को रोकने का काम किया जाएगा।

# डॉक्टरों का पहला उद्देश्य पैसा इकट्ठा करना नहीं, सेवा होना चाहिए; एक कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



डॉक्टर व नर्स सही मायने में तभी सफल माने जाएंगे, जब पेशेवर दक्षता के साथ-साथ करुणा दाया व सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य विद्यमान हो। एक अच्छा स्वास्थ्य कर्मी होने के लिए एक अच्छा इंसान होना भी जरूरी है। इसलिए डॉक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य धनोपार्जन नहीं, सेवा होना चाहिए। यह बातें सोमवार को देश के प्रथम महिला मेडिकल कॉलेज एलएचएमसी (लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज) के 107वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित दीक्षा समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कही।

डॉक्टरों के कार्यों की राष्ट्रपति ने की सराहना उन्होंने कोरोना के दौरान डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों के किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही एलएचएमसी से मेडिकल की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को डिग्रियां दी और कहा कि मेडिकल शिक्षा का प्रमाण पत्र हासिल करने वाली बेटियां जहां भी जाएंगी, वहां उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेंगी। उन्होंने कहा कि लड़कियों को आज भी शिक्षा के लिए कई तरह की सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनने वाली लड़कियों से कहा कि उनकी सफलता महिला सशक्तिकरण को को गति देगी और सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने का काम करेगी। उन बेटियों की सफलता समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने एलएचएमसी और उससे जुड़े अस्पतालों द्वारा मेडिकल शिक्षा और चिकित्सा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एलएचएमसी को आर्गेन ट्रांसप्लांट रिट्रीवल सेंटर के रूप में भी पंजीकृत कर लिया गया। आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं है।

इसका कार्य क्षेत्र व्यापक हो गया है। चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण फिजिकल, डिजिटल और बायोलॉजिकल क्षेत्र के बीच की खाई कम हो रही है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग, जीन एडिटिंग जैसे नई तकनीक सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान तलाशने में मददगार हो रही है, लेकिन इन तकनीकों के दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉक्टर अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के साथ काम करेंगे और एकीकृत दृष्टिकोण से स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे।

मेडिकल कॉलेजों में बढ़ाई गईं सीटों की संख्या उन्होंने कहा कि किसी भी देश की चिकित्सा सुविधाओं का स्तर उसके विकास का सूचक होता है। आज भी देश में डॉक्टर व नर्सों की संख्या आदर्श मानकों से कम है। देश की अधिकतम आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में होने के बावजूद चिकित्सा सुविधाएं शहरी क्षेत्रों में केंद्रित है। केंद्र सरकार ने मेडिकल शिक्षा को व्यापक बनाने के लिए मेडिकल की सीटें बढ़ाने व नई मेडिकल कॉलेज खोलने का काम किया है। डॉक्टर को लोग भगवान समझते हैं।

इसलिए इसे नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए इसके अनुसार डॉक्टरों को आचरण करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने अंगदान को बढ़ावा देने की अपील की और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा की।

# दिल्ली में तापमान 7.6 डिग्री, कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता खराब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से तीन डिग्री कम है। पिछले हफ्ते न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया था। आईएमडी के सोमवार के पूवार्नुमान के अनुसार, अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान फिर से 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने कहा कि आम तौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। शहर के कई स्टेशनों पर सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता खराब और मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार इलाके में सुबह 9 बजे पीएम 2.5 का स्तर बहुत खराब श्रेणी में 329 दर्ज किया गया और पीएम 10 का स्तर 251 पर पहुंच गया।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पीएम 2.5 का स्तर 74 दर्ज किया गया, जिसे संतोषजनक माना जाता है और पीएम 10 का स्तर 148 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर 8 में पीएम 2.5 का स्तर 260 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है।

# आवारा कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाली बच्ची के परिजन से मिले केजरीवाल



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आवारा कुत्तों के हमले से जान गंवाने वाली बच्ची के परिजनों से सोमवार को मिलकर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

श्री केजरीवाल ने इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दुखद जताया। उन्होंने मृतक बच्ची के परिजनों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और उनकी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। बच्ची के परिजनों से मुलाकात के बाद श्री केजरीवाल ने एक्स पर बताया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के धोबी घाट इलाके में शनिवार को कुछ आवारा कुत्तों के हमलों में दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी। आवारा कुत्तों का खुलेआम रिहायशी इलाकों में घूमना बेहद गंभीर मामला है। एनडीएमसी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस समस्या का तुरंत समाधान करें। बच्चों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा बहुत जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे की यह घटना है। एनडीएमसी इलाके में तुगलक लेन के चमन घाट में करीब दो वर्षीय बच्ची पर घर के बाहर कुछ आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इसमें बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई थी। घर में बच्ची को न पाकर परिजन उसकी तलाश करने लगे तो घर के बाहर कुछ कुत्ते बच्ची पर हमला करते हुए दिखे। परिजनों ने कुत्तों से बच्ची को मुक्त कराया और गंभीर हालत में उसे सफदरजंग अस्पाल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में माना- यूटूबर ध्रुव राठी का वीडियो रीट्वीट कर गलती की

- हाई कोर्ट ने इस केस में अरविंद केजरीवाल को तलब करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा आईटी सेल को लेकर यूटूबर ध्रुव राठी के ट्वीट को रीट्वीट करने पर केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्होंने वीडियो रीट्वीट कर गलती की है। अगर उन्हें पता होता कि अगर इसका परिणाम ऐसा होगा तो वे ऐसा नहीं करते। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने केजरीवाल को राहत देते हुए राऊज एवेन्यू कोर्ट को निर्देश दिया कि जब तक ये मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तब तक वो न तो सुनवाई करेगा और न ही केजरीवाल के खिलाफ कोई निरोधात्मक आदेश पारित करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट में शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि जब केजरीवाल ने गलती मान ली है तो अब क्या केस बंद कर सकते हैं। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने कहा कि वे केजरीवाल की माफी पर निर्देश लेकर कोर्ट को बताएंगे।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 5 फरवरी को कहा था कि किसी के बारे में अपमानजनक सामग्री को रीट्वीट करना मानहानि के बराबर है। अरविंद केजरीवाल के अच्छी-खासी संख्या में फॉलोअर्स हैं और वो वीडियो को रीट्वीट करने के नतीजों को बखूबी समझते हैं। अगर एक राज्य का मुख्यमंत्री किसी ट्वीट को बिना वेरिफाई किये रीट्वीट करता है तो ये मानहानि वाले कंटेंट को बढ़ावा देना ही है। हाई कोर्ट ने इस केस में अरविंद केजरीवाल को तलब करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। इसके पहले 30 अक्टूबर 2019 को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने विकास सांकृत्यायन की आपराधिक मानहानि शिकायत पर समन किए जाने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देनेवाली केजरीवाल की अर्जी खारिज कर दी। सेशंस कोर्ट के आदेश को केजरीवाल ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट में शिकायत में विकास ने सांकृत्यायन कहा कि उनके खिलाफ गलत आरोप वाले ट्वीट को केजरीवाल ने भी रिट्वीट किया था।

याचिका में कहा गया है कि 6 मई, 2018 को ध्रुव राठी के यू-ट्यूब चैनल पर पर भाजपा आईटी सेल पार्ट-2 नामक एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें कई झूठी और अपमानजनक बातें कही गई थीं। उसमें कहा गया था कि विकास सांकृत्यायन भाजपा आईटी सेल का सेकेंड-इन-कमांड है। उसमें विकास पर आरोप लगाया गया है कि आई सपोर्ट नरेन्द्र मोदी के पेज के जरिये फेक यानी झूठी खबरें प्रसारित की जाती हैं। वीडियो में कहा गया है कि विकास पांडे ने किसी अभिषेक मिश्रा के जरिये महावीर प्रसाद को 50 लाख रुपये रिश्वत की पेशकश की थी। विकास ने अपनी याचिका में कहा है कि वीडियो में लगाए गए आरोप झूठे हैं और उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इन आरोपों से समाज में उनकी छवि खराब हुई है। इस वीडियो को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिना उसकी तहकीकात किए उसे रीट्वीट कर दिया। केजरीवाल के देश-विदेश में बड़ी संख्या में फॉलोवर्स हैं। इस मामले में विकास और अभिषेक कुलश्रेष्ठ ने अपने बयान दर्ज कराए थे। विकास ने अपनी याचिका के पक्ष में ट्वीट किए गए वीडियो की पूरी ट्रांसक्रिप्ट कोर्ट में पेश की, जिसके आधार पर ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को समन करने का आदेश दिया था।

# जीजा से दुर्व्यवहार का बदला लेने के लिए हत्या

नई दिल्ली। स्वरूप नगर इलाके में एक शख्स ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर रविवार को युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि जीजा से दुर्व्यहार का बदला लेने के लिए हत्या की थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खड्डा कॉलोनी में 59 वर्षीय पुष्पा अपने दो बेटों के साथ रहती थी। छोटा बेटा 25 वर्षीय जतिन लिबासपुर स्थित कूकर फैक्टरी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि जतिन रविवार को बाजार से सामान लाने के लिए बाहर निकला था। काफी देर हो गई और वह नहीं लौटा तो पुष्पा बेटे की खोज में निकलीं। अभी वह अपनी गली में आगे बढ़ीं तो देखा कि भीड़ लगी हुई है। वहां उन्होंने जतिन को खून से लथपथ हालत में देखा। उन्होंने पड़ोस में रहने वाली अपनी ननद जयरानी देवी को बुलाया। दोनों एम्बुलेंट में जतिन को बीएसए अस्पताल में ले गए। रास्ते में युवक ने मां को बताया कि अमन, रवि और आकाश ने उसे चाकू मारा है। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मां के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया। एसीपी स्वरूप नगर अरविंद सागर की देखरेख में एसएचओ आलोक कुमार की टीम ने तीनों को रविवार रात से सोमवार तक दबोच लिया। पूछताछ में अमन ने बताया कि उसके जीजा के साथ जतिन ने दुर्व्यहार किया था। इसी का बदला लेने के लिए उसने हत्या की। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# दिल्ली मॉडल पूरे देश को दिशा दिखा रहा है: केजरीवाल

**केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लगभग चार से पांच लाख छात्रों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला मांगा**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली का शासन मॉडल शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के मामले में पूरे देश को दिशा दिखा रहा है। केजरीवाल ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान इन तीनों क्षेत्रों में दिल्ली सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

संबोधन शुरू करने से पहले, मुख्यमंत्री ने सदस्यों से आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को सलाम करने को कहा, जिन्हें पिछले साल इसी दिन दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था।

केजरीवाल ने कहा, आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली में इतने काम किए हैं जो पिछले 75 वर्षों में नहीं हुए थे। आज दिल्ली मॉडल पूरे देश को दिशा दिखा रहा है। मैं तीन क्षेत्रों झ्र स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली के बारे में बात करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लगभग चार से पांच लाख छात्रों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला मांगा है।

उन्होंने कहा, अगर हम दिल्ली में गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं, तो यह देश में भी किया जा सकता है। विभिन्न राज्यों में सरकारी स्कूल क्यों बंद किए जा रहे हैं? दिल्ली के अलावा देश शिक्षा के निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। देश में 17 लाख छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए केवल पांच लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उन्होंने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना बीमा को सबसे बड़ा घोटाला बताया।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने एक दिन पहले दिल्ली में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए कहा था।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमने दिल्ली में हर किसी के लिए इलाज मुफ्त कर दिया है। वे कहते हैं कि यहां आयुष्मान भारत योजना लागू करें। आयुष्मान भारत सबसे बड़ा घोटाला है। यह क्या कहता है? हम आपको एक बीमा कार्ड देंगे और यदि आप अस्पताल में भर्ती होते हैं, तो आपके परिवार को एक साल के लिए पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलेगा। वह बीमा लेकर क्या करेगा। उन्होंने आरोप लगाया, वे सरकारी अस्पतालों को बंद कर रहे हैं और लोगों को कार्ड सौंप रहे हैं। यह लोगों को निजी अस्पतालों की ओर धकेलने का कदम है।केजरीवाल ने इस बात पर भी जोर दिया कि अन्य राज्यों के विपरीत, दिल्ली में लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती है।

# मशहूर गजल एवं पार्श्व गायक पद्मश्री पंकज उधास के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया

- गजल गायिकी को घर- घर तक पहुंचाने में पंकज उधास का महत्व पूर्ण योगदान: डॉ.दयानंद वत्स भारतीय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी फाउंडेशन ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि गजल गायिकी को घर- घर तक पहुंचाने में पंकज उधास का महत्व पूर्ण योगदान रहा। उनके चेहरे से विनम्रता और सौम्यता साफ झलकती थी। उनकी गायकी सीधे दिल में उतरने वाली थी। फिल्म नाम में उनका गाया गीत चिट्ठी आई है उस दौर का सबसे मर्मस्पर्शी गीत बन गया था। उसके बाद थोड़ी थोड़ी पिया करो, सोने जैसा रंग है तेरा चांदी जैसे बाल, एक तू ही धनवान है गोरी बाकि सब कंगाल ने लोकप्रियता के सारे रिकॉर्ड तोड दिए। ना करें की धार, रिश्ता तेरा मेरा, एक तरफ उसका घर, छुपाना भी नहीं आता जैसी अनेकों गजलों से अपने करोड़ों प्रशंसकों का दिल जीतने वाला पंकज उधास आज सबको उदास कर इस दुनिया से चला गया है। वत्स ने कहा कि पंकज उधास के निधन से गजल गायिकी की जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है। पंकज उधास अपने गीतों और गजल एल्बमों से के माध्यम से सदैव श्रोताओं के दिलों में अमर रहेंगे।

# सड़क पार कर रही मां-बेटी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जिले में लालकुआं के पास रविवार रात अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में दो साल की मासूम की मौत हो गई है। घायल महिला का दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। विजयनगर की संघर्ष कॉलोनी निवासी अमित कुमार की पत्नी बानी उर्फ मोनिका अपनी दो साल की बेटी भूविका के साथ मेरठ बहन के घर गई थीं। रविवार रात करीब नौ बजे वह बेटी को लेकर बस से लालकुआं के पास उतरीं। मोनिका के बहनोई मनोज के मुताबिक सड़क पार करते हुए मां-बेटी को कार ने टक्कर मार दी।

**कार चालक मौके से फरार**

टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रुप से दोनों घायलों को एमएमजी जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां से दोनों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्ची भूविका को मृत घोषित कर दिया। मोनिका के दोनों पैरों में चोट है।

# आबकारी घोटाले के लिए बापू से क्षमा मांगें केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लगभग एक वर्ष पहले आबकारी घोटाले के आरोप में जेल जाने वाले मनीष सिसोदिया के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारत रत्न देने की मांग करते थे। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार के लिए महात्मा गांधी से क्षमा मांगने की जगह मुख्यमंत्री अपने लिए नोबेल पुरस्कार की मांग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपित से पहले त्याग पत्र और उसके बाद जांच होने की मांग करने वाले अब जांच में सहयोग देने को तैयार नहीं हैं। ईडी के सामने पेश होने से बचने के लिए बहाने बना रहे हैं।

स्कीम लाकर घोटाले की तैयारी

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि इस सरकार में दवा से लेकर दारू तक, मोहल्ला क्लीनिक से लेकर शराब के ठेके तक, टेस्ट से लेकर क्लास रूम तक, बस से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक भ्रष्टाचार हुआ है। शराब के साथ पानी में भी घोटाला किया गया है। दिल्ली जल बोर्ड के कई वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब वन टाइम सेटलमेंट योजना लाकर घोटाला करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि 10 लाख लोगों को गलत बिल भेजे गए हैं। उन्हें राहत देने के लिए दिल्ली सरकार को काम नहीं करने दिया जाता है। 2016 में नया सॉफ्टवेयर लाने की घोषणा सत्ता में आने से पहले पानी के ज्यादा बिल के लिए एयर फ्लो मीटर को दोषी इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते थे। ज्यादा बिल समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2016 में नया सॉफ्टवेयर लाने की घोषणा की थी। न तो एयर फ्लो मीटर हटाया गया और न नया सोफ्टवेयर का प्रयोग हुआ। अब भी लोगों के घरों में गलत बिल पहुंच रहे हैं। यदि मुख्यमंत्री को उपभोक्ताओं की चिंता है तो सभी का बिल शून्य कर देना चाहिए।

# हिट एंड रन मामले में फरार लग्जरी कार चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हिट एंड रन मामले में फरार लग्जरी कार चालक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। 23 फरवरी की शाम पांच बजे तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी थी। राहगीरों ने उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी कार चालक की पहचान की और ग्रेटर कैलाश स्थित उसके घर से उसे पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 44 वर्षीय मोहम्मद तमन्ना समसपुर रोड, पटपड़गंज में रहता था। वह प्रिंटिंग प्रेस में मार्केटिंग का काम करता था। हादसे के समय वह गुरुग्राम से अपने घर पटपड़गंज जा रहा था। महिपालपुर के पास धौलाकुआं जाने की तरफ आरोपी कुणाल कंवर ने तेज रफ्तार कार से तमन्ना की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसकी मौत हो गई थी। एसआई अनिल कुमार की टीम ने राहगीरों से मिले आरोपी की कार के रंग और अंतिम चार नंबरों की मदद से जांच शुरू की। इस नंबर और रंग की दिल्ली में सात लग्जरी गाड़ियां मिलीं। सातों के मालिकों की जानकारी निकाली गई तो पता चला कि आरोपी कुणाल की लोकेशन हादसे वाली जगह पर थी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जुटाई और ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में रहने वाले आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया।

# विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हो रहा पीएमएलए कानून का दुरूपयोग: आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने कहा है कि धनशोधन निवारण (पीएमएलए) कानून आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बनाया गया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इसका दुरूपयोग कर रही है।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि ठीक एक साल पहले दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ़्तार किया गया था। उन्हें पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ़्तार किया, फिर कुछ ही दिनों बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ़्तार किया। एक ऐसा व्यक्ति, जिसने दिल्ली के लाखों बच्चों को एक बेहतर भविष्य देने के लिए दिन-रात मेहनत की, वह एक साल से जेल में है।

सुश्री आतिशी ने कहा कि इस तथाकथित शराब घोटाले की जांच दो साल से हो रही है। दो साल से ईडी और सीबीआई के 500 अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। दिल्ली के हर हिस्सों में हजारों छापे मारे गये। इस दौरान श्री सिसोदिया के घर, गांव, कार्यालय और लॉकर खंगाल लिए गए, लेकिन दो साल के बाद भी इस तथाकथित घोटाले में एक रुपए की बरामदगी नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि श्री सिसोदिया को जमानत नहीं मिल रही तो उसका सिर्फ. और सिर्फ.एक ही कारण पीएमएलए है। यह देश का एकमात्र ऐसा कानून है, जिसमें जमानत मिलना लगभग असंभव है। इस कानून को आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बनाया गया था लेकिन आज पूरा देश जानता है कि की इसका प्रयोग विपक्ष की पार्टियों पर हमले करने के लिए हो रहा है। आज ईडी और पीएमएलए का प्रयोग विपक्ष के नेताओं पर केस करने के लिए हो रहा है। विपक्ष के नेताओं को एक-एक करके जेल में डालने और जमानत नहीं देने के लिए हो रहा है।

वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से विपक्षी पार्टियों को दबाने की हर कोशिश हो रही है, जनता इस अन्याय को देख रही है। भाजपा ने राजनीति की नैतिकता को बिल्कुल निचले स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने राजनीति के अंदर जो ये श्रंखला शुरू की है, उससे देश की राजनीति को जो आघात लगा है वह लोगों को दशकों तक परेशान करेगा। लोग याद करेंगे कि एक ऐसी भी सरकार थी जिसने अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ इस तरह कृत्य किए, जिसके बाद देश की दुश्मनी, क्रूरता और बदले लेने वाली राजनीति की शुरूआत हुई।

# एएटीएस ने बड़े स्नैचर गिरोह का किया भंडाफोड़, 73 मोबाइल के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




वेस्ट जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड यानी एएटीएस की टीम ने बड़े स्नैचर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक स्नेचर और उनसे मोबाइल खरीदने वाले दो रिसीवर को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 73 मोबाइल फोन बरामद किया है. डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अविनाश उर्फ अविनाश उर्फ अभिमन्यु है. इस पर पहले से 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं. इससे मोबाइल खरीदने वाले दो रिसीवर नवीन कुमार और अर्जुन शंकर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इन दोनों पर पहले से 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं. डीसीपी ने बताया कि 16 फरवरी को वेस्ट जिले के अलग-अलग इलाके में स्नैचिंग की कई वारदातें हुई, जिसमें पुलिस को यह जानकारी मिली कि इस स्नेचिंग की अलग-अलग वारदात को एक ही ग्रुप के अपराधियों ने अंजाम दिया है. इसके बाद एएटीएस में तैनात इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई. टीम ने इस दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को चेक किया.जांच के दौरान टीम को आरोपी की जानकारी मिली. साथ ही यह भी पता चला कि वह पहाड़गंज के मुल्तानी ढाढा इलाके में आने वाले हैं और इस खुफिया जानकारी के आधार पर एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड की टीम ने जाल बिछाया और जब मुख्य आरोपी अविनाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया तो पहाड़गंज इलाके में उसे रोका गया और गिरफ्तार किया गया. उसकी निशानदेही पर ही दोनों रिसीवर तक पुलिस टीम पहुंची और उसे गिरफ्तार किया. इन लोगों के पास से कुल 73 मोबाइल फोन बरामद किया गया है. पुलिस के अनुसार, जो रिसीवर गिरफ्तार किए गए हैं वह दोनों करोल बाग के गफ्फार मार्केट में मोबाइल बेचने का काम करते थे. धीरे-धीरे इनका संपर्क इन स्नैचरों से हुआ. इससे यह सस्ते में मोबाइल खरीद कर उसे महंगे दाम पर बेचा करते थे. मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट जिले के अलग-अलग थाना इलाके में दर्ज 29 आपराधिक मामलों को पुलिस ने सुलझा लिया है.

# प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में काम कर रहे : मेयर

- इस अनूठे सेल्फी प्वॉइंट में 200 रिसाइकल प्लास्टिक बोतलों से बनी ईकोब्रिक्स का उपयोग किया गया है।

नई दिल्ली। निगम मुख्यालय में रिसाइकिल प्लास्टिक बोतलों से बनाए गए सेल्फी प्वॉइंट का मेयर डॉ. शैली ओबरॉय सोमवार को उद्घाटन किया। मेयर ने कहा कि नगर निगम दिल्ली को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इस अनूठे सेल्फी प्वॉइंट में 200 रिसाइकल प्लास्टिक बोतलों से बनी ईकोब्रिक्स का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में इस तरह के इको फ्रेंडली सेल्फी प्वॉइंट बनाए जाएंगे। बोतलों से बनी ईकोब्रिक्स का उपयोग कर एमसीडी साइनेज बनाया गया है। मेयर ने जनता से भी अपील की कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें और दिल्ली को स्वच्छ, हरित बनाने में नगर निगम का सहयोग करें। इस अवसर पर निगम के अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

# तीन दिन मध्यम श्रेणी में ही बना रहेगा एक्यूआई

नई दिल्ली। राजधानी में सोमवार को प्रदूषण के स्तर में मामूली गिरावट देखने को मिली। रविवार को जहां दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 192 अंकों पर रहा था, सोमवार को यह 170 दर्ज किया गया। अगले तीन दिनों तक भी हवा के मध्यम श्रेणी में ही बने रहने की संभावना है। राजधानी में तापमान बढ़ने के साथ ही हवा की रफ्तार में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कणों के बिखराव में तेजी आई है। एक्यूआई में सुधार के चलते दिल्ली से ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियों को हटाया जा चुका है। वहीं, पहले चरण की पाबंदियों को हटाने पर भी विचार चल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में हवा की रफ्तार बढ़ेगी। साथ ही हल्की बारिश की भी संभावना है। इसके चलते प्रदूषण में कमी आएगी।

## खराब श्रेणी में सात इलाकों की हवा

सोमवार को एनएसआईटी द्वारका सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 257 दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम प्रदूषित क्षेत्र चांदनी चौक रहा, जहां एक्यूआई 102 दर्ज किया गया। सोमवार को दिल्ली के सात इलाकों में प्रदूषण खराब श्रेणी में रहा।

# भाजपा का आप पर बड़ा आरोप, कहा- विपक्ष के प्रस्ताव को सदन में नहीं रखा जाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की सोमवार को हुई बैठक में विपक्षी भाजपा पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया. इसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई. इसे लेकर भाजपा पार्षद संदीप कपूर ने कहा, सदन को चलाना सत्ता पक्ष का काम है. हाउस को चलाने में सत्ता पक्ष लगातार विफल हो रहा है. विपक्ष के साथ प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की जाती है. विपक्ष के प्रस्ताव को हाउस में नहीं रखा जाता है. जिसके बाद जनता की आवाज को सदन में रखना यही एक विकल्प रह जाता है. संदीप कपूर ने कहा, आज भी विपक्ष की प्रस्ताव को नहीं रखा गया. प्रत्येक वर्ष हाउस टैक्स में छुट की स्कीम लाई जाती रही है. इसके तहत इंटरेस्ट और पेनाल्टी में छूट दी जाती थी. लेकिन इस बार छूट नहीं दी गई. उन्होंने कहा, आवारा पशु के हमले से एक व्यक्ती की दर्दनाक मौत हो गई, इसके लिए दिल्ली नगर निगम जिम्मेदार है. बीते 1 सालों से दिल्ली नगर निगम ने आवारा पशुओं के रोकथाम के लिए कोई काम नहीं किया है.कपूर ने कहा कि भाजपा की मांग है कि पशु के हमले में मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए. गौशाला की संख्या बढ़ाई जाए, पशुओं को उठाने के लिए गाड़ियों की संख्या भी बढ़ाई जाए. दिल्ली नगर निगम की तरफ से व्यापारियों पर तरह-तरह के टैक्स लगाए जा रहे हैं. साइन बोर्ड के नाम पर वसूली की जा रही है.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



# ईडी के सामने कब पेश होंगे केजरीवाल? दिल्ली सीएम ने खुद बताया, इंडिया पर भी दिया ये बयान

- कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन को नजरअंदाज कर दिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक ईडी के सात समन से बच चुके हैं। अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने आरोप लगाया है कि ईडी द्वारा जारी समन अवैध थे। वहीं सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर एजेंसी को अपनी शर्तों का पालन करना था तो पहले अदालत में क्यों गए? हम अदालत में नहीं गए लेकिन ईडी गई। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन को नजरअंदाज कर दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए। आप गठबंधन नहीं तोड़ेगी- केजरीवाल- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी का समन आईएनडीआईए ब्लॉक छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक टूल है। आम आदमी पार्टी गठबंधन नहीं तोड़ेगी। अगर अदालत उन्हें ऐसा करने के लिए कहेगी तो वह जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे। इससे पहले दिन में आप ने कहा था कि केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं होंगे और एजेंसी को समन भेजने के बजाय अदालत के आदेश का इंतजार करना चाहिए। 16 मार्च को कोर्ट में केजरीवाल की पेशी- बता दें कि अरविंद केजरीवाल द्वारा बार-बार समन को दरकिनार करने पर ईडी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया। हालांकि, इससे पहले ईडी ने अरविंद केजरीवाल को सातवां समन जारी करके 26 फरवरी को पेश होने को कहा था। सात समन को केजरीवाल कर चुके नजरअंदाज- दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक ईडी के सात समन से बच चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत कहेगी कि जाओ, तो मैं जाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने आरोप लगाया है कि ईडी द्वारा जारी समन अवैध थे। ईडी के सातवें समन पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में उल्लेख किया कि बजट सत्र चल रहा है और उन्हें 16 मार्च तक का समय चाहिए।

# नाबालिग से बलात्कार: हाई कोर्ट का दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी, पत्नी को जमानत देने से इनकार

- आरोप है कि खाखा ने 16 वर्षीय लड़की से कई बार बलात्कार किया था और उसकी पत्नी ने उसे गर्भपात के लिए दवा दी थी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को बलात्कार के एक मामले में दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी को डिफॉल्ट जमानत देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि खाखा ने 16 वर्षीय लड़की से कई बार बलात्कार किया था और उसकी पत्नी ने उसे गर्भपात के लिए दवा दी थी। खाखा ने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। आरोपी ने तर्क दिया था कि उसके खिलाफ दायर आरोप पत्र अधूरी जांच पर आधारित था। उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने जमानत याचिका खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के आदेश की पुष्टि की और कहा कि फैसले में कोई खामी नहीं है। अदालत ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आरोप पत्र दायर करने से पहले पुलिस द्वारा पर्याप्त जांच की गई थी। अदालत ने टिप्पणी की, ह्वचार्जशीट 11 अक्टूबर 2023 को दायर की गई थी और ट्रायल कोर्ट ने 8 नवंबर, 2023 को संज्ञान लिया था। निस्संदेह, पर्याप्त जांच पूरी हो चुकी है ह्वट्रायल कोर्ट ने पिछले साल कहा था कि आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रथम दृष्टया पर्याप्त सामग्री थी। तीस हजारी अदालत की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) ऋचा परिहार ने पुलिस को आरोपियों को आरोप पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। खाखा और उनकी पत्नी सीमा रानी दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने अगस्त 2023 में दंपति से उनके आवास पर कई घंटों तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में उप निदेशक 51 वर्षीय खाखा को पद से निलंबित कर दिया गया था। दंपति बुराड़ी इलाके के शक्ति एन्क्लेव का रहने वाला है। इससे पहने पीड़िता ने शहर के एक अस्पताल में मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज अपने बयान में कहा था कि आरोपी ने कथित तौर पर 2020 और 2021 के बीच पीड़िता के साथ बार-बार बलात्कार किया।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी को एक साल पूरा होने के मौके पर राजघाट पहुंचे केजरीवाल और आप नेता

- उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ शिक्षा मंत्री भी रहे सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया था

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के कई अन्य नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को राजघाट पहुंचे। उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ शिक्षा मंत्री भी रहे सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया था। आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक समेत कई नेता केजरीवाल के साथ राजघाट पहुंचे। राजघाट पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा, पिछले साल आज ही के दिन केंद्र सरकार ने हमारी सरकार के सबसे क्षमतावान शिक्षा मंत्री को एक झूठे मामले में गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिसोदिया ने ही राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया। केजरीवाल ने दावा किया, मनीष सिसोदिया ने राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया और 75 साल बाद उम्मीद जगाई। लेकिन उनके जैसे नेता को झूठे मामले में फंसा दिया गया। अगर वह भाजपा में शामिल हो गए होते, तो उनके खिलाफ मामले वापस ले लिए गए होते। उन्होंने कहा, लेकिन सिसोदिया ने सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़ने का फैसला किया।

# फ्लेमलेस फीस्ट में बनाए अनेक व्यंजन




जितेन्द्र शर्मा-

दिल्ली। द्वारका स्थित वेगस मॉल के तत्वावधान में सेंट्रल पियाजा में खाना पकाने की प्रतियोगिता ह्वफ्लेमलेस फीस्टह्व का आयोजन किया गया। बिना आग के खाना पकाने की इस प्रतियोगिता में छह सेलिब्रिटी शेफ महिंदर खैरिया, शेफ अजय कुमार सूद, शेफ बालेंद्र सिंह, शेफ तरूण, शेफ संजीब घटक और शेफ हरमीत कौर की उपस्थिति ने अपनी विशेषज्ञता दिखाई जिससे इस प्रतियोगिता में चार चांद लग गए। इस पाक कला उत्सव में कई प्रतिभागी शामिल हुए और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के स्वादिष्ट व्यंजनों ने उनके समर्पण और पाक अनुभव के सार को दशार्या। यह आयोजन मनोरंजक गतिविधियों से भरा रहा। इस मौके पर वेगस मॉल के वाईस प्रेसिडेंट रविंदर चौधरी ने कहा, हम इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाने वाले प्रतिभागियों के उत्साह को देखकर हम काफी रोमांचित थे। हमें प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ की उपस्थिति से सम्मानित महसूस हुआ। हमारे प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का उपस्थित लोगों ने लुत्फ उठाया।

## दिल्ली डिवीजन के 8 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 554 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया जाएगा. 1500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास बनाए जाएंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दूसरे चरण में इन रेलवे स्टेशनों, आरओबी व आरयूबी के निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया. पहले चरण में पिछले साल 2023 में देश के 508 रेलवे स्टेशनों के निर्माण और शिलान्यास किया गया था. अमृत भारत स्टेशन के तहत इनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है. दिल्ली डिवीजन के 8 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्पः आज जिन रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण का लोकार्पण किया गया. उनमें दिल्ली डिवीजन के 8 रेलवे स्टेशन हैं. इन स्टेशनों में तिलक ब्रिज, बल्लभगढ़, पलवल, फरीदाबाद न्यू टाउन, गुरुग्राम, गोहाना, मेरठ सिटी और मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

# आईआईटी दिल्ली ने आर सिस्टम्स के साथ किया एमओयू साइन




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। डिजिटल उत्पाद इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी समाधान में वैश्विक अग्रणी आर सिस्टम्स इंटरनेशनल लिमिटेड (एक ब्लैकस्टोन पोर्टफोलियो कंपनी) ने अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. आर सिस्टम्स आईआईटी दिल्ली में सस्टेनेबल सिस्टम के लिए एप्लाइड एआई पर उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करेगा. जिसमें एक अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशाला, एक संकाय अध्यक्ष के पद का सृजन और छात्रों के लिए योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति की शुरूआत शामिल होगी. यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने, नए जमाने के कौशल को बढ़ाने और गहन तकनीक विकसित करने के लिए आर सिस्टम्स की रणनीतिक प्राथमिकता को रेखांकित करती है. इस सीओई द्वारा उत्पादित कार्य से आर सिस्टम्स और आईआईटी दिल्ली दोनों की अनुसंधान और विकास क्षमताओं में वृद्धि होने की उम्मीद है. इस सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने एक स्थायी दुनिया के लिए भविष्य के अनुसंधान को तैयार करने में उभरती प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हमें आईआईटी दिल्ली में आर सिस्टम सीओई की स्थापना की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. टिकाऊ कंप्यूटिंग और सिस्टम भविष्य में बेहद महत्वपूर्ण होंगे. आर सिस्टम्स के साथ हमारे सहयोग के परिणामस्वरूप कंप्यूटिंग के नवीन दृष्टिकोण और अत्याधुनिक एआई तकनीकों का विकास होगा. प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने आगे कहा कि यह रणनीतिक निवेश और साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो एआई के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा. आर सिस्टम्स और आईआईटी दिल्ली के बीच यह सहयोग उद्योग-अकादमिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाएगा. जिसका उद्देश्य सैद्धांतिक अनुसंधान और एआई समाधानों के व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटना है. आर सिस्टम्स इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक नितेश बंसल ने कहा कोई कि आर सिस्टम्स सीओई एक आर एंड डी हब के रूप में काम करेगा, जो बड़े पैमाने पर वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करने के लिए संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ आर सिस्टम शोधकर्ताओं को ऐसे युग में एक साथ लाएगा. जहां उद्योग-अकादमिक सहयोग अपने सबसे रोमांचक चरण में है।

## एमसीडी सदन की बैठक जोरदार हंगामा, इस बार किन मुद्दों पर गमार्या माहौल?

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। एमसीडी सदन में एक बार फिर जमकर हंगामा देखा गया। भाजपा पार्षदों ने हाल ही में अलीपुर में आग लगने की घटना और खानपुर इलाके में आवारा मवेशियों के हमले पर जोरदार प्रदर्शन किया। इससे सदन की कार्यवाही 30 मिनट से भी कम समय तक चली। सदन की कार्यवाही आग लगने की घटना में 11 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करने के साथ शुरू हुई। विपक्ष के एक सदस्य ने विपक्ष के नेता राजा इकबाल सिंह की ओर से अग्निकांड के पीड़ित परिवारों और खानपुर में आवारा मवेशियों के हमले में मारे गए एक व्यक्ति के लिए एक शोक संदेश पढ़ा। जल्द भाजपा के पार्षदों ने बैनर और तख्तियां लेकर दोनों घटनाओं को लेकर आम आदमी पार्टी और आप के नेतृत्व वाली एमसीडी के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। कुछ पार्षद सदन के वेल तक आ गए और मेयर शेली ओबेरॉय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के बीच, मेयर शेली ओबेरॉय ने कहा कि सदन में पेश किए गए सभी एजेंडे पारित हो गए हैं। इसके साथ ही कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। दिल्ली बीजेपी ने शनिवार को मांग की थी कि आवारा मवेशियों के हमले में मरने वाले व्यक्ति के परिवार को एमसीडी को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देना चाहिए।

# नफे सिंह की हत्या में इस गैंग का हो सकता है हाथ

- कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी ग्रुप पर शक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या करने के मामले में दिल्ली पुलिस को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी ग्रुप पर शक है। उनकी हत्या रविवार को गोली मारकर हुई थी। वो इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक आला अधिकारी का कहना है कि नफे सिंह राठी वर्षों से हरियाणा में विवादित प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री से लेकर अन्य विवादित कामों में जुटे हुए थे, जिससे बड़ी संख्या में लोग इनके विरोधी हो गए थे। ऐसे लोग उनसे रंजिश मानने लगे थे। ये गैंग भी आपराधिक कामों में है शामिल कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी ग्रुप का भी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व पंजाब में ड्रग्स, रंगदारी वसूलने, सुपारी लेकर हत्या कराने, विवादित प्रॉपर्टी पर कब्जा व खरीद-बिक्री का काम है। ऐसे में अब तक की जांच में यह बात सामने आ रही है कि वारदात को प्रॉपर्टी आदि के मसले को लेकर रंजिश की वजह से ही अंजाम दिया गया हो। स्पेशल सेल लॉरेंस व काला जठेड़ी ग्रुप पर फोकस हत्या के लिए जिन स्वचालित हथियारों का उपयोग किया गया और जिस तरीके के प्रशिक्षित शूटरों से वारदात को अंजाम दिलवाया गया, ये सब लॉरेंस व काला जठेड़ी ग्रुप का ही कारनामा हो सकता है। इसलिए स्पेशल सेल व क्राइम ब्रांच की टीमें पहले इसी ग्रुप पर फोकस करते हुए जांच कर रही है। हत्या का मुख्य कारण प्रॉपर्टी विवाद भी स्पेशल सेल का कहना है कि बहादुरगढ़ में इसी ग्रुप का सबसे अधिक वर्चस्व भी है। जिस तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया, उससे यह भी माना जा रहा है कि यह हत्या वर्चस्व जमाने व राजनीति फायदे के लिए नहीं की गई है, बल्कि प्रॉपर्टी विवाद ही इसका मुख्य कारण हो सकता है। लॉरेंस के साथ कई गैंगस्टर जुड़े स्पेशल सेल की पांच व क्राइम ब्रांच की तीन टीमें फिलहाल शूटरों के बारे में पता लगाने में जुटी हुई है। लॉरेंस के साथ काला जठेड़ी, जितेंद्र उर्फ गोगी, कपिल सांगवान उर्फ नंदू व हाशिम बाबा आदि कई गैंगस्टर जुड़े हुए हैं। गोगी की कुछ साल पहले रोहिणी कोर्ट में हत्या हो चुकी है, जिससे इसका गिरोह अब दीपक बॉक्सर चला रहा है, वह भी जेल में बंद है गोल्डी बराड़ और लॉरेंस गिरोह ज्यादा सक्रिय कपिल सांगवान विदेश में है। लॉरेंस व काला जठेड़ी भी जेल में बंद है। प्रॉपर्टी व रंगदारी आदि को लेकर यह ग्रुप इन दिनों सबसे अधिक सक्रिय माना जा रहा है। इसी ग्रुप का गोल्डी बराड़ भी विदेश में रह रहा है। गोल्डी बराड़ व लॉरेंस गिरोह ने ही पिछले साल मई में पंजाब में कांग्रेस नेता व मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम दिया था। उक्त मामले में पहले कई बार रेकी करने के बाद सटीक मुखबिरी के आधार पर अंजाम दिया गया था। वारदात को ऐसे जगह पर अंजाम दिया गया ताकि शूटरों के हमले में मूसेवाला बच न पाए। ठीक उसी तरह से नफे सिंह राठी की भी हत्या की गई। मूसेवाला हत्याकांड में स्पेशल सेल ने ही सात-आठ मुख्य शूटरों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने गोलियां चलाई थी। बाद में पंजाब पुलिस ने साजिश रचने व शेल्टर देने में शामिल अन्य को गिरफ्तार किया था।

# केजरीवाल ने सिसोदिया को किया सैल्यूट, बताया- देशभर में मुफ्त शिक्षा और बिजली देने का प्लान



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा 15 फरवरी को दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया. सदन में मंत्री गोपाल राय ने यह प्रस्ताव पेश किया जिस पर करीब 1 घंटे की चर्चा हुई. सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने अपनी बात रखी और अंत में ध्वनिमत से यह प्रस्ताव पास हो गया. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चर्चा के अंत में अपना वक्तव्य रखा. जिसमें उन्होंने दिल्ली और पंजाब मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि जब दोनों ही राज्य में लोगों को मुफ्त बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली दी जा सकती है तो यह पूरे देश में भी संभव है. उन्होंने इन तीन क्षेत्रों में कुल 11.50 लाख करोड़ रुपये से मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और फ्री बिजली देने का प्लान बताया. मनीष सिसोदिया को सैल्यूट देकर किया यादः धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अंत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आज छोटे भाई मनीष सिसोदिया को इस सदन में याद करना चाहूंगा. देश के लिए उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है. केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया के जेल में होने का हम दुख नहीं मनाएंगे. हमें उन पर गर्व है. 75 साल में जो सरकार कुछ नहीं कर पाई शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने वह काम किया. अरविंद केजरीवाल ने कहा, ह्वउन्होंने (मनीष सिसोदिया) वो किया जो कोई सरकार नहीं कर सकी. इतिहास गवाह है कि जब-जब ऐसे लोग आकर सिस्टम को चुनौती देते हैं, उनके साथ ऐसा अन्याय होता है.ह्व अभिभाषण के दौरान बीजेपी विधायकों के व्यवहार की कि निंदाः केजरीवाल बोले उपराज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में मयार्दा बनाए रखना जरूरी है. आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ. इस बार और पिछली बार ऐसा हुआ था कि अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने काफी नारेबाजी की और विघ्न डाला. ये राजनीति में अच्छी बात नहीं है. इसकी वे इसकी निंदा करते हैं. उम्मीद करता हूं कि जो विपक्ष के साथी हैं, भविष्य के अंदर ऐसी हरकत नहीं करेंगे. दिल्ली व पंजाब मॉडल से देश भर में मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली देने का प्लानः अपने संबोधन में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली व पंजाब मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि 75 सालों में इन दोनों राज्यों में कोई भी सरकार वह नहीं कर पाई जो चंद वर्षों में आम आदमी पार्टी की सरकार कर रही है. जब दिल्ली और पंजाब में ये हो सकता है तो देश भर में शिक्षा, स्वास्थ्य और 200 यूनिट बिजली सभी देशवासियों को दी जा सकती है।

# आप-कांग्रेस के कई नेता भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीजेपी ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कई नेताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। दिल्ली बीजेपी के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में दिल्ली में इन सभी नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा है। आम आदमी पार्टी के जिन नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा उनमें बिंद्या मल्होत्रा शामिल हैं। विंद्या मल्होत्रा साल 2017 में रमेश नगर से एमसीडी का चुनाव लड़ चुकी हैं। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित पत्रकार वार्ता में पूर्व मेयर आरती मेहरा, विधायक अभय वर्मा, प्रदेश मंत्री हरीश खुराना एवं श्रीमति सारिका जैन, कार्यालय मंत्री बृजेश राय एवं अमित गुप्ता, शाहदरा, करोल बाग एवं महरौली जिलाध्यक्षों के आलावा पूर्व विधायक कमांडो सुरेन्द्र सहित आदि मंच पर उपस्थित थे। पश्चिम दिल्ली मटियाला विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रतिनिधि कृष्णा सहरावत, 2020 विधानसभा चुनाव में छतरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सतीश लोहिया, राजेन्द्र सिंह सहित प्रमुख नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाजपा में शामिल होकर प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री से 1650 ई-बसें मुफ्त मिलने से जुड़ा बिधूड़ी का बयान विशेषाधिकार समिति को भेजा गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सोमवार को नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के उस बयान को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने दिल्ली को 1650 इलेक्ट्रिक बसें मुफ्त में उपलब्ध कराईं। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए बिधूड़ी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली को 1,650 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक बसें मुफ्त उपलब्ध कराईं। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने तुरंत इस पर आपत्ति जताई और अध्यक्ष से बिधूड़ी के ह्वनिराधार बयान को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का आग्रह किया। गहलोत ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया, यह बयान पूरी तरह से गलत है। यह बहुत शर्मनाक है कि विपक्ष के नेता रिकॉर्ड पर आधारहीन बयान दे रहे हैं। इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने गहलोत के अनुरोध को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष का बयान विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) 10,000 करोड़ रुपये के घाटे में चल रहा है और उसने कोई नई बस नहीं खरीदी है। गहलोत की आपत्ति के बाद बिधूड़ी ने कहा कि केंद्र ने दिल्ली में 1,650 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 650 करोड़ रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा, मैं आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे मेरी उम्र का कुछ सम्मान करें। मेरे पास कैबिनेट मंत्री का दर्जा है और मैं एक संवैधानिक पद पर हूं। मैं दिल्ली के लोगों के बारे में बात कर रहा हूं। मुझे इतना अपमानित न करें। बिधूड़ी ने कहा कि उनके बयान को विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया है और अगर विधानसभा अध्यक्ष उन्हें निर्देश देंगे तो वह नेता प्रतिपक्ष और विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सदन को संबोधित करने के बाद धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया, हालांकि बिधूड़ी ने इसके खिलाफ वोट दिया।

# हर व्यक्ति का दर्द समझती है केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास समारोह के मौके पर आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सांसद हंसराज हंस ने रेलवे क्रॉसिंग खेड़ा कलां गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन सुनने के उपरांत वहां उपस्थित गांववासियों आदि को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है जो हर व्यक्ति का दर्द समझती है। दिल्ली से अमृतसर जाने के लिए एक रेलवे ट्रैक बिछाया जानी है जिससे 2000 परिवार बेघर हो जाते इसलिए हमने दिल्ली के उपराज्यपाल और माननीय रेल मंत्री से बात की और आज आपको जानकर खुशी होगी कि कोई भी बेघर नहीं होगा कोई घर नही टूटेगा। श्री सचदेवा ने कहा कि पिछले 9 सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को लूटने का काम किया है। दिल्ली के अंदर किसान सम्मान निधि योजना नहीं लागू है और तो और केजरीवाल सरकार दिल्ली के अस्पतालों में नकली दवाइयां, नकली जांच, मोहल्ला क्लिनिक में नकली मोबाइल नंबर और नकली नामो से लैब की रिपोर्ट बनाने का काम किया है।

## नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली जिले की नारकोटिक्स स्क्वाड की टीम ने एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान रविंद्र सिंह (37) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी रोहिणी नई दिल्ली के रूप में हुई है. आरोपी एक टैक्सी ड्राइवर है और चोरी व डकैती जैसे चार अपराधों में शामिल रहा है. गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से नारकोटिक्स स्क्वॉड ने भारी मात्र में शराब के साथ ही सप्लाई में इस्तेमाल की जाने वाली एक कार को भी बरामद किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 एवं 11 मार्च को होगी अभिषद् की बैठक

मधेपुरा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में अधिषद (सीनेट) की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित अभिषद् (सिंडिकेट) की दो बैठकों की तिथि घोषित कर दी गई हैं। अभिषद् की प्रथम बैठक 4 मार्च और दूसरी बैठक 11 मार्च को होगी। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों बैठकें कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में 1 बजे से निर्धारित है। उन्होंने बताया कि बैठक की कार्यसूची में गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि, अनुपालन प्रतिवेदन, वार्षिक बजट 2024-25 से संबंधित प्रक्रियाओं का अनुमोदन आदि पर विचार किया जाना शामिल है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी सदस्यों को वाट्सएप एवं ई. मेल और स्पीड पोस्ट से आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों के आंदोलन को ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन कर किया पुरजोर समर्थन

प्रात: किरण, संवाददाता




- वीर किसान बढ़े चलो, हम तुम्हारे साथ हैं, नारों को किया गया बुलंद
- किसानों के सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी दायरे में लायी जाय : किरण देव यादव
- किसानों की आत्महत्या पर विराम लगाये सरकार : डॉ कमल किशोर यादव
- सरकार द्वारा निर्देशित पुलिस द्वारा किसानों की हत्या पर 302 की मुकदमा दर्ज हो: मधुबाला

मानसी। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी अभियान पर देश बचाओ अभियान एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले वीर किसान आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं, नारों के साथ किसानों के आंदोलन को भरपूर समर्थन करते हुए खुटिया गांव से ट्रैक्टर मार्च निकालकर प्रदर्शन करते हुए मानसी बाजार होते हुए लोहिया चौक पर सभा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव एवं महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव अधिवक्ता, अभियान के संयोजक महिला नेत्री मधुबाला ने किया। ट्रैक्टर मार्च प्रदर्शन में दर्जनों किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं ने तिरंगा झंडा एवं ट्रैक्टर, बैनर के साथ जुझारू प्रदर्शन किया। प्रदर्शन सभा की अध्यक्षता करते हुए किसान नेता किरण देव यादव ने न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर कानूनी दायरे में लाने, सभी प्रकार का ऋण माफ करने एवं देने, सस्ते दर पर खाद बीज सिंचाई उपलब्ध कराने, आंदोलनरत किसानों पर लाठी गोली चलाकर आंसू गैस छोड़कर युद्ध जैसी हमला करने वाले पुलिस व सरकार पर 302 का मुकदमा दर्ज करने, सड़कों पर कील गाड़ने, दीवाल खड़ा करने पर कोर्ट के आदेश उल्लंघन करने वाले सरकार प्रशासन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, कृषि किसानी किसान को बचाने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने आदि सवालों पर किसान नेताओं ने पूंजीपरस्त भाजपा आरएसएस नीत मोदी की सरकार पर जमकर बरसे। किसान नेता कमल किशोर यादव ने किसानों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं से आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। किसान नेत्री मधुबाला ने 755 शहीद किसानों के आश्रितों को 50 50 लाख रुपए मुआवजा व नौकरी देने की मांग किया। प्रदर्शन सभा में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेता सह पूर्व सरपंच जयजय राम यादव, चंदन यादव, अभियान के सहकर्मी तितली भारती, मुक्ति यादव, अरुण यादव आदि दर्जनों नेताओं ने किसानों पर हो रहे जुल्म ए अत्याचार के खिलाफ मोदी सरकार पर आक्रोश व्यक्त किए।

# अधिकारी चाहते ही नहीं तो कैसे निपटे भूमि विवाद



प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा प्रखंड क्षेत्र में भूमि विवाद के मामले दर्जनों मे हैं। मारपीट के ज्यादातर मामले भूमि विवाद ही हैं। मारपीट के बाद भले ही थानों में मुकदमा दर्ज हो जाए। लेकिन समय रहते भूमि के विवाद नहीं निपटाए जाते हैं। मामलों की समाधान के बाद तो दूर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली ऐसे मामलों को और उलझा देती है। ताजा मामला बैजनाथपुर वार्ड नंबर 22 और 23 की बताई जा रही है।पिड़ीत सुरेन्द्र यादव ने भूमि विवाद को लेकर विभिन्न अधिकारियों एवं पुलिस शिविर बैजनाथपुर में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है लेकिन अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जा रही है जिसको लेकर पिड़ीत परिवार आत्महत्या करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि थाना नंबर 51 पुराना खाता 191,पुराना खेसरा 516,रकवा 12 कट्टा 7 धूर हैं। नया खाता 1136, व 81 हैं। भूमि विवाद मामला न्यायालय में दर्ज हैं, धारा 144 लगा हुआ है। लेकिन जोर जबरदस्ती उस जमीन पर खुले आम घर का निर्माण किया जा रहा है। अंचला अधिकारी से लेकर पुलिस प्रशासन भी नजर अंदाज किए हुए हैं।

# डॉव जूनियर स्कूल ने मनाया आठवां वार्षिकोत्सव

प्रात: किरण, संवाददाता



मुरलीगंज(मधेपुरा) शहर के झील चौक स्थित आवासीय डॉव जूनियर स्कूल का आठवां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। आठवें वार्षिक उत्सव के अवसर पर बच्चों के द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिवार द्वारा आयोजित इस डे नाईट कार्यक्रम का स्थानीय लोगों ने खूब आनंद लिया। वार्षिक उत्सव का उद्घाटन लायंस क्लब के अध्यक्ष नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रुपेश कुमार, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ मानव कुमार सिंह, ट्री मैन राम प्रकाश रवि, विद्यालय के डायरेक्टर पारस सर्राफ, प्रिंसिपल राहुल मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत गान की प्रस्तुति के साथ प्रारंभ हुई बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रात के 9:00 तक चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को फलदार पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तो वही स्वास्थ्य मंत्री बिहार के द्वारा दो बार सम्मानित हो चुके श्रृंगी ऋषि सेवा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य सागर यादव को सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जल जंगल बचाने की अभियान की शुरूआत कर सांसे ना होगी कम, क्योंकि पेड़ लगा रहे हैं हम का नारा गढ़ने वाले पर्यावरण प्रेमी ट्री मैन के नाम से मशहूर राम प्रकाश रवि को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मधेपुरा के चर्चित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार, खेल के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले जिला कबड्डी संघ के सचिव व अंतराष्ट्रीय प्रो कबड्डी के रेफरी अरुण कुमार और आर आर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक राजेश कुमार राजू सहित अन्य कई लोगों को बेहतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के डायरेक्टर पारस सर्राफ ने बताया कि पांच बच्चों से शुरू की गई मुरलीगंज का पहला प्ले स्कूल अब अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न आवासीय डव जूनियर स्कूल तक के सफर का 8 वर्ष पूरा हो गया और इसी उपलक्ष्य में आठवां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मौजूद दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। देश के विभिन्न जाति भाषा और उनके परिधान से परिचय कराते हुए विभिन्न राज्यों के क्षेत्रीय संस्कृति से भी रूबरू कराया गया। इसके साथ ही सामाजिक कुरीतियों और धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी झांकी भी प्रस्तुत की गई।

# बिजली विभाग आपके द्वार के तहत शिविर लगाकर किया समस्या का निदान




प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) सोमवार को फुलौत पूर्वी पंचायत सरकार भवन में बिजली विभाग आपके द्वार अभियान के तहत लगाए गए विशेष शिविर में बिजली बिल सुधार, बकाया राशि की भुगतान, जले मीटर को बदलने सहित नाम व पता सुधार करते हुए स्थानीय बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। विधुत कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन, सहायक अभियंता विजय कुमार, आईटी मैनेजर जय कुमार, कार्यपालक सहायक रमेश कुमार एवं मुन्ना कुमार, एजेंसी ऋछवएठळ ऋक्कऋ और मानव बाल के साथ विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें तीन सौ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के समस्या का निपटारा किया गया। इतना ही नहीं इस अभियान में पांच लाख रुपए से अधिक की वसूली भी की गयी। साथ ही साथ दस उपभोक्ता का २स्त्रङ्ग३ मीटर बदला गया।

# अनुकूल चंद्र की 136 वी जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

## अनुकुलचंद्र जी के तेल चित्र के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए अनुयायी

प्रात: किरण, संवाददाता



मुरलीगंज,मधेपुरा शहर के गोलबाजार स्थित सत्संग विहार परिसर में ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 136 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग विहार परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बूढ़े बुजुर्ग बच्चों एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा काशीपुर, गौशाला चौक, महावीर चौक, दुर्गा स्थान चौक, मिडिल चौक, हाट बाजार, अग्रसेन भवन रोड, गोलबाजार भ्रमण करते हुए पुनः सत्संग विहार पहुंचकर संपन्न हुई। ठाकुर अनुकुलचंद्र के जन्मोत्सव पर विभिन्न जगहों से वक्त पहुंचे हैं। जिसमें सहरसा से प्रताप नारायण सिंह, मधेपुरा से रघुवंश मिश्र, पूर्णिया से आगमन हुआ है।जन्मोत्सव में शहर के विभिन्न भागों एवं प्रखंड के विभिन्न पंचायत से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जन्मोत्सव के मंच संचालन रघुवंश मिश्रा ने किया। प्रार्थना, संगीतांजलि और धर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तों की भाड़ी भीड़ उमड़ी थी। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि हम लोग सत्संगी हैं। उन्होंने कहा की परम दयाल को लेकर चलो और चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी कर्ता-धर्ता वही है। उनकी सेवा करें। उन्होंने कहा प्रिय परम को लेकर चलने से जीवन सुखमय रहेगा । लोभ, लालच, ईशा त्याग कर मानव सेवा करो। उन्होंने कुछ बातें अनुकूल ठाकुर की जीवनी से संबंधित बताई। उन्होंने कहा की देश स्वाधीन के बाद अनुकूल ठाकुर ने लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की। अपने आश्रम में लोगों के खाने पीने की व्यवस्था करते थे। जन्मोत्सव में भक्तों के लिए महाप्रसाद का व्यवस्था किया गया था। सत्संगी वृंद ने आनंद बाजार में महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके सत्संग विहार परिवार के लोग मौजूद रहे।

# बसनही पुलिस ने एक व्यक्ति को देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार




प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज सहरसा। बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति विजय मुखिया पिता देवानंद मुखिया सकीन बड़गांव थाना बसनही जिला सहरसा को एक देसी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस के साथ ग्राम बड़गांव पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में बसनहीं थाना कांड संख्या 32/24 दिनांक 25 /2/ 24 धारा 25 (1-इ) /26 आर्म्स ३ दर्ज किया गया तथा बसनहीं थाना कांड संख्या 130/23 के प्राथमिकी अभियुक्त नंदन यादव पिता मुसहरु यादव साकिन अतलखा थाना बसनहीं जिला सहरसा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया है एवं कांड संख्या 130 /27 के प्राथमिकी अभियुक्त कुंदन यादव पिता मुसहरी यादव सकीन अतलखा थाना बसनही जिला सहरसा एवं ठइह वारंटी साहेब यादव पिता प्रीतम यादव साकिन तमकुल्हा वार्ड नंबर 9 थाना बसनही जिला सहरसा को गिरफ्तार किया गया उनके परिजनों द्वारा रिकाल प्रस्तुत किया गया जिसके अवलोकन उपरांत दोनों व्यक्ति को मुक्त किया गया ।

# समस्तीपुर सहरसा रेल खंड के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के पुनर विकास का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

प्रात: किरण, संवाददाता



सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। अमृत भारत योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशन के पुनर विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास योजना के तहत 14.55करोड़ की लागत से समस्तीपुर रेल मंडल के सिमरीवख्तियारपुर स्टेशन का पुनर्विकास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर खगड़िया सांसद महबूब अली केसर विधायक युसूफ अलाउद्दीन नगर परिषद सभापति फसीहा खातून प्रतिनिधि हसन आलम उपसभापति इंदु भगत प्रतिनिधि विकास कुमार विकी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सब मीडिया प्रभारी संजीव भगत मुखिया संजीव जायसवाल चौधरी अबू ओसामा ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में आवासीय विवेकानंद मिशन स्कूल ग्रीन प्लैनेट स्कूल टेगोर पब्लिक स्कूल सैनिक पब्लिक स्कूल विभिन्न विद्यालय के में सफल 75 बच्चों को सांसद द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार के रूप में गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खगड़िया सांसद महबूब अली केसर ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन का पुनर्विकास किया जो इस क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव की बात है मैं देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने संसदीय क्षेत्र के सभी जनता की तरफ से धन्यवाद देता हूँ।उन्होंने आज इस क्षेत्र की जनता को सिमरीवख्तियारपुर स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। विधायक यूसुफ सलाउद्दीन ने बताया आज प्रधानमंत्री जी द्वारा 14.55करोड़ की राशि से सिमरिवख्तियारपुर स्टेशन का पुनर्विकास किया गया खगरिया सांसद के प्रयास से लगातार क्षेत्र का विकास कराया जा रहा है इस अवसर पर उद्योगपति सुशील जायसवाल सुरेंद्र प्रसाद विपिन गुप्ता चिल्ड्रन स्कूल एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष सह विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक एसके शंभू डूयू आरसीसी सदस्य आफताब आलम राहिल अंसारी समस्तीपुर से मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राजेश रंजन श्रीवास्तव, वेलफेयर इंस्पेक्टर चंदन कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क संजय कुमार, यातायात निरीक्षक एके गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक अजय कुमार सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 15 सूत्री मांग को लेकर हजारों छात्र 11 मार्च को विश्वविद्यालय करेंगे कुच

प्रात: किरण, संवाददाता



दरभंगा मिथिला स्टूडेंट यूनियन के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम 11 मार्च एलएनएमयू चलो आंदोलन के लिए अभियान अब तेज कर दिया गया हैं !सोमवार को दरभंगा शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थान में जाकर एमएसयू के विश्वविद्यालय संयोजक अमन सक्सेना विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनीश चौधरी प्रवक्ता नारायण मिश्रा ने 11 मार्च आंदोलन के लिए कैंपेन किया !इस कैंपेन को देख लग रहा हैं की हजारों की संख्या में छात्र इस आंदोलन में शामिल होकर विश्वविद्यालय कुंच करने का काम करेंगे इस बाबत एमएसयू के छात्र नेताओं ने कहा मिथिला विश्वविद्यालय में अब बदलाव का समय आ चुका हैं और इस बदलाव के लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा इस क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था के नाम पर छात्रों का शोषण किया गया हैं प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा का हाल देयनीय है सभी कॉलेज छात्रों को शिक्षा ना देकर सिर्फ डिग्री देने का काम कर रहा है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात कोई नहीं कर रहा है एमएसयू मिथिला विश्वविद्यालय में कई बदलाव लाने का काम किया है एक बार फिर से 11 मार्च को विशाल छात्र आंदोलन का घोषणा किया गया हैं 15 सूत्रीय मांग को लेकर यह आंदोलन किया जाएगा जिसमें दरभंगा मधुबनी समस्तीपुर के गांव-गांव से हजारों की संख्या में छात्र इस आंदोलन में शामिल होंगे जिसकी तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा हैं कहा हमारी मांग हैं कि छात्र-संघ चुनाव का घोषणा तत्काल किया जाए !सभी कॉलेज में पुरुष और महिला छात्रावास का निर्माण हो !एससी एसटी छात्र और छात्राओं का लागू मुक्त शिक्षा का पालन किया जाए !विभिन्न कॉलेज में पीजी का पढ़ाई चालू किया जाए !रिक्त पदों पर प्रोफेसर लाइब्रेरियन की बहाली हो ! कॉलेज में लाइब्रेरी ई-लाइब्रेरी लैबोरेट्री कैंटीन और खेल की सुविधा हो !डिस्टेंस और लॉ को चालू किया जाए समेत कुल 15 सूत्रीय मांग शामिल हैं कहा विश्वविद्यालय हमारे मांगो पर पहल करें अन्यथा यह आंदोलन उग्र रूप लेने का काम करेगा इस कार्यक्रम में एमएसयू के विश्वविद्यालय कालिंग प्रभारी सूरज ठाकुर सोशल मीडिया प्रभारी संदीप सिंह कॉलेज अध्यक्ष इंद्र कुमार राज छात्रा अध्यक्ष तुलसी कुमारी कॉलेज कालिंग प्रभारी प्रतिक सत्संगी और कुंदन राय मौजूद रहे ।

# मधेपुरा में पीएम मोदी ने अमृत योजना के तहत 97.18 लाख का दिया बड़ा तोफा

प्रात: किरण, संवाददाता





- 16 करोड़ 18 लाख की लागत से दौरम मधेपुरा रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण और भिरखी रेलवे ढाला पर आरओबी निर्माण को लेकर दिया 80 करोड़ का तोफा
- स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र ने कहा अब मधेपुरा का रेलवे स्टेशन होगा चकाचक,यात्रियों को मिलेगी हर प्रकार की सुविधा
- रेलवे स्टेशन पर हर सुविधा से लैस 35 फिट लंबा और 12 मीटर चौड़ा बनेगी यात्री सेड
- सिंहेश्वर में अब ओवरब्रिज नहीं बल्कि बाय पास सड़क का होगा निर्माण, महाजाम की समयाओ से लोगों को मिलेगी निजात, विभाग से मिल चुकी है मंजूरी

मृत भारत योजना के तहत मधेपुरा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व भिरखी ढ़ाला पर फ्ड्इ का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया शिलान्यास। इसको लेकर स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दिनेशचंद्र यादव समेत सैकड़ों की संख्या लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के मौके पर सांसद दिनेश चंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से विकास हो रहा है। बिहार के 500 से अधिक रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो रहा है। मधेपुरा में 16.18 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन को हाईटेक किया जा रहा है। इसके अलावा ठल्ल-106 और 107 का निर्माण हो रहा है। दोनों ठल्ल का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि सिंहेश्वर में बायपास निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक अरुण कुमार, भाजपा के प्रदेश मंत्री स्वदेश कुमार, जिलाध्यक्ष दीपक कुमार समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। बता दें कि मधेपुरा रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। वेटिंग रूम, वीआईपी लाउंज, शौचालय, कैंटीन आदि का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही कमर्शियल कॉम्प्लेक्स भी बनाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म एक और दो पर यात्री शेड का निर्माण कराया जाएगा। रेलवे के अनुसार दिसंबर 2024 तक मधेपुरा में मॉडर्न स्टेशन भवन के निर्माण कार्य पूरा कर लिए जाने की संभावना है। 8000 स्क्वायर मीटर में हो रहा निर्माण : मधेपुरा रेलवे स्टेशन को हाईटेक बनाने के लिए 16.18 करोड़ की लागत से भवन निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण के साथ-साथ कुल 8 हजार स्क्वायर वर्ग मीटर सकुर्लेटिंग एरिया को डेवलप किया जाना है। जिसमें कार पार्किंग समेत अन्य एरिया भी डेवलप किए जाएंगे। स्टेशन भवन में अत्याधुनिक लाउंज, वेटिंग एरिया, वेटिंग रूम, शौचालय, कैंटीन समेत अन्य सुविधाएं बहाल की जाएगी। प्रथम तल पर कमर्शियल भवन भी बनेगा। वहीं प्लेटफार्म एक पर 35 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा का यात्री सेड बनाया जाना है। इसी तरह प्लेटफार्म नंबर दो पर भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही कपूर्री चौक के समीप 80 करोड़ से रेल ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। जिसकी लंबाई 1189 मीटर होगा।

# मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना सड़क का शिलान्यास विधायक द्वारा किया



प्रात: किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के सीटानाबाद उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 1 में मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत मोहुआ डीह मुख्य सड़क से शमसान घाट तक मिट्टी,ईट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई सड़क का शिलान्यास सिमरी बख्तियारपुर विधायक युसूफ सलाहउद्दीन के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा हम लोगों का मकसद रहा है क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास हो इसलिए हम लोग अपने क्षेत्र में लगातार विकास के सभी कामों को करते आ रहे हैं आज मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत सीटानाबाद उत्तरी पंचायत में रोड का शिलान्यास किए हैं आगे भी हम लोग क्षेत्र का विकास हमेशा करते रहेंगे। मौके पर सीटानाबाद उत्तरी पंचायत के मुखिया मो.मसीर खान और दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो.सफाउद्दीन,सरपंच मो.हैदर अली, ओकिल चौधरी,राजीव यादव,मासी खान,मो.आफताब आलम,मो.संजर मो.हारुन,रंजीत कुमार,मो.नसीम,गोपाल शर्मा,मुरलीधर यादव, आनंद यादव चंद्रकिशोर यादव,मो.नकीबुद्दीन,प्रताप गांधी,गोपाल शर्मा,बिट्टू कुमार,मो.अंजार आदि लोग मौजूद रहे।

# समस्तीपुर के नये जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने किया पदभार ग्रहण

समस्तीपुर के नये जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को शिक्षा भवन पहुंचकर योगदान किया। उन्होंने मदन राय से अपना प्रभार ग्रहण किया। इसके बाद नये जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता को मदन राय ने कार्यालय के विभिन्न विभागों का मुआयना कराया। बता दें कि शनिवार को शिक्षा विभाग के द्वारा कई जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी का फेरबदल किया गया था। इसमें समस्तीपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय को रोहतास भेजा गया है ।

# नेताओं ने आपकी नसों में जाति-धर्म इतना घुसा दिया है कि आपको अपने बच्चों का दर्द भी नहीं दिख रहा: प्रशांत किशोर



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सोमवार को लोगों को वोट की ताकत का एहसास दिलाया। प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपनी दुर्दशा देखिए, शायद ही ऐसा कोई घर है, जहां से आपका जवान बेटा, पति, भाई, भतीजा नौकरी करने के लिए दूसरे राज्यों में न गए हो? मैंने 17 महीनों से अपना घर छोड़ा है, लेकिन आपके बच्चे तो सालों साल से आपको छोड़कर चले गए हैं। एक बार जो मजदूरी करने के लिए गए वो साल में एक बार छठ में, ईद में घर आते हैं तब आप उनका मुंह देख पाते हैं। साल भर वो आदमी वहां गुलामी कर रहा है, 10 घंटे मेहनत करते हैं, पेट काटते हैं ताकि घर में 6-8 हजार रुपए भेज सकें। लेकिन, यहां के लोगों से पूछिए कि उन्होंने वोट क्यों दिया था? तो वो बताते हैं कि अपनी जाति का नेता खड़ा था इसलिए दे दिए, गांव में मुर्गा-भात खाकर, पाउच पीकर वोट दे दिए, तो आपके परिजन नहीं भोगेंगे, तो भला और कौन भोगेगा? दूसरे राज्यों में कमा रहा आपका बच्चा बीमार पड़ जाए तो आप उसे देख नहीं सकिएगा, सिर्फ छटपटा कर रह जाइएगा। **वोट जिसे भी देना है दो, लेकिन वोट अपने बच्चों की शिक्षा-रोजगार के लिए दीजिए: प्रशांत किशोर** प्रशांत किशोर ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आप दल बनाइए, बिहार में विकल्प नहीं था। आप आगे-आगे चलिए हम पीछे-पीछे चलेंगे। हमें आपका साथ नहीं चाहिए। भला आप हमारा साथ क्या दीजिएगा। आप तो वो लोग हैं जिन्होंने अपने बच्चों का साथ नहीं दिया। हम 17 महीने नहीं 17 साल चल लें फिर भी आप नहीं सुधरिएगा। नेताओं ने आपकी नसों में जाति और धर्म इतना घुसा दिया है कि आपको अपने बच्चों का दर्द भी नहीं दिख रहा है। इसलिए आपको एक रास्ता बता रहे हैं, वोट जिसे देना है दीजिए लेकिन अगली बार वोट देते समय स्वार्थी बनिए। अपना और अपने बच्चों का स्वार्थ देखिए। नेता आएंगे और कहेंगे देश के लिए वोट दो, कोई कहेगा अपनी जाति वाले को जीताना है इसलिए वोट दो, वोट जिसे भी देना है दो, जीवन में एक बार संकल्प लीजिए कि वोट अपने बच्चों के लिए दीजिए। जाति के लिए, नेताओं के लिए नहीं, किसी विचारधारा के लिए नहीं सिर्फ अपने बच्चों के लिए वोट दीजिए। बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट दीजिए।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## एकजुट होता इंडिया

कुछ दिन पहले विपक्ष का जो इंडिया गठबंधन बिखरता और समाप्त-सा लग रहा था, वह अचानक एकजुट होता लग रहा है। चुनावों से पहले यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है। उप्र में 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी और 17 सीटों पर कांग्रेस का गठबंधन सुनिश्चित हो चुका है। अब न्याय यात्रा में अखिलेश यादव और राहुल गांधी साथ-साथ दिखाई देंगे। दिल्ली, हरियाणा, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ की 46 सीटों पर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के दरमियान गठबंधन घोषित हो चुका है। आप हरियाणा में कुरुक्षेत्र, गुजरात में भरुच और भावनगर तथा दिल्ली की 4 संसदीय सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। शेष सीटें कांग्रेस लड़ेगी। बेशक पंजाब में दोनों दल अलग-अलग चुनाव में उतरेंगे। बिहार में लालू यादव के राजद, कांग्रेस और वामदलों में बुनियादी सहमतियां बन गई हैं। आगामी 3 मार्च को गठबंधन की अधिकृत घोषणा की जा सकती है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, जम्मू-कश्मीर की 149 सीटों पर गठबंधन फिलहाल चुनौती बना है। इन राज्यों में कांग्रेस और अन्य दल गठबंधन में रहे हैं, लिहाजा देर-सबेर सीटों का बंटवारा घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी से गठबंधन की खातिर 2-3 बार फोन पर चर्चा की है। तृणमूल ने कांग्रेस को मात्र 2 सीटें देने की बार-बार बात कही है, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर दावा कर रही है। यह भी सहमति बन सकती है कि कांग्रेस असम और मेघालय में 1-1 सीट तृणमूल के लिए छोड़ सकती है। फिलहाल ममता का रुख कड़ा है, लेकिन दोनों के बीच जड़ता की स्थितियां नहीं हैं। प्रख्यात चुनाव विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि कांग्रेस और तृणमूल में गठबंधन हो गया, तो बंगाल में भाजपा की 18 सीटें घटकर ईकाई में पहुंच सकती हैं। यह राजनीति ममता भी समझती होंगी! हालांकि वैसे आसार नहीं हैं कि भाजपा-एनडीए के खिलाफ विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार चुनाव में उतर सके। यह सुझाव बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद-यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार का था, जिन्होंने सबसे पहले विपक्षी दलों को लामबंद करना शुरू किया था। अब तो वह खुद ही पाला बदल कर, भाजपा के साथ गठबंधन बना, सरकार बना चुके हैं। बहरहाल ऐसा बताया जा रहा है कि 350 से अधिक सीटों पर मोदी बनाम इंडिया के समीकरण बनाने पर विपक्ष विमर्श कर रहा है। इनमें 200 से अधिक सीटों पर भाजपा बनाम कांग्रेस के समीकरण प्रत्यक्ष होंगे। विपक्षी गठबंधन के लिए महाराष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में एक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के अलावा, राहुल गांधी ने भी शरद पवार और उद्धव ठाकरे से फोन पर बातचीत कर गठबंधन की सीटें तय करने के अनुरोध किए हैं। हालांकि कुछ राज्यों में वामपंथी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल हैं, लेकिन केरल में उन्होंने अपने मोर्चे में सभी 20 सीटें बांट ली हैं। वहां कांग्रेस का प्रतिद्वंद्वी मोर्चा है। केरल के अलावा, जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दलों ने इंडिया से अलग चुनाव लडे की घोषणाएं की हैं। हालांकि दोनों ही दल, पहले दिन से, इंडिया के घटक रहे हैं। बेशक विपक्षी गठबंधन आकार लेता हुआ दिख रहा है, लेकिन अभी जीत की संभावनाएं बहुत दूर हैं। हालांकि गठबंधन के विरोधाभास भाजपा-एनडीए में भी हैं, लेकिन वहां भाजपा अकेली ही बहुमत प्राप्त करने की स्थिति में है। वहां नेतृत्व और नीति प्रधानमंत्री मोदी की है।

## धारा 370 का भूत सियासत से पर्दे तक

राकेश अचल

धारा 370 यानि आर्टिकल 370 अब एक मृत शब्द है। जम्मू -कश्मीर के बूट से जुड़ी ये धारा यानि आर्टिकल अब सियासत और रजतपट दोनों पर एक साथ उभर रहा है। रजतपट पर आर्टिकल 370 को देश में कामयाबी मिलती दिखाई दे रही है लेकिन खाड़ी के देशों ने आर्टिकल 370 के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। जबकि बेचारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार खाड़ी के देशों से गलबहियां बढ़ाने में लगे हैं।

दरअसल ये धारा 370 कांग्रेस को जितनी प्रिय थी उतनी हीभाजपा को भी प्रिय हो गयी है। भाजपा की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 को हटाने के लिए दशकों तक तैयारी की थी तब कहीं जाकर पांच साल पहले भाजपा का ये सपना पूरा हो पाया। जम्मू-कश्मीर के लोग भी धारा 370 को धीरे-धीरे भूलने लगे थे लेकिन अचानक भाजपा ने आगामी लोकसभा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर इस धारा 370 के भूत को एक बार फिर जिंदा कर दिया। भाजपा से लगाव रखने वाले रजतपट ने भी लगे हाथ बहती गंगा में हाथ धोने के लिए आर्टिकल 370 नाम से एक फिल्म बना डाली।

एक मरी हुई धारा से अमरत्व हासिल करने के भाजपा के फार्मूले को कम से कम मै तो नहीं समझ पाया, लेकिन एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा को गड़े मुर्दे उखाड़ने में जितना मजा आता है उतना किसी और राजनीतिक दल को नहीं आता। भाजपा पिछले दस साल से भले ही बहुमत के साथ सत्ता में है किन्तु उसके सिर से न पंडित जवाहरलाल नेहरू का भूत उतरा और न इंदिरा गाँधी का। राजीव गांधी का भूत उतरा न राहुल गांधी का। कांग्रेस का भूत तो उतरने का सवाल ही नहीं। अब भाजपा के सिर पर धारा 370 का भूत सवार हो गया है। भाजपा इस 370 के आंकड़े को लगता है अपने लिए शुभ मानती है और इसीलिए लोकसभा में अपने गठबंधन के लिए 400 किन्तु अपने लिए 370 सीटें हासिल करना चाहती है।

भाजपा की देखादेखी सिनेमा बनाने वाले यामी गौतम भी कहाँ मानने वाले थे। वे भी इस आंकड़े को विवेक अग्निहोत्री की तरह दि कश्मीर फाइल की तर्ज पर आर्टिकल 370 बनाकर भुना लेना चाहते थे, सो उन्होंने भी आनन-फानन में फिल्म बनाकर रिलीज भी कर दी। समय भी सही चुना। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ये फिल्म रिलीज हुई है ताकि देश को एक बार भाजपा द्वारा धारा 370 ; के साथ भाजपा सरकार द्वारा किये गए पुरुषार्थ की याद दिलाई जा सके और जेबें भरी जा सकें। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। सियासत का पिछलग्गू बनने से नुक्सान कम ही होता है। विवेक अग्निहोत्री इसका उदाहरण है। बन्दे ने दि कश्मीर फाइल बनाकर जमकर कमाई की थी। किन्तु यामी गौतम का भाग्य विवेक अग्निहोत्री के भाग्य जैसा नहीं है।

यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 दो दिन पहने यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म रिलीज के तीसरे दिन रविवार को यामी और उनके प्रशंसकों के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई। इस फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है। यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 से पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की एक्शन-थ्रिलर फिल्म फाइटर को भी खाड़ी देशों में बैन कर दिया था। मैंने तो ये फिल्म देखी नहीं है किंतु इसके बारे में पढ़ा जरूर है। ये फिल्म कश्मीर घाटी के हालात को बयां करती नजर आ रही है। इतना ही नहीं आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिल रही है। ऐसे में खाड़ी देशों में फिल्म आर्टिकल 370 को बैन करना कहीं न कहीं हिंदी सिनेमा के लिए बड़ा झटका है।

फिल्मों को बैन करने से कोई बात नहीं बनती। मै हमेशा से फिल्मों को ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति के किसी भी माध्यम को प्रतिबंधित करने के खिलाफ रहा हो। इसलिए खाड़ी देशों के इस प्रयास की निंदा करता हूँ, लेकिन मेरी ये बात समझ में नहीं आ रही है कि खाड़ी के देश ऐसा क्यों कर रहे हैं, जबकि हमारे प्रधानमंत्री खाड़ी के देशों से लगातार अपने यानि भारत के रिश्ते सुधरने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। आपको याद दिला दूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में खाड़ी देशों की अपनी यात्रा पूरी की। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी कि ये 13 वीं यात्रा थी। उनके हालिया दौरों ने इस क्षेत्र के साथ संबंधों को और मजबूत किया है। खाड़ी देशों में लगभग 9 मिलियन यानी 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 34.3 लाख भारतीय यूएई में, उसके बाद 25.9 लाख सऊदी अरब में, 10.3 लाख कुवैत, 7.8 लाख ओमान, 7.5 लाख कतर और 3.3 लाख भारतीय बहरीन में रहते हैं। खाड़ी देशों में भारतीय प्रवासियों की विशाल तादाद का मोदी जी को राजनीतिक फायदा भी मिलता है। विदेश में रहने वाले भारतीय हर साल भारत में जितना पैसा रेमिटेंस के तौर पर भेजते हैं, उनका तकरीबन आधा तो सिर्फ जीसीसी के देशों से आता है। बहरहाल अब देखना ये है कि लोकसभा चुनाव में 370 का ये आंकड़ा माननीय मोदी जी के लिए शुभ साबित होता है या नहीं, क्योकि मोदी जी के इस आंकड़े से खफा देश का विपक्ष हाल के दिनों में अप्रत्याशित रूप से एकजुट हुआ है। सब मिलकर मोदी जी को इस जादुई आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं। यामी गौतम को तो आर्टिकल 370 करोड़पति बना देगा लेकिन भाजपा और मोदी जी को इसका कितना लाभ दिला पायेगा कहना सम्भव नहीं ह। हो सकता है कि भाजपा के लिए ये धारा छप्पर फाड़कर समर्थन दे दे और ये भी हो सकता है कि भाजपा का छप्पर पलट भी दे। आखिर धारा तो धारा है। लगती है तो भी असर दिखाती है और हटती है तो भी असर दिखाती है। हम और आप तो केवल दर्शक हैं।

# राजनीति का खेल : सत्ता में जो बंदा... उसे सबसे अधिक चन्दा....!

**यद्यपि आज की राजनीति में हर स्तर पर पारिवारिक शब्द से परहेज करने की बात की जाने लगी है, किंतु क्या यह संभव है, उल्टे पारिवारिक राजघरानों द्वारा यह उक्ति दोहराई जा रही है कि मास्टर (शिक्षक) का बेटा यदि मास्टर बनता है या उसे बनाया जाता है तो राजनेता का बेटा राजनीति में क्यों नही लाया जा सकता? आज यह दलील राजनीतिक दलीय बंधनों से ऊपर तैर रही है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि किसी भी रोजगार या धंधें के लिए आर्थिक सेहत, शैक्षणिक योग्यता तथा उसके प्रति लगाव या रूचि चाहिए होती है, लेकिन राजनीति का धन्धा एक ऐसा धंधा है जिसमें न शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न अच्छी आर्थिक सेहत की, केवल राजनीति में रूचि ही काफी है और वह भी जनसेवा के प्रति नहीं बल्कि बल्कि स्वयं एवं परिवार की आर्थिक सेवा के प्रति। कुल मिलाकर राजनीति ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसमें प्रवेश के लिए हींग लगे न फिटकरी, रंग चैखा होय वाली कहावत चरितार्थ होती है और इसीलिए भारतीय युवाओं का रूझान अब राजनीति की ओर बढ़ता ही जा रहा है। ....फिर यही एक क्षेत्र ऐसा है, जहां प्रजातंत्र की परिभाषा सही अर्थों में लागू होती है, प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा जो किया जाए, वही आज की राजनीति है।**



**ओमप्रकाश मेहता**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**



भारतीय राजनीति में अब जनसेवा के अर्थ बदल गए है, अब सेवा आर्थिक मेवा बन गई है, हाल ही में प्रकाशित एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह भी उजागर हुआ है, भारतीय युवा अब नियमित रोजगार प्राप्त करने में कम और राजनीति में प्रवेश में ज्यादा रूचि रखने लगे है, क्योंकि राजनीति में उन्हें धन के साथ सम्मान मिलने की भी उम्मीद रहती है, इसलिए अब धीरे-धीरे प्रमुख राजनीतिक दलों के दफ्तरों में युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है और वह भी सत्तारूढ़ दल से जुड़ी राजनीति में।

यद्यपि आज की राजनीति में हर स्तर पर पारिवारिक शब्द से परहेज करने की बात की जाने लगी है, किंतु क्या यह संभव है, उल्टे पारिवारिक राजघरानों द्वारा यह उक्ति दोहराई जा रही है कि मास्टर (शिक्षक) का बेटा यदि मास्टर बनता है या उसे बनाया जाता है तो राजनेता का बेटा राजनीति में क्यों नही लाया जा सकता? आज यह दलील राजनीतिक दलीय बंधनों से ऊपर तैर रही है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि किसी भी रोजगार या धंधें के लिए आर्थिक सेहत, शैक्षणिक योग्यता तथा उसके प्रति लगाव या रूचि चाहिए होती है, लेकिन राजनीति का धन्धा एक ऐसा धंधा है जिसमें न शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न अच्छी आर्थिक सेहत की, केवल राजनीति में रूचि ही काफी है और वह भी जनसेवा के प्रति नहीं बल्कि बल्कि स्वयं एवं परिवार की आर्थिक सेवा के प्रति। कुल मिलाकर राजनीति ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसमें प्रवेश के लिए हींग लगे न फिटकरी, रंग चैखा होय वाली कहावत चरितार्थ होती है और इसीलिए भारतीय युवाओं का रूझान अब राजनीति की ओर बढ़ता ही जा रहा है। ....फिर यही एक क्षेत्र ऐसा है, जहां प्रजातंत्र की परिभाषा सही अर्थों में लागू होती है, प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा जो किया जाए, वही आज की राजनीति है। भारत की आजादी के बाद कुछ वर्षों तक राजनीति से जनसेवा जुडा रहा, गांधी, पटेल, सुभाष के समय राजनीति में जनसेवा का तत्व मौजूद था, किंतु नेहरू के प्रधान मंत्रित्व काल में ही इस महत्वपूर्ण तत्व का राजनीति से लोप होने लगा, जो आज यह तत्व राजनीति से पूरी तरह विलोपित हो गया है। आज तो राजनीति का सीधा सम्बंध, आर्थिक सेहत के साथ रूतबे से जुड़ गया है, आज राजनीति कर्णधार अपनी राजनीति प्रजा ही हर माध्यम से जुडकर पनपाते है, वे राजनीति में आकर न सिर्फ चँदा के धन्धा से जुड़ जाते है, बल्कि सत्ता का दुरूपयोग भी शुरू कर देते है। यही नहीं भारत ही विश्व में एकमात्र ऐसा देश है, जहां राजनेताओं ने सत्ता में आकर अपने अनुकूल नियम-कानून भी लागू कर लिए, इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजनेता व राजनीतिक दलों के साथ जन प्रतिनिधि को आयकर कानून से बाहर रखना। एक सरकारी कर्मचारी या लघु उद्योगपति को अपने खून-पसीने की कमाई का बड़ा भाग आयकर के रूप में सरकार को चुकाना पड़ता है, किंतु एक राजनेता या उसका दल कितना ही धन वैध या अवैध तरीके से अर्जित कर लें, उसे कोई टेक्स नहीं चुकाना पड़ता। सरकार के ऐसे ही कुछ कानून है जो राजनेता को आम नागरिक के दर्जे से ऊपर उठा देते है और राजनेता शोषणकर्ता का एक अंग बन जाता है। आज देश की राजनीति में यह चंदा का कारोबार उत्तरोत्तर प्रगति मार्ग पर है, सत्ता में जो भी दल होता है, उस पर धन की वर्षा होती ही है, इसके साथ उसके राजनेता भी आर्थिक रूप से सम्पन्नता ग्रहण कर लेते है। भारत की आजादी के बाद से सर्वाधिक समय तक चाहे कांग्रेस सत्ता में रही हो, किंतु आज वह सत्ता से पिछड़कर एक गरीब पार्टी बन गई है, जो आर्थिक दृष्टि से सत्तारूढ़ भाजपा से काफी पीछे है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 2022-23 के दौरान देश पर राज कर रही भाजपा को चंदे के बतौर सात सौ तीन करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई, जो कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाकपा और नेशनल पिपुल्स पार्टी के मिले कुल चंदें की राशि से पांच गुना ज्यादा है, राष्ट्रीय दलों को इस अवधि में बारह हजार एक सौ सढ़सठ करोड चंदा मिला इनमें बीस हजार रूपए से अधिक का चंदा कुल निर्धारित प्रतिबंधित राशि 850, 438 करोड रूपए मिला बहुजन समाज पार्टी के अनुसार उसे बीस हजार की प्रतिबंधित राशि से ऊपर एक रूपए का भी चंदा नहीं मिला, सत्तारूढ़ भाजपा को बीस हजार से अधिक राशि के 7945 देयकों के माध्यम से 719, 858 करोड़ रुपए और कांग्रेस को बीस हजार की प्रतिबंधित राशि के 894 देयकों के माध्यम से चंदे में कुल 79, 924 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई। यह स्पष्ट करता है कि ह्यह्यसत्ता में जो बंदा, उसे सबसे अधिक चन्दाह्वह्व। यह राशि तो राजनीतिक दलों की प्राप्त आय है, किंतु राजनेताओं को मिली राशि का कहीं कोई हिसाब नहीं है, सरकार तो क्या स्वयं राजनेताओं के पास भी नहीं।

# सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

**उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है।**



**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं**



इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा। केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलांयसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा। झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है। आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा। तेलंगाना में कांग्रेस ने हाल ही में भारत राष्ट्रीय समिति के के. चंद्रशेखर राव को हराकर सत्ता हासिल की है। वहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति व भाजपा में तिकोना संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सीधा भाजपा से मुकाबला होगा। वही उड़ीसा में बीजू जनता दल, भाजपा व कांग्रेस में तिकोना संघर्ष होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले दिनों भाजपा इंडिया गठबंधन पर सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलते कई तरह के आरोप लगा रही थी। मगर कांग्रेस ने सीट शेयरिंग की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए कई दलों के साथ गठबंधन कर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे आने वाले कुछ दिनों में सभी सीटों पर गठबंधन होने की संभावना नजर आने लगी है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर एक साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चय ही भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकेंगे।

# बिहार में लागू प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना देश के लिए बनी नजीर

मुरली मनोहर श्रीवास्तव-

वर्ष 2005 से पहले बिहार को लालटेन युग से जाना जाता था। यहां पर बिजली की खास्ता हालत थी। गांव की बात छोड़िए, शहर में 24 घंटे लोग बिजली के लिए तरसते थे लेकिन वर्ष 2005 में श्री नीतीश कुमार के सत्ता संभालने के बाद धीरे-धीरे ही सही बिहार में बिजली की स्थिति में सुधार देखने को मिलने लगा। पहले सरकार ने शहरों में 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य को पूरा किया और फिर सुदूर गांवों में भी बिजली के तार और ट्रांसफॉर्मर लगाए गए लेकिन बिहार में बिजली चोरी नासूर बन चुकी थी। शहर हो या गांव टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करना आम प्रचलन में था। इससे सरकार को राजस्व की जबरदस्त हानि हो रही थी। सरकार ने बिजली चोरी रोकने लिए छापेमारी दस्ते का गठन किया। छापेमारी होने लगी, फाइन भी होता था लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही कहानी शुरू हो जाती। ऊर्जा विभाग लोगों के टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से परेशान हो चुकी थी लिहाजा इस लाइलाज बीमारी को जड़ से ठीक करने के लिए सरकार के द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना लाई गई। इससे टोका फंसाकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करनेवाले लोगों पर शिकंजा कसा गया। इससे सरकार को राजस्व में हो रही हानि पर भी अंकुश लगा। साथ ही लोगों को कई फायदे भी हुए। बिजली चोरी रोकने, बिल भुगतान, मीटर रीडिंग और अन्य तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए बिहार के सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। बिहार दुनिया का इकलौता राज्य है जहां गांव-गांव में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली बिल में गड़बड़ी और बिल जमा करने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिला। लोगों को अपनी खपत के मुताबिक मीटर रिचार्ज करने की सुविधा मिली। अपने सुविधानुसार मीटर बंद और चालू करने की सहूलियत से लोगों को काफी फायदा हुआ। सबसे बड़ी बात कि लोग अब अपने मोबाइल के जरिए ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हैंडल कर पाते हैं। बिहार देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने अपने यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना की शुरूआत की। हालांकि शुरू में इसको लेकर काफी विरोध हुआ, बिल में गड़बड़ी की शिकायत की गई लेकिन जब इसके फायदे सामने आने लगे तो आज देश के अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में स्मार्ट प्री-पेड बिजली मीटर के कई लाभों को देखते हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं के मौजूदा मीटर को स्मार्ट प्री-पेड मीटर से बदलने की योजना बनाई गई। फरवरी 2021 में ई0ई0एस0एल0 ने अपने स्मार्ट मीटर राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बिहार में 2.34 मिलियन स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की पटना में 13वीं बैठक में बिहार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सराहना की गई है। बिहार सरकार की ओर से गुड प्रैक्टिस के रूप में स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधी प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें सदस्य राज्यों ने बिहार के इस प्रैक्टिस को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए चयनित भी कर लिया। अब इस प्रैक्टिस को परिषद की अगली बैठक में अन्य राज्यों द्वारा लागू करने पर विचार किया जाएगा। हाल ही में बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में लगनेवाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए नया कानून बनाने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। बिजली कंपनी की ओर से बिहार विद्युत विनियामक आयोग से कहा गया है कि बिहार में स्मार्ट मीटर रेगुलेशन बनाने के लिए आयोग को ही रेगुलेशन का ड्राफ्ट जारी करना होगा। ड्राफ्ट जारी होने के बाद इसपर जनता की राय ली जाएगी। कंपनी भी अपनी ओर से अपना पक्ष रखेगी। कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को और कारगर बनाने हेतु आयोग के समक्ष कुछ और प्रस्ताव भी पेश किए हैं, मसलन उपभोक्ता मोबाइल पर तीन बार मैसेज आने के बावजूद मीटर रिचार्ज नहीं कराता है तो बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद यदि उपभोक्ता दुबारा कनेक्शन लेता है तो उससे कितना चार्ज लिया जाए ?

## संक्षिप्त खबरें

### अखिलेश यादव बोले- भाजपा सरकार किसी को नौकरी देना ही नहीं चाहती

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचकर पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार किसी को नौकरी देना ही नहीं चाहती है, इसलिए सरकार खुद ही पेपर लीक करवाकर जांच की बात कह रही है। यह सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्यसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि किसी विधायक पर कोई दवाब नहीं बनाएगा, सब अपनी मर्जी से वोट करेंगे। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि यह सरकार दबाव बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। देश की जनता समझ चुकी है और भाजपा इस चुनाव (लोकसभा) में सत्ता से बाहर होगी।

### योगी सरकार बताए यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा के रद्द होने पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने योगी सरकार पर हमला बोला है। बसपा प्रमुख ने सोमवार को एक्स पर कहा है कि उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर एवं चिन्तनीय। इससे राज्य व सरकार की बड़ी बदनामी के साथ ही युवाओं व बेरोजगारों का भविष्य खराब होकर उनका जीवन दाव पर लग जाता है। यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा ? सरकार इस ओर ध्यान दे। इसके साथ ही मायावती ने कौशाम्बी जनपद के पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से लगी आग और उससे फैक्ट्री मालिक परिवार के लोगों सहित कई अन्य लोगों के हताहत होने की घटना अति-दुखद बताया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से यथासंभव मदद करने की अपील की है।

### मथुरा में जली हुई कार में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

मथुरा जिले के पुलिस ने फरह-परखम मार्ग पर सोमवार को एक जली हुई कार से एक अज्ञात शव बरामद किया जो कि जली हुई अवस्था में था। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अरविंद कुमार ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि यह आकस्मिक था या साजिश के तहत ऐसा किया गया। उन्होंने बताया कि कार के नंबर से पता चला कि यह आगरा के रहने वाले व्यक्ति के नाम से पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि कार मालिक के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है और उनसे बातचीत के बाद तथ्य स्पष्ट हो पाएंगे। उन्होंने बताया कि शव एक पुरुष का शव है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुमार ने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटा लिए हैं और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# स्योहारा रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास, प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास

- प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया 554 रेलवे स्टेशनों एवं 1500 ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास

**प्रात : किरण संवाददाता**




स्योहारा। देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 554 रेलवे स्टेशनों का पुनविकास एवं 1500 रोड अवर ब्रिज / अंडरपास का भव्य शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री के इस विकास को समर्पित ह्लअमृत भारत स्टेशन योजनाह्न के इस उल्लासपूर्ण ,भव्य और विशाल कार्यक्रम मे आम और खास से लेकर लाखों लोग जुड़े ह्लअमृत भारत स्टेशन योजनाह्न के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 74 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए चयनित किया गया जिसमें मंडल मुरादाबाद रेलवे के 6 स्टेशन और एक रोड ओवर ब्रिज( आरओ.बी.) तथा एक अंडरपास (आर.यू.बी.) का भी पुनर्विकास के लिये शिलान्यास किया गया। इन रेलवे स्टेशनों में गढ़मुक्तेश्वर, कोटद्वार स्योहारा, बालामऊ ,बुलंदशहर, आंवला रेलवे स्टेशनों तथा रोड ओवर ब्रिज मलिहाबाद स्टेशन के पास तथा रोड अंडरपास बालामऊ रेलवे स्टेशन के पास का भी शिलान्यास किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत स्योहारा रेलवे स्टेशन के शिलान्यास के अवसर पर एक उत्साह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजनौर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी ने की तथा संचालन गजनफर उल्ला खान सी.एम.आई. रेलवे मुरादाबाद, राकेश बलोदी डब्लू.आई.आर तथा पीयूष पाठक मंडली अभियंता रेलवे मुरादाबाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि ओम शर्मा क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह प्रजापति रहे। कार्यक्रम में धामपुर क्षेत्र के विधायक पुत्र प्रियंका राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने आज पूरे देश के अंदर 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास एवं 1500 ओवर ब्रिज का/अंडरपास का शिलान्यास कर देशवासियों को नहीं सौगात दी। स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री चहुंमुखी विकास कर रहे हैं जिसका लाभ बिना भेदभाव के सारे देशवासी ले रहे हैं जल्दी ही स्योहारा नगर का भी भरपूर विकास कराया जाएगा। इस शुभ अवसर पर पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह, पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मनोज कुमार वर्मा, विधानसभा संयोजक धामपुर भाजपा डॉ विनीत कुमार देवरा, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदित नारायण, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, पूर्व ब्लाक प्रमुख बृजमोहन रवि ,पूर्व ब्लाक प्रमुख नीरज चौहान, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, पूर्व प्रत्याशी नूरपुर बीजेपी सी.पी. सिंह, रोशन लाल पूर्व श्रम उपायुक्त उत्तर प्रदेश सरकार, तपराज सिंह ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद, वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी फईम उर रहमान वरिष्ठ भाजपा नेता बदर खान , वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक अग्रवाल, देशबंधु सिंह, सभासद श्वेत रस्तोगी ,सभासद अकरम अल्वी ,पूर्व सभासद गफ्फार अहमद, स्योहारा रेलवे स्टेशन इंचार्ज विजय शंकर पांडेय, सहायक अभियंता रेलवे मुरादाबाद दिनेश कुमार, डॉ अभ्यवीर सिंह ढाका राजीव जैन डॉक्टर जेपी शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश रस्तोगी, अधिशासी उपाध्यक्ष शुगर मिल अशोक मित्तल, पीयूष रस्तोगी, नेपाल सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, गुल्लू सिंह सैनी रेलवे कॉन्ट्रेक्टर स्योहारा, मोहन शर्मा आदि सहित सैकड़ो की तादाद में लोग उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यकों की पसंद बनती जा रही हैं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी: प्रेमचंद कश्यप



**प्रात : किरण संवाददाता**

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर के निर्देशन पर अब्दुल्ल अफ्फान चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जन चौपाल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष सुभासपा प्रेमचंद कश्यप ने बताया कि आजादी के 75 साल मे चार बार समाजवादी सरकार रही, चार बार बसपा सरकार रही क्या इन्होंने आज तक किसी अल्पसंख्यक को उपमुख्यमंत्री बनाया केवल वोट लिया और जब हक अधिकार देने का नंबर आया तो केवल एक विशेष जाति को हक अधिकार दिया गया। आज बड़ी मात्रा में अल्पसंख्यक समाज सुहेलदेव भारती समाज पार्टी मा. ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में जुड रहा है और सुरक्षित महसूस कर रहा है, आज तक जिन जातियों को रोजगार, शिक्षा स्वास्थ्य में कभी हक अधिकार नहीं मिला सुहेलदेव समाज पार्टी हक अधिकार दिला के रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष जी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने समाजवादी पार्टी छोड़कर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहन की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश अजय यादव ने बताया जब समाजवादी सरकार रही तो कभी मुलायम सिंह यादव की लिस्ट कभी शिवपाल यादव कभी अखिलेश यादव की लिस्ट कभी धर्मेंद्र यादव की लिस्ट जिससे कि दबे, कुचले अति पिछड़े वंचित शोशित को रोजगार में कभी भी हक अधिकार नहीं मिल सका इन्होंने केवल एक विशेष जाति के ताकतवर लोगों को ही हक अधिकार दिया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ महेश यादव फौजी प्रदेश महासचिव पश्चिमांचल बाबर गाजी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा उस्मान रावअफसा आजमी महासचिव महिला मंच अपर्णा सक्सना महिला मंच अध्यक्ष, राजपाल सिंह, जगत सिंह गुर्जर, यूनुस सैफी प्रधान, आदेश अमरोही, चंद्र सेन खड़गवांशी, चन्द्र पाल सिंह सैनी, अमर पाल खड़गवंशी, ब्रह्म पाल सिंह, जितेन्द्र राणा, आदि ने भी सम्बोधित किया बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर जरीफ छोटा अहमद मोहम्मद अनस तालिब मोहम्मद हसीन मोहम्मद मुनि रिजवान अहमद मोहित भाटी पणजी बंजारा अनस अहमद शकील अहमद मारूफ अहमद नरेश कुमार , मुल्लाजी कलुआ साकिब रहमान कबीर रहमान सैयद फैसल बाबूजी शरण आशिक मोहम्मद तालिब उमर अब्दुल्ला साकिब अब्दुल्ला शादी अब्दुल्ला, भू शंकर राणा, दीपांशु सक्सेना, असलम अहमद, मोहम्मद अकरम,मोहम्मद अली, मोहम्मद सोहेल आदि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर 2 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे कांग्रेसी

**प्रात : किरण संवाददाता**



अमरोहा। कांग्रेस द्वारा जनसमस्याओं के समाधान के लिए आगामी दो मार्च को होने वाले जिला कलेक्ट्रेट घेराव की तैयारी को लेकर सुमंगलम होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें ज़िलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा की पार्टी के हर एक कार्यकताओं को टिकट माँगने का पूरा अधिकार है इसी क्रम में अमरोहा 09 लोकसभा से इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर करीब एक दर्जन लोगों में दावेदारी की है। जिसमें पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी,ज़िलाध्यक्ष ओमकार कटारिया,पूर्व ज़िलाध्यक्ष तारिक मो खाँ, हसनपुर बिधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे आसिम हुसैन साबरी, जिला महासचिव अब्दुल सत्तार सैफी,धनौरा प्रभारी एवम् पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार अरुण,पूर्व चेयरमेन अफसर अली वारसी,पूर्व ज़िलाध्यक्ष चौ. सुखराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान,कांग्रेस सेवादल पचीम के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार दिवाकर ,पूर्व प्रदेश सचिव शमीम अय्यूब,जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह जाटव ने इंडिया गठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने के लिये आवेदन दिया। आगे कहा आज देश में महँगाई और बेरोजगारी प्रमुख समस्या है जिसको लेकर योगी जी और मोदी जी की सरकार बिलकुल भी गंभीर नहीं है आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करे योगी सरकार किसानों के कर्ज माफ करे मोदी सरकार एमएसपी की गारंटी दे मोदी सरकार किसानों के साथ खड़ी है कांग्रेस पार्टी जनसमस्याओं को लेकर 2 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी कांग्रेस !अभी तक केंद्रीय चुनाव समिति ने कोई उम्मीदवार घोसित नहीं किया है ! सभी कार्यकर्ता आगामी 2 मार्च को होने वाले कलेक्ट्रेट घेराव की तैयारी में एवम् लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाये। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ,शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी,राजकुमार अरुण,सचिन चौहान,अब्दुल सत्तार सैफी,अफसर अली वारसी,मनोज कटारिया,नरेंद्र चौधरी,मोहसीन अली,जीशान अली,देवेन्द्र कुमार दिवाकर,अकरम अली,इकबाल अंसारी,तालीव ईदरिसी,अनवर हुसैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

## रालोद के सभी विधायक मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंचे लोकभवन



**लखनऊ, एजेंसी**

राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर सोमवार को राज्यसभा चुनाव से एक दिन पूर्व पार्टी के सभी विधायकों ने लखनऊ में डेरा डाल दिया है। रालोद के सभी नौ विधायक आज राजधानी स्थित राजपाल बालियान के बहुखंडी स्थित मंत्री आवास पर पहुंचे। यहां पर सभी ने बैठक की और पार्टी अध्यक्ष के निर्देश पर एकमत होकर राज्यसभा में अपना मतदान करने की रणनीति बनाई। राज्यसभा की उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। मतदान से पूर्व आज एनडीए के गठबंधन में हाल ही आई रालोद के विधायकों ने एक बैठक की। यह बैठक रालोद विधायक राजपाल बालियान के आवास पर आयोजित की। इस दौरान रालोद के सभी नौ विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष के निर्णय को लेकर एकमत होकर मतदान करने की चर्चा की। इसके बाद सभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के लिए लोक भवन पहुंचे। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के समस्त विधायकों के मुख्यमंत्री योगी से मिलने के लिए लोकभवन पहुंचने से साफ हो गया है कि राज्यसभा में भाजपा के पक्ष में रालोद विधायक वोटिंग करेंगे। इस दौरान राजपाल बालियान ने पत्रकारों से कहा कि सभी विधायक एकमत होकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी के निर्णय के साथ संकल्पित है। मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे विधायकों में राजपाल बालियान के अलावा गुलाम मोहम्मद, प्रो० अजय कुमार, अशरफ अली खान, प्रदीप चौधरी गुड्डू, प्रसन्न चौधरी, अनिल कुमार, चंदन चौहान और मदन भैया शामिल हैं।

## मार्च के दूसरे सप्ताह में लखनऊ के रिंग रोड का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे : राजनाथ सिंह

**लखनऊ, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को दावा किया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे उसमें लखनऊ की रिंग रोड परियोजना भी शामिल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को दिल्लीर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें उत्तर प्रदेश के गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने सहित कई अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर यहां गोमतीनगर में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विकास का जहां तक प्रश्न है, उसके बारे में बहुत विस्तानर से बताने की आवश्यकता नहीं है, लोगों को इसका अनुभव हो रहा होगा। उन्होंने कहा, यहां पर कुछ एक या दो पुल का निर्माण जारी है। आठ या नौ पुल स्वीसकृत हैं जिन पर काम शुरू किया जाना है। साथ ही 104 किलोमीटर की आठ लेन वाली रिंग रोड का निर्माण हो रहा है, इसमें विलंब हुआ है लेकिन अगले तीन-चार दिन में काम पूरा हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा, मार्च के दूसरे सप्ताह में जब प्रधानमंत्री जी देश की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे तो उसी दौरान लखनऊ की रिंग रोड का भी लोकार्पण किया जाएगा। सिंह ने कहा कि आज के कार्यक्रम में सिर्फ उत्तर प्रदेश में लगभग 1876 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया और उसमें भी अकेले 378 करोड़ रुपये की गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना है। उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोहराया, मैंने फैसला किया कि मेरा संसदीय क्षेत्र है और मैं थोड़े ही समय के लिए रहकर इसका भव्यह स्वरूप प्रत्यक्ष अपनी आंखों से देखना चाहूंगा। परियोजना पूरी करने में रुचि लेने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए सिंह ने कहा, गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के निर्माण में पैसे का ही महत्व नहीं है बल्कि हमारे कर्मचारी भाई, मजदूर भाई, जिन लोगों ने अपना पसीना बहाया है, उनके पसीने का भी महत्व है। मैं उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं और उन सभी को बधाई देता हूं।

## प्रोपेगैंडा नहीं, सत्य होनी चाहिए न्यूज, हमारी सरकार जरूर लेती है संज्ञान : योगी

**लखनऊ, एजेंसी**



समाज की भावनाओं को शासन तक पहुंचाने का मीडिया एक सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार भी हर न्यूज को सुझाव के रूप में देखती है। न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले। हमारी सरकार हर खबर का संज्ञान लेती है, बशर्ते वह कोई प्रोपगेंडा ना हो। साथ ही साथ मीडिया के द्वारा समाज के आमजन और प्रबुद्धजनों के विचारों को भी हम मार्गदर्शन के रूप में लेते हैं, ये हमारे लिए सुझाव का कार्य करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना-अपना महत्व राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना अपना महत्व है। मीडिया की भी अपनी सशक्त भूमिका है। इसके अलग अलग स्वरूप हो सकते हैं। प्रिंट, टीवी और अब सोशल एवं डिजिटल मीडिया ने व्यवस्था को प्रभावित किया है। इन स्थितियों में प्रिंट की भूमिका को आज भी किसी भी स्थिति में कमतर करके नहीं आंका जा सकता। इन सभी माध्यमों के अपने अपने प्रशंसक हैं। बहुत से लोग आज भी पेपर पढ़े बिना मानते ही नहीं। तो बहुत से लोग स्मार्टफोन के जरिए डिजिटल मीडिया से जुड़ चुके हैं और वर्षों से टीवी नहीं खोला। मीडिया का प्लेटफॉर्म कोई भी हो, आधार केवल सत्य ही होना चाहिए। आस्था और आजीविका को पहली बार मिला सम्मान मुख्यमंत्री योगी ने ह्लराइजिंग यूपीह्न से आगे बढ़कर शाइनिंग यूपी की चर्चा करते हुए कहा कि बीते 10 साल में देश में बहुत कुछ बदला है। एक ऐसा भारत जिसका दुनिया में सम्मान है, जिसकी सीमाएं सुरक्षित हैं, आंतरिक व्यवस्था नियंत्रण में हैं, जिसे वर्ल्डक्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में देखा जा रहा है, जनविश्वास सुदृढ़ हुआ है और गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज को प्राप्त हो रहा है। व्यक्ति की आजीविका और आस्था को पहली बार सम्मान दिया गया है। सीएम ने कहा कि इस प्रदेश के बारे में लोगों की बहुत सारी धारणाएं थीं। 2017 से पहले यहां साल में 300 से अधिक दंगे होते थे। यहां आधे साल तक कर्फ्यू लगा रहता था। उद्यमी कहते थे कि जब यूपी में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं है, तो पूंजी कहां से सुरक्षित रहेगी। यहां आस्था का अनादर होता था। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक की व्यवस्थाएं धूलधूसरित थीं। यहां सबकुछ वही, बस हमने कार्य संस्कृति बदली है मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये वही प्रदेश है जहां युवा के हाथ में तमंचा नहीं टैबलेट है। सड़क पर रंगदारी नहीं मांगी जाती बल्कि स्ट्रीट वेंडर के लिए पीएम स्वनिधि की योजना है। अब यहां कर्फ्यू नहीं लगता, बल्कि धूम धड़ाके के साथ कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। दंगे नहीं होते बल्कि खेलकूद की भावना से दंगल का आयोजन होता है। हमने जीडीपी और प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना किया है। पहले उत्तर प्रदेश देश के विकास में ब्रेकर था, आज हम ब्रेक थ्रू के रूप में जाने जा रहे हैं। यहां सबकुछ वही है, बस हमने कार्य संस्कृति बदली है। यही वजह है कि यूपी आज हर क्षेत्र में मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। पहले यहां उद्योग धंधे नहीं लगते थे और जो थे वो भी पलायन को मजबूर थे। मगर, हाल ही में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के जरिए हमने 10 लाख 24 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतार दिया है। पब्लिक की संतुष्टि ही राइजिंग यूपी, शाइनिंग यूपी का आधार सीएम योगी ने कहा कि जिस प्रदेश की पहचान कभी गड्ढों से होती थी, आज वह एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। देश के एक्सप्रेसवे का 40 फीसदी यूपी के पास है। इस साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के एक्सप्रेसवे का 55 प्रतिशत हिस्सा यूपी के पास हो जाएगा। पहले यूपी में केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे, आज 9 हैं और जल्द ही 10 नये एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री के करकमलों से होगा। उत्तर प्रदेश दुनिया का सबसे बड़ा टूरिस्ट स्पॉट बनकर उभरने लगा है। यूपी के पास जितनी संभावनाएं हैं उतना किसी के पास नहीं है। केवल एमएसएमई से ही दो लाख करोड़ का एक्सपोर्ट हम कर रहे हैं।

## बरेली में पुलिस के संरक्षण में चल रहे हनी ट्रैप का भंडाफोड़,पुलिस और तीन पत्रकारों के खिलाफ मामला दर्ज

**बरेली, एजेंसी**




उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में पुलिस संरक्षण में चल रहे एक हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में लोगों को अपने जाल में फंसाने वाली युवती, किला पुलिस चौकी प्रभारी, एक आरक्षी और तीन कथित पत्रकारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बरेली जिले में धौरा टांडा निवासी कथित पत्रकार नावेद, लीची बाग निवासी चांद अल्वी और सीबीगंज निवासी गुलाम साबिर आजाद ने औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में ब्रेकरी चलने वाले रामपुर जिला शहजाद नगर निवासी एक उद्यमी को फंसाया था, मगर वह उन्हें गच्चा देकर अफसर तक पहुंच गया। एसएसपी ने आरोपियों पर रविवार देर रात मुकदमा दर्ज करा दिया। साथ ही रैकेट में शामिल उप निरीक्षक पुलिस चौकी प्रभारी और एक आरक्षी को निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि उप निरीक्षक किला पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र सिंह थाना किला ने हनीट्रेप के मामले में पीड़ित की सहायता करने के बजाय अवैध रुप से की जाने वाली वसूली में शामिल हो गये। उन्होंने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर थाना किला में नावेद, आजाद, चांद अल्वी, सानिया, उप निरीक्षक सौरभ कुमार व आरक्षी कोलेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जबकि रैकेट में शामिल दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूरे मामले में विभागीय कार्रवाई भी करायी जायेगी।

## उत्तर प्रदेश के बलिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार होमगार्ड जवान की मौत

**बलिया, एजेंसी**



बलिया जिले में सोमवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार एक होमगार्ड जवान की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार दोकटी थाना पर कार्यरत होमगार्ड जवान कमल देव सिंह (56) थाने से सरकारी डाक लेकर साइकिल पर सवार होकर बैरिया स्थित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय जा रहा था, तभी भुसावल छपरा गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसने बताया कि गंभीर रूप से घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, फेफना थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार जिले के फेफना थाना क्षेत्र के कपूरी गांव के रामेश्वर चौधरी (55) रविवार की देर रात साइकिल पर सवार होकर फेफना बाजार से अपने गांव कपूरी लौट रहे थे कि तभी कपूरी गांव के समीप पीछे से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित




**प्रात : किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक**

अमरोहा ।जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण मिशन के अन्तर्गत कन्वर्जेन्स एक्सान प्लान की जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर आईसीडीएस के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा किया। जिसमें कहा कि जो बच्चे कमजोर हैं कुपोषित हैं उनको चिन्हित कर ठफ्ठ में भर्ती कराया जाये। जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश देते हुये कहा 10 आंगन बॉडी के खराब कामो को चिन्हित करें । कहा कि आईसीडीएस द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओ को दिया जाने वाला पूरक पोषाहार का वितरण समय से हो जाए जिन ब्लॉकों में वितरण की स्थिति खराब है तो वह अगली वैठक तक प्रगति अवश्य सुधार लें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। पोषण ट्रैकर में आंगन बाड़ी घर घर जाकर गर्भवती व माताओं को समझाए काउंसलिंग करें सी डी पीओ की यह जिम्मेदारी है। हर इंडिकेटर में जनपद की रैंकिंग सही होनी चाहिए।सैम मैम बच्चों को चिन्हित न होने पर बहुत ज्यादा गैप होने पर नाराजगी व्यक्त की जिला कार्यक्रम अधिकारी इसमे विशेष रुचि ले ज्यादा से ज्यादा बच्चों को चिन्हित कर सुधार किया जाए । आंगन बाड़ी जो गरीब बस्तियां हैं वँहा पर अवश्य भ्रमण करे कि कितने बच्चे कमजोर व कुपोषित हैं। अगले महीने अवश्य प्रगति दिखनी चाहिए। ठफ्ठ में बच्चों के भर्ती के लिए अभिभावकों को मोटिवेट करें दिन जो निर्धारित है उस समय तक बच्चे अवश्य रुके तभी बच्चा स्वथ्य हो सकेगा। जिलाधिकारी नि जिला कार्यक्रम का अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन आंगनबाड़ी सहायिका की प्रत्येक पैरामीटर पर प्रगति खराब है उसको चिन्हित करें और उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए उनका वेतन रोका जाए अग्रिम आदेश देश तक उनका वेतन नहीं मिलना चाहिए यह सुनिश्चित हो। कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्रों में वजन मशीन अवश्य होनी चाहिये जो खराब हैं उनकी जगह नई मशीन खरीदा जाए लेकिन वजन मशीन अवश्य हो और उसका प्रयोग हो शनिवार तक सभी सी डी पी वो रिपोर्ट दें । एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों में एनीमिया ज्यादा होने की रिपोर्ट मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए । इसके लिये लोगों में जागरूकता भी कराई जाए एनीमिया का जो सिरफ दिया जा रहा है वह शतप्रतिशत वितरण कराया जाए जल्द ही चेकिंग कराया जाएगा । विद्यालयों में मिड डे मील में एनीमिया व आयरन की दवा सभी बच्चों को अवश्य दिया जाय। उन्होनें कहा कि पोषण अभियान के तहत चलाये जाने वाले कार्यक्रम का लाभ प्रत्येक कुपोषित बच्चें को मिलना चाहिये ।जिला अधिकारी ने कहा कि संभव पोर्टल पर सभी कुपोषित बच्चों का रजिस्ट्रेशन समय से कराएं । उन्होंने कहा कि गर्भवती धात्री और कुपोषित बच्चों के लिए जो सरकार द्वारा पोषण सामग्री दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है उसका हर हाल में वितरण होना चाहिए आंगनबाड़ी केंद्र में ही ना रखी रहे। जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों गर्भवती धात्री महिलाओं को दवा दिए जाने के बाद क्या सुधार हुआ यह भी देखा जाये। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विटामिन आयरन की गोलियों का वितरण घर-घर जाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया करें और गंभीरता के साथ में मानीटरिंग की जाए।

## उप्र के बलिया में एक व्यक्ति के हिरासत से फरार होने के मामले में होमगार्ड समेत दो पर मामला दर्ज

**बलिया, एजेंसी**

बलिया जिले में एक व्यक्ति के पुलिस हिरासत से कथित तौर पर फरार हो जाने के मामले में एक होमगार्ड जवान सहित दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशीष मिश्रा ने सोमवार को बताया कि पकड़ी थाना पुलिस टीम ने 22 फरवरी रात मुखबिर की सूचना पर राजकुमार चौहान को अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ उकछी नहर के पास से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया था। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी। अगले दिन सुबह डयूटी पर मौजूद होमगार्ड जवान राम जी यादव आरोपी को शौचालय ले गया, जहां से चौहान होमगार्ड को चकमा देकर हिरासत से फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस मामले में होमगार्ड जवान राम जी यादव और राज कुमार चौहान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 223 (लापरवाही के चलते आरोपी पुलिस हिरासत से फरार) और 224 (गिरफ्तारी का प्रतिरोध या बाधा डालना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। मिश्रा ने बताया कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले दोषियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ प्रारंभिक जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने 25 हजार के इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार



आरा। भोजपुर पुलिस को बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है।पुलिस अभिरक्षा से फरार भोजपुर जिला के टॉप 10 अपराधकर्मियों की लिस्ट में नीतीश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी नीतीश कुमार के ऊपर भोजपुर पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया था।एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात नीतीश कुमार जगदीशपुर थाना के कौरा गांव में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए छिपा हुआ है जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगदीशपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष जगदीशपुर एवं डीआईयू टीम के साथ सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया। गठित टीम ने कौरा गांव में एनएच 319 के पास छापेमारी की जहाँ से की पुलिस अभिरक्षा से फरार जिले का टॉप 10 अपराधी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी नीतीश डिहरी थाना के उदवंतनगर का निवासी है। भोजपुर पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी।

### फरार चल रहे वारंटी गिरफ्तार

संझौली(रोहतास): संझौली थाने थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के चाँदीइंग्लिस गांव से छापेमारी कर फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार रविरंजन सिंह पिता गोकील सिंह, जो चाँदीइंग्लिस गांव के निवासी है। जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। कोर्ट में पेस करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार उसे जेल भेजा गया।

### रालोजद ने किया कार्यशाला का आयोजन

काराकाट(रोहतास)। राष्ट्रीय लोक जनता दल ने प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें काराकाट प्रखंड के सभी बूथ के बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अमित शेखर तिवारी जिला अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। अखिलेश्वर सिंह राष्ट्रीय महासचिव द्वारा संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में जितेंद्र नाथ पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुभाष कुशवाहा चुनाव अभियान समिति, वीरेंद्र तिवारी प्रदेश महा सचिव, राकेश मिश्रा जिला महासचिव, अभय कुशवाहा सेक्टर प्रभारी ने टिप्स दिए।

### 44 कार्टून देसी शराब को कोचस पुलिस ने किया जब्त

कोचस (रोहतास) इन दिनों कोचस थाने की पुलिस पुर्ण रूप से शराबबंदी व अपराध पर नियंत्रण पाने को लेकर शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस दिन रात एक कर दी है। वही नए थाना प्रभारी के रूप में आए थाना अध्यक्ष के भय से शराब तस्करों में भय उत्पन्न हो गई है। जिसमें रविवार की देर रात स्थानीय पुलिस ने ममरेजपुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टर के ट्रॉली के तहखाना में छिपा कर रखें 44 पेटी ब्लू लाइम देसी शराब को जप्त कर लिया जबकि पुलिस को देख तस्कर भागने में सफल रहा। इसकी जानकारी देते हुए कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा मे देशी शराब ट्रैक्टर के ट्रॉली में बने तहखाना में छिपकर बिक्री के लिए ले जाई जा रही है।

### 36 पीस देसी मसालेदार शराब पुलिस ने किया बरामद

दिनारा(रोहतास):दिनारा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी मसालेदार शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा ।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के दिनारा बाजार से अभिमन्यु कुमार को 36 पीस देसी मसालेदार शराब के साथ रंगे हाथों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी दिनारा का ही रहने वाला बताया जाता है । श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### पुलिस ने 47 हजार रुपए वसूला जुर्माना

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज थाना की पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा -निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शहर के थाना चौक एवं आरा रोड में स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा सघन रूप से वाहनों की जांच की गई । थानाध्यक्ष ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा 47 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया । श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सीट बेल्ट , हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , गाड़ी का ऑनर बुक ,डिक्की सहित अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच की गई ।

# अमृत भारत योजना तहत बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को प्रधानमंत्री ने दी सौगात

## 92 करोड़ के योजना राशि से रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास, रेल यात्रियों को विशेष ट्रेनों की मिलेगी सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) अमृता भारत स्टेशन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास राष्ट्र को नई सौगात दी। इस अवसर प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को भी 92 करोड़ की पुनर्विकास राशि का सौगात दिया।

जिसको लेकर स्थानीय रेलवे स्टेशन के पदाधिकारियों सह कर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री संबोधन कार्यक्रम का लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम का सोमवार को आयोजन किया गया। मौके पर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय सेंट्रल पब्लिक स्कूल, एसटीएन ग्लोबल स्कूल सहित अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कला की प्रस्तुति कर लोगों को राष्ट्र के प्रति जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज और भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने प्रधानमंत्री के देशहित में विकास कार्य की चर्चा सभा को संबोधन करते हुए किया।

दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पूर्व विधायक राजेश्वर राज द्वारा प्रसस्ति पत्र व उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। ज्ञात हो कि देश में 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी है। जिसमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले इन स्टेशनों का 19000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से देश को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब बड़े सपने देखता है और अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात काम करता है। साथ ही पैसेंजर्स के ट्रैवल एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा।

मौके पर पीएम मोदी ने साथ ही पूरे भारत में ओवरब्रिज और अंडरपास का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये कार्य लोगों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाएंगे। जो अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत रेलवे स्टेशन अंतर्गत शहर के दोनों किनारों को एकीकृत करते हुए 'सिटी सेंटर' के रूप में कार्य करेंगे। उनमें आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक अग्रभाग, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि होंगी। इन्हें पर्यावरण अनुकूल और दिव्यांग अनुकूल के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

# लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास):काराकाट(गोडारी) नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद पासवान के आवास पर लाभार्थी की समृद्धि मोदी की गारंटी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में राष्ट्रीय गीत बंदे मातरम एवम भारत माता , स्यामाप्रसाद मुखर्जी पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के पास दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी योजना पर प्रकाश डाला। साथी ही साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुक्त राशन का वितरण बिहार में 8.50 करोड़ प्रति पंचायत 10,000 से ज्यादा लाभार्थी ।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक गरीबों को मिला पक्का घर,जिसमे बिहार में 32000 करोड़ की योजना से 55.33 लाख लोगों को पक्का मकान यानी प्रति पंचायत लगभग 643 लाभार्थी । जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक घरों में पहुंची नल जल और 100% घरों में पहुंची बिजली। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 53 लाख से रेहड़ी पटरी वालों को ऋण का वितरण। 51 करोड़ से अधिक जनधन खाता खोलकर गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया ।बिहार में 6 . 1 करोड़ जनधन खाते, महिलाओं को सीधा लाभ। प्रधानमंत्री किसान को सम्मन निधि योजना के तहत 11 .8 करोड़ से अधिक किसानों को 2.8 लाख करोड रुपए से अधिक की सीधी आर्थिक मदद ।बिहार में 83 लाख किसानों को किसान सम्मन निधि का लाभ ।बिहार में 1.1 करोड़ उज्जवला कनेक्शन महिलाओं को मिला स्वच्छ ईंधन। आयुष्मान भारत के तहत बिहार में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को 5 लाख का मुक्त इलाज ।आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और डिजिटल लेनदेन में नंबर एक। अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला की कमी एवं पर्यटन में अभूत पूर्व वृद्धि ।लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षित । चंद्रयान 03 के साथ दक्षिण चंद्रध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना भारत ।भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 का सफल आयोजन ।अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ।कोरोना काल में वंदे भारत मिशन के तहत 2.97 करोड़ लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और सूडान, यूक्रेन, लीबिया और यमन से लगभग 30,000 से अधिक भारतीयों को भी बचाया गया। हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी किया गया।ट्रेनों के लक्ष्य के साथ 41 परिचालित बंदे भारत ट्रेन। 2014 के बाद 37 किलोमीटर प्रतिदिन 2013 से 12 किलोमीटर प्रतिदिन निर्माण इत्यादि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यशाला में आए लोगों को लाभार्थी के द्वार पर जाना और मोदी जी का प्रणाम एवं राम-राम बोलना तथा लाभार्थी के मोबाइल से 963800 2024 पर मिस कॉल करने ताकि मोदी जी से डायरेक्ट जोड़ा जा सके इस प्रकार का टीप दिया गया।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षा नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद पासवान ने किया मौके पर पहुंचे काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवम लाभार्थी संपर्क करने की टीप दिया।विस्तारक माधव केशरी ,अखिलेश पांडेय ,भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ भोला जी ,पूर्व विधायक राजेश्वर राज सहित सैकड़ो कार्यकताओं भाग लिए।

## एनटीपीसी ने ऋतुराज को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के वरिष्ठ नेता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह समाजिक कार्यकर्ता ऋतुराज को कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प को लेकर एनटीपीसी ने उन्हें सम्मानित किया। आपको बताते चले कि भारत सरकार के (विधुत, नवीन एव नवीकरणीय उर्जा) मंत्री सह भोजपुर कलोकप्रिय सांसद आर के सिंह ने विडिओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से "शहीद स्मारक" का उद्घाटन किया और धरहरा नहर का सौन्दर्यीकरण का आधारशिला रखी। जिसके बाद कार्यक्रम के समय मंच पर एनटीपीसी के पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी को मंच पर सम्मानित किया। वही काफी लंबे समय से पार्टी में सेवा दे रहे ऋतुराज को कार्यकताओं ने ऋतुराज जिंदाबाद जिंदाबाद व जिंदाबाद के नारे लगाकर उनका हौसला बुलंद किया। वही आपको बताते चले कि ऋतुराज मूल रूप से कोईलवर के स्थाई निवासी हैं।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता होने के नाते भोजपुर में लोग उन्हें भोजपुर के अमित शाह के नाम से जानते हैं। काफी लंबे समय से सेवा दे रहे हैं पार्टी में ऋतुराज ने अति पिछड़ा एवं अन्य वर्गो के लोगों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल कर कर भाजपा को काफी मजबूत बनाया है। वही इस अवसर पर ऋतुराज को भारतीय जनता पार्टी के कई कद्दावर नेताओं ने बधाई दी। जिसमें एमएलसी जीवन कुमार, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल, राजू गुप्ता,साहब शाह, दुर्गा राज, राम दिनेश पूर्वी गुंडी मुखिया प्रतिनिधि नंद गोपाल पंडित, हरेंद्र सिंह चन्द्रवंशी,कौशल यादव,संतोष सिंह,राकेश शर्मा,कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, शेखर गुप्ता,शम्भू चौरसिया,बिन्द, पुरुषोत्तम सोनवान, राजकुमार शाह, बच्चन प्रसाद, हरेराम चंद्रवंशी,ददन चौरसिया,वही उपरोक्त कार्यक्रम कि जानकारी सह मीडिया प्रमुख सतीश गुप्ता ने दी।

## पत्रकार अपहरण कांड : पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कांड का जांच कराने का दिया आश्वासन

काराकाट(रोहतास)काराकाट क्षेत्र में इस समय बालू माफियाओं ने 20 फरवरी 2024 को दैनिक अखबार के पत्रकार अशोक कुमार सिंह को दिन दहाड़े अपहरण कर लेने के मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सह रालोजद के राष्ट्रीयध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा रविवार की देर शाम पत्रकार के पैतृक गांव सुकहरा पहुंच घटना की सारी जानकारी लिए । पत्रकार ने घटना की सारी जानकारी दी । बताया कि काराकाट थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है । पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि पुलिस अधीक्षक रोहतास से अपहरणकताओं की गिरफ्तारी की बात करूंगा । इस अपहरण कांड का जांच पुलिस उप महानिरीक्षक शाहाबाद से कराने की मांग करुंगा । पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के चौथे स्तम्भ पर हमला लोकतंत्र के लिए खतरा है । दिन दहाड़े पत्रकार का अपहरण किया गया जो काफी निदनीय है । वरीय अधिकारियों से बात करके अपहरण कांड का खुलासा करने की मांग करूंगा ।रालोजद के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने इस घटना की कड़ी निंदा किया ।

## पिस्टल के भय दिखाकर छीने गए मोबाइल मामले में कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के डरवा फकराबाद नहर रोड में 20 फरवरी को एक टेंपो चालक से दो अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल के भय दिखाकर 2000 एवं मोबाइल को छीन लिया गया था। जहां प्रेस वर्तकाल एसडीपीओ शिव शंकर कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को टेंपो चालक उमेश प्रजापति को भभुआ पटेल चौक से केंवा नहर का भाड़ा बुक कर ले जाने दो अज्ञात अपराधियों ने तय किया। इसके बाद फकराबाद नहर मोड़ पर अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर टेंपो चालक से 2000 एवं मोबाइल को छीन लिया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

जहां तकनीकी अनुसंधान में टेंपो चालक के छीने गए मोबाइल से पे फोन के द्वारा 2200 एक मोबाइल पर ट्रांसफर करने का घटना क्रम हुआ। जहां डीआईओ की टीम के सहयोग से उक्त मोबाइल का नंबर डिटेल प्राप्त करने के बाद कार्रवाई की गई। जो मोबाइल प्रभात पासवान पिता भोला पासवान गांव भदौरा थाना चैनपुर का भोजपुर के नाम से चल रहा है। उसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभात पासवान को पूछताछ किया जहां उसके निशानदेही पर चैनपुर थाना क्षेत्र के भदौरा गांव निवासी भरत पासवान के पुत्र नीतीश पासवान एवं ददन पासवान के पुत्र प्रमोद पासवान बताया गया। जहां तीनों ने मिलकर यह घटना का अंजाम दिया।

वही गिरफ्तार तीनों के बताने के अनुसार पर पुलिस एक मोबाइल एवं घटना में प्रयोग किए गए दो बाइक एवं एक देसी कट्टा बरामद किया है। जबकि एक घटना में और संलिप्त सीताराम प्रजापति को गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। वही गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सह संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। मंगलवार को स्थानीय नगर परिषद भभुआ के मैदान में संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भभुआ विधानसभा एवं चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में बसपा प्रदेश सचिव राम इकबाल राम, सासाराम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी संतोष कुमार, कैमूर संगठन मंत्री अरुण खरवार ने ग्रामीणों से भाग लेने का अपील किया। ज्ञात हो कि सासाराम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता नगर पालिका के मैदान में सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय प्रभारी बिहार इंजीनियर रामजी गौतम सहित बिहार प्रदेश के दिग्गज नेता भाग लेंगे। भभुआ प्रखंड के नउआ गांव में जनसंपर्क अभियान में ग्राम पंचायत कुड़ासन मुखिया प्रतिनिधि मिथुन पासवान, गणेश पाल, ओमप्रकाश, पवन मिश्रा, शशि भूषण पटेल, दूधनाथ राम, पप्पू राम आदि लोगों ने रैली को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान में भाग लिया।

## युवा राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक मनोनयन पत्र वितरण सह सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। युवा राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक मनोनयन पत्र वितरण सह सम्मान समारोह कार्यक्रम नागरी प्रचारणी सभागार मे आयोजित हुआ वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार व संचालन प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने किया। वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर कान्ति सिंह व युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय राजेश यादव जी व प्रभारी अजीत यादव जी उपस्थित रहे वही कार्यक्रम की शुरूआत माननीय मुख्य अतिथि गण दिप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किए। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री कान्ति सिंह ने कहा की वर्तमान मोदी सरकार ने देश के नौजवान, किसान व युवा को छलने का काम किया हमारे नेता तेजस्वी ने पूरे बिहार को विश्वास जितने का काम किया है। वही युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश यादव ने कहा की हमारा देश व प्रदेश युवा ,किसान प्रधान है। वही राजेश यादव ने कहा की भोजपुर के सभी सम्मानित नवनियुक्त पदाधिकारी जिनका मनोनयन पत्र मिला सभी साथी अपन- अपने क्षेत्र मे लग जाए और आगामी 3 मार्च को जन विश्वास महारैली जो पटना में होने जा रहा है* उस रैली को सफल बनाने के लिए सभी लोग प्रखंड मे जाकर आवाम से मिले व अपने नेता आदरणीय श्री तेजस्वी यादव जी के सत्रह माह मे दिए गए रोजगार सृजन का संदेश लोगो तक पहुँचाए। वही संयुक्त रूप से प्रदेश प्रभारी अजीत यादव व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा की हमारे नेता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव, बिहार के विकास पुरुष तेजस्वी यादव जी जन कल्याण के कार्यो का अपने लोगो तक पहुँचाए और आगामी 3 मार्च को पटना मे होने वाली जन विश्वास महा रैली को सफल बनाने मे जुट जाए। वही संयुक्त रूप से प्रधान महासचिव व कोषाध्यक्ष सोनू राय व रजनीश यादव ने कहा की हमारे नेता आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, जगदानंद सिंह जी के कन्धे को मजबूत कर आगामी जन विश्वास महारैली को सफल बनाने के लिए अपने क्षेत्र मे जाकर अपने नेता के संदेश को पहुंचाना है और वर्तमान मोदी सरकार जो किसान, नौजवान, मजदूर को छला है उसको गाँव मे जनसम्पर्क माध्यम से बताने का काम करेंगे।

## उर्स मेला आयोजन को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) शबे ए बरात के साथ सासाराम में लगने वाले उर्स मेला में सुरक्षा विधि व्यवस्था को लेकर एसडीएम आशुतोष रंजन तथा एसडीपीओ दिलीप कुमार ने जायजा लिया। आयोजित होने वाली उर्स मेला में सासाराम स्थित चंदतन शहीद पहाड़ी पर काफी संख्या में लोग रोहतास जिले समेत अन्य कई जिले लोग पहुंचते हैं। जहां एतिहासिक शेरशाह मकबरा का लोग दीदार करने पहुंचते हैं। रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर एसडीएम आशुतोष रंजन तथा एसडीपीओ दिलीप कुमार ने शेरशाह मकबरा तथा चंदतन शहीद पहाड़ी आदि जगहों का जायजा लिया। एसडीएम आशुतोष रंजन ने बताया कि उर्स मेला में बिधी व्यवस्था शांति को लेकर जायजा लिया गया है। वहीं उर्स मेला को लेकर दंडाधिकारियों एवं पुलिस कि तैनाती कि गई है। शरारती तत्वों से निपटने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस कि तैनाती का प्रावधान किया गया।

## रक्सौल स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के तहत रिमॉडलिंग के लिए हुआ शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के तहत 13.96 करोड़ की लागत से होने वाले रिमॉडलिंग कार्य का शिलान्यास सोमवार को किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल रूप से देश में कुल 554 रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करते हुए यहां इसके कार्य की शुरूआत की गयी है। जिसमें रक्सौल जंक्शन भी शामिल है, जिसके लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किये जाने के बाद यहां विधायक श्री सिन्हा ने अपर मंडल रेल प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में शिलापट्ट से पर्दा हटाकर भौतिक रूप से इस शिलान्यास कार्यक्रम को पूरा किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तृती भी दी गयी। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद सिन्हा ने कहा कि रक्सौल स्टेशन पर दो नये प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया जायेगा। अब रक्सौल जंक्शन के दक्षिण और उतर से प्रवेश के लिए व्यवस्था रहेगी। बंद रैक प्वाइंट का भी निर्माण कराया जायेगा, जिससे प्रदूषण की समस्या समाप्त हो जायेगी। आगे यहां और भी प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाते हुए नये निर्माण कार्य कराया जायेगा। जिससे स्टेशन विकसित हो जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीआरएम जितेन्द्र सिंह ने किया, जबकि मंच का संचालन अभिजीत कुमार मोइत्रा ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत स्थानीय रेल अधिकारियों के द्वारा किया गया। ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक श्री सिन्हा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह, सीनियर डीएमई एस. शेखर व मौजूद वरीय रेल अधिकारियों, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह, बीजेपी नेता ई. जितेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजकिशोर राय उर्फ भगत जी व अजय पटेल, गुड्डू सिंह, उपसभापति प्रतिनिधि राकेश कुशवाहा, प्रो. मनीष दुबे एवं बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीसीआई संजय कुमार, आईओडब्लू प्रभात कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतु राज कश्यप, सीडब्लूएस उमेश कुमार, वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष माधव राजपाल के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता, उद्योगपति, व्यवसायी सहित अन्य मौजूद थे।

## 34 टीबी मरीजों के बीच हुआ फूड बास्केट का वितरण

पटना। आज सोमवार को इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के पीआमआर विभाग में 322ए लायंस इंटरनेशनल द्वारा गोद लिए गए 34 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट की तीसरी किस्त का वितरण किया गया. इस अवसर पर डॉ. समरेंद्र सिंह, एचओडी, न्यूरोसर्जरी विभाग ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई. टीबी चैंपियंस द्वारा गोद लिए गए मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरित किया गया. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 22 दिसंबर को विजय चौधरी, तत्कालीन वित्त मंत्री, बिहार सरकार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ए द्वारा 210 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था. इस अवसर पर डॉ. समरेंद्र सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को गोद लेकर लायंस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322 ए ने समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह के उपलक्ष में भोजपुरी व सामाजिक नाटक का मंचन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। किशोर क्रांति क्लब हरिगॉव द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह के उपलक्ष में भोजपुरी नाटक सामाजिक नाटक का मंचन किया गया घर परिवार का मंचन किया गया जिसका उद्घाटन हरिगॉव पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टुना चौबे ने किया अतिथि के रूप में हरिगॉव पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि हरेन्द्र कुमार गुप्ता वार्ड सदस्य संतोष कुमार जी डॉ॰ पिंटू जी निर्मल सिंह कुशवाहा जी शिक्षक राजेंद्र राम शिक्षक शिवलाल राम जीनंद राम जी दसई राम जी बबलू राम जी मंजय जी रघुवर राम जी विशाल चौबे जी कमिटी के अध्यक्ष मंदन कुमार सुडू जी उद्घाटन के क्रम में जनता को संबंध करते हुए मुखिया जी ने कहा अगला बार मंदिर का पूर्ण निर्माण कर देंगे बीडीसी प्रतिनिधि हरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा किशोर क्रांति क्लब अपील करते हुए संत शिरोमणि रविदास नाम पर बच्चों को पढ़ने के लिए निशुल कोचिंग सेंटर खोलने की मांग की जो जन सहयोग चलने का आग्रह किया जिससे सामाजिक बदलाव होगा बच्चे पढ़ेंगे भला बुरा में फर्क समझेंगे उपस्थित लोगों ने आगरा को स्वीकार किया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को मिलेंगे जिसमें संविधान की चर्चा होगी संविधान हमें बताता है कौन सी धारा क्या देगा नाटक के कलाकारों का परिचय।

## कुणाल सिकंद ने गायक पंकज उधास के निधन पर गहरी शोक व्यक्त की

पटना। भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह अभिनेता कुणाल सिकंद ने देश के मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की पंकज उधास का हम सभी के बीच से जाना देश और संगीत की दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति है। पंकज उधास युगो युगो तक अपने गाय गानों से याद किये जायेंगे। पंकज उधास ने गजल को एक नये तरीके से भारत के सामने प्रस्तुत किया और सम्पूर्ण भारत ने 90 के दशक से ले कर आज के युवा पीढ़ी तक उनकी गाय गजल को सुन के सहराया है। लोकमंच उनके चरणों मे श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान देने की प्रार्थना करता है और साथ ही उनके परिवार और चाहने वाले को इस दुखद स्थिति में सम्भलने की शक्ति दें।

## प्रधानमंत्री ने किया अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना पुनर्विकास हेतु वर्चुअल शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।सोमवार को रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में एक भव्य सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा में औरंगाबाद के भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह एवं गुरूआ विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनय कुमार यादव सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, गुरारू,गुरूआ, परैया, कोंच प्रखण्डों के पंचायत प्रतिनिधियों, रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों, व्यवसायियों तथा सैंकड़ों लोगों ने शिरकत किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन पुनर्विकास योजनांतर्गत गुरारू रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु वर्चुअल तरीके से 12.20 बजे शिलान्यास किया है। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को रेल मंत्रालय की ओर से सुरजीत सिंह, डीआरएम कार्मिक, द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। अपने संबोधन मे सांसद ने कहा कि आने वाले वर्षों में गुरारू रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। पुराना इस रेलवे स्टेशन को देखने वाले लोग पहचान नहीं सकेंगे वहीं विधायक ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए रेलवे अधिकारियों के समक्ष लोगों की परेशानियों को बताया एवं निराकरण करने का सलाह दिया है। गुरारू रेलवे स्टेशन का 15.69 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास किया जाना है रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम से लोगों में काफी खुशी एवं आशा देखा गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024





## साउथ में हिंदी फिल्मों को स्वीकार न करने पर एटली की प्रतिक्रिया

एटली कुमार देश के सबसे चर्चित निर्देशकों में से एक हैं। वर्ष 2023 में रिलीज हुई उनकी फिल्म जवान ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म को दर्शकों की सराहना ही नहीं, बल्कि कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ने में भी सफल रही है। हाल ही में एटली से एक बातचीत के दौरान पूछा गया कि दक्षिण भारत में दर्शक हिंदी फिल्मों को स्वीकार क्यों नहीं कर रहे हैं, लोगों की सोच कब बदलेगी?

### दर्शक कंटेंट देखते हैं, साउथ या हिंदी नहीं

एटली ने कहा, सच कहूं तो शोले पूरे देश में बेहद पसंद की जाने वाली फिल्म है। ऐसा नहीं है कि दक्षिण के लोग हिंदी फिल्में नहीं देख रहे हैं। हमने शाहरुख खान, सलमान खान और ऋतिक रोशन की लगभग सभी फिल्में देखी हैं। यहीं नहीं आमिर खान की फिल्म 3 इडियट्स साउथ में सबसे बड़ी हिट रही। इसलिए, मुझे लगता है कि फिल्म का कंटेंट अच्छा होता है, तो उसे हर कोई देखता है। फिर दर्शक फिल्मों में साउथ या हिंदी नहीं देखते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे पैन-इंडिया शब्द पसंद नहीं है। भारत में एकता और विविधता एक है और भाषाएं सिर्फ एक संचार माध्यम हैं, वे ज्ञान नहीं हैं इसलिए, सभी फिल्में हर कोई देख रहा है। केजीएफ फिल्म साउथ फिल्म है, लेकिन यह हर जगह सबसे बड़ी हिट रही। हिंदी सिनेमा नहीं जानता कि यश कौन है, लेकिन केजीएफ के बाद यश एक भारतीय सुपरस्टार हैं। इसी तरह अल्लू अर्जुन की पुष्पा, विजय की लियो और भी बहुत है, जिनकी फिल्में हर जगह हिट हैं। इसलिए, हम पैन-इंडियन फिल्म कहना पसंद नहीं करते हैं, हम भारतीय फिल्म और भारतीय फिल्म निर्माता कहलाना पसंद करते हैं।

### एटली की आगामी फिल्म

एटली बेबी जॉन नामक अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामीका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बेबी जॉन मुराद खेतानी और एटली का संयुक्त प्रयास है। यह फिल्म जियो स्टूडियोज, एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। बता दें कि, बेबी जॉन 2016 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थेरी का रीमेक है, जिसमें थलपति विजय, सामंथा रूथ प्रभु और एमी जैक्सन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन खुद एटली ने किया था।



## मैं एक्टिंग के बजाए निर्देशन में अपना करियर बनाना चाहती थी

अभिनेत्री रवीना टंडन बॉलीवुड में एक अलग पहचान रखती हैं। उन्होंने बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। पिछले दिनों वे वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आई थीं। दर्शकों ने उनकी इस वेब सीरीज को काफी सराहा था। वे इस सीरीज में इंद्राणी कोठारी के किरदार में दिखाई दी थीं। हाल ही में, एक कार्यक्रम के दौरान रवीना ने बॉलीवुड में अपनी लंबी पारी के साथ-साथ नेपोटिज्म जैसे विवादित मुद्दे पर भी खुलकर बात की।

### आर्ट मेरे खून में है

अभिनेत्री रवीना टंडन के पिता रवि टंडन एक फिल्म निर्माता थे। वहीं, उनकी मां कथक डांसर थीं। रवीना ने मीडिया से बात करते हुए कहा, देखिए बच्चे की परवरिश में मां का योगदान सबसे ज्यादा होता है। मेरी मां आर्टिस्ट थीं। मैंने उन्हें बेहद अनुशासन में रहते देखा है और मैंने भी उन्हीं से अपने काम के प्रति ईमानदार रहना सीखा है। मेरे अंदर आर्ट को लेकर जो भी समझ है वह मेरी मां से मुझे विरासत में मिली है।

### नेपोटिज्म कहां नहीं है

अफवाहों का बाजार गर्म है कि रवीना टंडन की बेटी भी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। जब उनसे नेपोटिज्म पर सवाल किया गया तब उन्होंने कहा, नेपोटिज्म कहां नहीं है। जिनके माता-पिता राजनीति में हैं उनके बच्चे राजनीति में कई बार अपना भाग्य आजमाने जाते हैं। वहीं, जिनके माता-पिता अभिनेता हैं वे फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने की कोशिश करते हैं। इसमें गलत क्या है। मैं खुद एक फिल्म निर्माता की बेटी हूं, लेकिन मेरे लिए यह सफर आसान नहीं था। मैंने अपने करियर के शुरूआती दिनों में प्रह्लाद कक्कड़ के साथ बतौर असिस्टेंट काम किया था और मैं फिल्म निर्देशन में अपना करियर बनाना चाहती थी। रवीना टंडन हाल ही में वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में दिखाई दी थीं। आने वाले दिनों में वे फिल्म वेलकम के तीसरे भाग वेलकम टू द जंगल में अहम भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं।

## जान्हवी कपूर करेंगी डबल धमाल, बॉलीवुड सहित साउथ में भी दिखाएंगी अभिनय का कमाल



जान्हवी कपूर बड़े पर्दे पर छा जाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही हैं। अभिनेत्री अलग-अलग किरदारों को निभाकर दर्शकों का दिल जीतने में लगी हुई हैं। सिल्वर स्क्रीन से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय का जादू चलाने वालीं जान्हवी जल्द ही साउथ फिल्मों में भी अपना कमाल दिखाने आ रही हैं। अभिनेत्री को आने वाले दिनों में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करते देखा जाएगा। इसके अलावा हसीना की पाइपलाइन में कई बॉलीवुड फिल्में भी शामिल हैं।

फिल्म निर्माता करण जौहर ने हाल ही में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का एलान किया। इसमें वरुण धवन सनी संस्कारी का रोल प्ले करेंगे और जाह्नवी कपूर तुलसी कुमारी बनेंगी। दर्शकों को फिल्म का टाइटल लुभावना लगा है और अब हर किसी की नजरें इसके टीजर पर टिकी हुई हैं। जानकारी हो कि जान्हवी कपूर और वरुण धवन को इससे पहले फिल्म बवाल में साथ देखा जा चुका है। जान्हवी कपूर जल्द ही राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही फिल्म उलझ में नजर आएंगी। फिल्म के मेकर्स ने पिछले साल इसकी घोषणा की थी। उलझ एक थ्रिलर फिल्म है। जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस मूवी में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं। जान्हवी कपूर और राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बीते लंबे समय से अपनी रिलीज को लेकर चर्चाओं में है। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की घोषणा निर्माता करण जौहर ने नवंबर 2021 में की थी, और मई 2022 में इसकी शूटिंग शुरू हुई।



## मातृत्व का सुख चाहती हैं शोभिता

**शोभिता धुलिपाला एक के बाद एक बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अभिनेत्री आखिरी बार वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 में नजर आईं, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।**

शोभिता इन दिनों हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं? शोभिता ने इस सवाल का दिलचस्प जवाब दिया।

### मां बनना चाहती हैं शोभिता

शोभिता ने बातचीत के दौरान पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मैं ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि मैं जिस अनुभव का इंतजार कर रही हूं, वह मातृत्व है। जब भी यह खूबसूरत समय आएगा, तो वह आश्चर्यजनक होगा। अभिनेत्री का यह बयान उस समय आया है, जब उनकी नागा चैतन्य से डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने कुछ समय पहले अपनी डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी थी। शोभिता ने कहा, जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने की जरूरत है, जब मैं कोई गलत काम नहीं कर रही हूं, तो मुझे चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती।

### शोभिता धूलिपाला का वर्कफ्रंट

शोभिता के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री जोया अख्तर और रीमा कागती की हालिया रिलीज वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 के अलावा मेड इन हेवन और द नाइट मैनेजर वेब शो और मन राघव 2.0, कालाकांडी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा में भी नजर आएंगी। जिगरा फिल्म का निर्देशन वासन बाला के जरिए किया गया है।



## ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार दिलजीत-परिणीति की जोड़ी

बॉलीवुड के नामी फिल्म प्रोड्यूसर और निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला एलान के बाद से ही विवादों में चल रही है। फिल्म पंजाब के मशहूर गायक रहे अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित है, जिनका बड़ी बेरहमी से सरेआम कत्ल कर दिया गया था। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर इस फिल्म की रिलीज पर बीते दिनों लुधियाना की एक अदालत ने रोक लगा दी थी। इन सभी विवादों के बीच अब खबर आ रही है कि अमर सिंह चमकीला के प्रोड्यूसर इम्तियाज अली ने फिल्म को सिनेमाघरों के बजाय सीधा ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला किया है। इस फिल्म का 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।

## स्विगी बॉय पर आगबबूला हुए रोनित रॉय



एक स्विगी डिलीवरी बॉय पर एक्टर रोनित रॉय का गुस्सा फूट पड़ा है। एक्टर ने ट्वीट कर बताया है कि ऑलमोस्ट समझिए मैंने उसे मार ही डाला था। ये पूरा मामला क्या था, एक्टर ने × पर पूरी कगहानी सुनाई है। हालांकि, इस पोस्ट पर स्विगी ने जवाब भी दिया है और जरूरी एक्शन लेने की बात कही है। एक स्विगी डिलीवरी बॉय की जान जाते-जाते बची और इसे लेकर ही एक्टर रोनित रॉय ने एक ट्वीट भी किया है। हालांकि, इस ट्वीट में उनका गुस्सा साफ दिख रहा है। रॉनित रॉय ने ट्वीट (ङ्ग) पर अपनी भड़ास खुलकर निकाली है और स्विगी वालों को टैग कर अपनी नाराजगी भी जाहिर की है। आइए बताते हैं कि बॉलीवुड के इस कूल और शांत रहने वाले एक्टर रॉनित रॉय ने क्या कुछ लिखा है ट्विटर पर। एक्टर ने ट्विटर पर लिखा है- मैंने लगभग उस स्विगी बॉय को मार ही डाला था। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने सारी बातें अपने इस ट्वीट में कही हैं। रॉनित ने लिखा है, स्विगी, मैंने आपके एक राइडर को ऑलमोस्ट समझिए मार ही डाला था। इलेक्ट्रिक मोपेड को चलाने का मतलब ये नहीं कि वो सामने से आनेवाली ट्रैफिक के बीच गलत साइड से चलाएं। लेकिन क्या आपको उनकी जान की कोई परवाह है या फिर ये बिजनस है और सब कुछ हमेशा की तरह ही चलता रहेगा?



## सान्या ने खास अंदाज में मनाया 32वां जन्मदिन

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब हुई हैं। पिछले दिनों वे फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार बेहद पसंद आया था। वहीं, आज अभिनेत्री अपना 32 वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए जानते हैं सान्या ने इस खास दिन को कैसे सेलिब्रेट किया।

### पैपराजी के साथ मनाया जन्मदिन

सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड में अपने नर्म अंदाज के लिए मशहूर हैं। अक्सर वे पैपराजी संग बातें करती हुई नजर आती हैं। आज अभिनेत्री ने अपने जन्मदिन के मौके पर पैपराजी के संग केक काट कर अपनी खुशियों में उन्हें भी शरीक होने का मौका दिया। सोशल मीडिया पर सान्या के इस अंदाज की खूब तारीफ हो रही है। इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में वे पैपराजी से बातें करते हुए केक काटती दिख रही हैं।

फिल्म सैम बहादुर से सुर्खियां बटोरने वालीं सान्या मल्होत्रा अपने जन्मदिन पर बेहद हसीन दिखीं। उन्होंने ब्राउन रंग के स्लीवलेस टॉप को एक स्टाइलिश स्कर्ट के साथ पेयर किया था। अपने कर्ली बालों के लिए मशहूर सान्या ने आज न्यूट्रल मेकअप कर रखा था और अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों का हाई बन बनाया था। उन्होंने कानों में छोटे-छोटे सुनहरे हूप इयररिंग्स पहन रखे थे।

## शाहरुख खान के साथ अभिनय करना चाहती हैं भूमि पेडनेकर

**भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी फिल्म भक्षक को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी अदाकारी की जमकर तारीफ हो रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज ने किया है।**

फिल्मों के अलावा भूमि सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लोगों के सवालों के जवाब देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने फैंस के बहुत से प्रश्नों का उत्तर दिया। इस सेशन के दौरान जब अभिनेत्री से एक फैन ने पूछा कि आप भविष्य में किस एक्टर के साथ काम करना चाहेंगी? इस पर भूमि ने बिना देर लगाए शाहरुख खान का नाम लिया। उन्होंने बताया कि किंग खान के साथ फिल्म में काम करने का उनका बचपन का सपना है। अभिनेत्री ने साझा की गई वीडियो स्टोरी में कहा, यार ईमानदारी से कहूं तो अभिनेता अभिनेता क्या सुपरस्टार, शाहरुख सर के साथ फिल्म में काम करने का बचपन का सपना है। मैं इसके बहुत नजदीक पहुंच चुकी हूं, क्योंकि उन्होंने भक्षक का निर्माण किया है। सबसे कमाल की बात यह है कि डंकी और भक्षक, दोनों नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रहे हैं, मेरा सपना है शाहरुख सर के साथ अभिनय करने का। वे सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, एसआरके आप किंग हैं। भूमि ने हाल ही में अपनी हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि ब्राउन लड़कियां अब कई फिल्मों और सीरीज में अदाकारी कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचा रही हैं। उन्होंने बताया था कि उनकी भी हॉलीवुड में काम करने के आकांक्षाएं हैं और यह कलाकारों के लिए महत्वाकांक्षी होने का यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि दुनिया अब संस्कृतियों, विविधता और प्रामाणिकता का मिश्रण है।



# व्यापार

संसेक्स
72790.13 पर बंद
निफ्टी
22122.00 पर बंद

सोना
62,235
चांदी
69,982

## संक्षिप्त समाचार

### स्प्रेकिंग लिमिटेड को ब्रास रॉड की सप्लाई के लिए 10 मिलियन रुपये का ऑर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** लीडिंग ब्रास मैन्युफैक्चरर, स्प्रेकिंग लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी को ब्रास रॉड की आपूर्ति के लिए 10 मिलियन रुपये का खरीद ऑर्डर मिला है। कंपनी ने अपनी डाइवर्स प्रोडक्ट ऑफरिंग और एग्रीकल्चर सेक्टर में इन्नोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए एक स्ट्रेटिजिक रीब्रांडिंग की है। 10 मिलियन रुपये का खरीद ऑर्डर, बाज़ार में स्प्रेकिंग लिमिटेड की विशेषज्ञता और प्रतिष्ठा का प्रमाण है, जो एग्रो इक्विपमेंट इंडस्ट्री में कंपनी की निरंतर वृद्धि और सफलता को उजागर करता है। यह माइलस्टोन न केवल स्प्रेकिंग लिमिटेड की वित्तीय स्थिति को मज़बूत करता है बल्कि बाज़ार में एक विश्वसनीय सप्लायर के रूप में इसकी स्थिति को भी ताकत देता है। स्प्रेकिंग लिमिटेड अत्याधुनिक एग्रीकल्चर सॉल्यूशंस देने और अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। कंपनी इस सफलता को आगे बढ़ाने, नई साझेदारियां बनाने और कृषि क्षेत्र की वृद्धि और दक्षता में योगदान जारी रखने के लिए तत्पर है। इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, स्प्रेकिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हितेश दुधागरा ने कहा कि स्प्रेकिंग लिमिटेड को एक्सीलेंस की दिशा में अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन घोषित करते हुए खुशी हो रही है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमें हाल ही में हमारी हाई-क्वॉलिटी ब्रास रॉड के लिए लगभग 10 मिलियन रुपये मूल्य का एक बड़ा खरीद ऑर्डर मिला है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्प्रेकिंग लिमिटेड के हमारे वैल्यूड क्लाइंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले और उससे भी बेहतर उत्पाद प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। परचेज़ ऑर्डर न केवल हमारे ग्राहकों द्वारा हमारे उत्पादों में दिखाए गए ट्रस्ट और कॉन्फिडेंस को दर्शाता है, बल्कि स्प्रेकिंग लिमिटेड से जुड़ी असाधारण गुणवत्ता और विश्वसनीयता को भी रेखांकित करता है।

### सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड बोर्ड ने 99 करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसई 543688, एनएसई), ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड बासमती और गैर-बासमती चावल की मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेड, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के व्यवसाय में अग्रणी, कंपनी ने घोषणा की है कि बोर्ड ने 10,20,00,000 तक के फुली कन्वर्टबल वारंट जारी करके 98.94 करोड़ रुपये का फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है, जो प्रत्येक 1/- रुपये की फेस वैल्यू के समान संख्या में प्रेफरेंशियल बेसिस पर, नॉन-प्रमोटर ग्रुप के व्यक्तियों को इश्यू प्राइस पर 9.70 रुपये प्रति वारंट, शेयरहोल्डर्स और अन्य रेगुलेटरी अथॉरिटी के अनुमोदन के अधीन, जैसा एप्लीकेशबल हो इक्विटी शेयर्स में परिवर्तनीय होंगे। कंपनी ने आगे कहा कि फंड जुटाने का उद्देश्य कंपनी के इस संदर्भ में लॉन्ग-टर्म वित्तीय संसाधनों को बढ़ाना अर्थात लॉन्ग-टर्म बिज़नेस ग्रोथ प्लान्स और कंपनी के लॉन्ग-टर्म फाइनेंशियल रिसोर्सेज़ को उन्नत बनाने से है। इससे पहले कंपनी ने घोषणा की थी कि वह कुलगाम और डोडा में किसानों से सीधे अखरोट, राजमा, सेब, ब्लैक मोरल्स (गुच्छी), काला जीरा और अन्य ऑथेंटिक हिमालयन डिलाइट्स की खरीद के लिए 2 और सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) चौपाल (खरीद सुविधा केंद्र) की स्थापना करके अपने खरीद चैनल को और मज़बूत कर रहा है। इन नए स्थानों के साथ, अब सर्वेश्वर फूड जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 12 सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) चौपाल संचालित कर रहा है, जिनमें से 7 जम्मू में और 5 कश्मीर में हैं। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) एक आईएसओ 22000-2018 और यूएसएफडीए (यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) प्रमाणित कंपनी है।

# 73.87 लाख पीएफ क्लेम में से 24.93 लाख खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े सदस्यों को अपने पीएफ क्लेम को निपटाने में मुश्किलों का सामना कर पड़ा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2017-18 में ईपीएफ अंतिम दावों के करीब 13 फीसद मामले खारिज हुए थे, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर लगभग 34 प्रतिशत हो गए है। यानी हर तीन ईपीएफ दावों में से एक दावा नामंजूर हो रहा है। क्लेम मिलने में देरी होने और भारी संख्या में दावे खारिज करने की काफी शिकायतें सोशल मीडिया पर आ रही हैं।

वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 73.87 लाख पीएफ क्लेम आए थे, जिनमें से 24.93 लाख यानी 33.8 फीसदी खारिज हो गए। इस तरह तीन में से एक दावा रद्द हो गया। इसी अवधि में 46.66 लाख दावे निपटाए गए और सदस्यों को राशि जारी की गई। 18 लाख दावे शेष रह गए। यह आंकड़ा वर्ष 2017-18 और 2018-19 में खारिज किए गए दावों से काफी अधिक है। उस समय क्रमशः 13 फीसदी और 18.2 फीसदी दावे खारिज हुए थे। इसके बाद 2019-20 में दावा खारिज होने की दर बढ़कर 24.1 फीसदी पहुंच गई। वर्ष 2020-21 में यद दर 30.8 फीसदी और 2021-22 में 35.2 फीसदी पहुंच गई।




ईपीएफओ अधिकारियों का कहना है कि पीएफ दावे तेजी से अस्वीकार होने की बड़ी वजह ऑनलाइन प्रक्रिया है। पहले दस्तावेजों का सत्यापन नियोक्ता या कंपनी करती थी, इसके बाद कागजात ईपीएफओ के पास आते थे। लेकिन, अब पीएफ खाते आधार नंबर से ऑनलाइन जोड़े गए हैं। ऐसे में 99 फीसदी दावे ऑनलाइन पोर्टल के जरिए किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन में आवेदनकर्ताओं से कुछ गलतियां हो जाती हैं और उनका क्लेम खारिज हो जाता है।

### क्या कहता है ईपीएफओ

ईपीएफओ के मुताबिक जब पीएफ का ऑफलाइन निपटारा होता था तो संस्थान की हेल्पडेस्क ऐसे मामलों को निपटाती थी, जिससे पीएफ दावा जल्दी खारिज नहीं होता था। अब पीएफ की रकम ऑनलाइन क्लेम हो रही है जिसमें कई खामियां आ रही हैं। कई बार तो पीएफ खाताधारक के नाम के अक्षर मेल नहीं खाते, तो कभी आधार कार्ड में अलग-अलग जानकारी होती है। इसकी जिसकी वजह से पीएफ के दावों के निपटारे में काफी दिक्कतें आ रही है।

### क्लेम दाखिल करते समय बरतें ये सावधानी

**1. गलत या अधूरी केवाईसी**

अगर आपकी केवाईसी जानकारी अधूरी और वैध नहीं है तो पीएफ दावा खारिज हो सकता है। इससे बचने के लिए दावा दाखिल करने से पहले केवाईसी से संबंधित सभी दस्तावेजों को अपडेट कर लें।

**2. यूएएन आधार से लिंक न होना**

यदि आधार और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) आपस में लिंक नहीं है तो पीएफ दावा खारिज हो जाएगा। ऐसे में आधार को सबसे पहले यूएएन से लिंक करें।

**3.जानकारी में अंतर**

जमा किए गए दावे के विवरण और ईपीएफओ रिकॉर्ड्स के बीच अंतर से भी दावा खारिज हो सकता है। इसलिए नाम, कंपनी में शामिल होने और छोड़ने की तारीख, बैंक खाते का ब्योरे के जरूरी ठीक कर लें।

**4. बैंक खाता नंबर गलत होना**

गलत बैंक खाता नंबर या आईएफएससी कोड देने से भी दावा खारिज हो जाएगा। रकम पाने के लिए खाता सक्रिय होना चाहिए और पीएफ खाते के साथ लिंक होना चाहिए।

**5. गलत फॉर्म भर देना**

कई बार आवेदक गलत फॉर्म भर देते हैं, इससे भी रकम नहीं मिलती। ध्यान दें कि फॉर्म 19 अंतिम निपटान के लिए है, फॉर्म 10सी पेंशन निकासी और फॉर्म 31 आंशिक निकासी के लिए है।

### दावे निपटाने में लगते हैं 20 दिन

ईपीएफओ के मुताबिक अगर सही तरीके से सभी दस्तावेजों के साथ दावा दाखिल किया जाए तो पीएफ खाताधारक को 20 दिन के भीतर पैसा दे दिया जाता है। ईपीएफओ के पास 27.7 करोड़ खाते हैं और यह लगभग 20 लाख करोड़ के फंड का प्रबंधन करता है।

# कभी खुद के पास नहीं था प्राइवेट टॉयलेट, आज बेच चुके हैं 15,000 फ्लैट

### रिजवान साजन की जन्म और परवरिश मुंबई में हुई

- पिता ने निधन के बाद काम करने के लिए कुवैत गए
- उन्होंने 1993 में दुबई में डेन्यूब ग्रुप की स्थापना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजवान साजन की कहानी किसी परीकथा सरीखी लगती है। उन्होंने मुंबई की झुग्गियों से निकलकर दुबई में बड़ा मुकाम हासिल किया और आज एक सफल कारोबारी हैं। उनका डेन्यूब ग्रुप दुबई में कंस्ट्रक्शन मटीरियल, होम डेकोर और रियल एस्टेट डेवलपमेंट से जुड़ा कारोबारी समूह है। इसकी स्थापना रिजवान साजन ने 1993 में की थी। साल 2022 में इस ग्रुप का टर्नओवर दो अरब डॉलर रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साजन की नेटवर्थ करीब 18,000 करोड़ रुपये है और वह भारतीय मूल के टॉप 100 कारोबारियों में शामिल हैं। रिजवान जब महज 16 साल के थे तो उनके पिता का निधन हो गया। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े रिजवान के कंधों पर छोटी उम्र में ही परिवार का बोझ पड़ गया था। परिवार का पेट पालने के लिए उन्होंने एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में किताबें बेची और दूध बांटने का भी काम किया। आज उन्हें दुबई का वन परसेंट मैन कहा जाता है।

रिजवान साजन का जन्म मुंबई की एक मिडिल क्लास फैमिली में हुआ था। उनका परिवार चॉल में रहा करता था। हालत यह थी कि उनके पास प्राइवेट टॉयलेट भी नहीं था। एक दिन उनके पिता को सब्सिडी पर सस्ता



घर खरीदने का मौका मिला। रिजवान कहते हैं कि उस दिन उन्हें पता चला कि घर क्या होता है। रिजवान ने गल्फ न्यूज के दिए एक इंटरव्यू में कहा कि वे मुश्किल दिन थे। उनके पिता एक स्टील फैक्ट्री में सुपरवाइजर थे और उन्हें हर महीने सात हजार रुपये पगार मिलती थी। घर का खर्च चलाना और स्कूल की फीस देना मुश्किल होता था। लेकिन जब वह 16 साल के थे तो उनके पिता का निधन हो गया। परिवार की जिम्मेदारी उनके नाजुक कंधों पर आ गई। जिंदगी के शुरुआती दिनों में परिवार का पेट पालने के लिए उन्होंने एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में किताबें और पटाखे बेचे।

### वन परसेंट प्लान ने किया कमाल

इतना ही नहीं इनकम बढ़ाने के लिए वह दूध बांटने का भी काम करने लगे। साल 1981 में वह कुवैत अपने चाचा की कंस्ट्रक्शन मटीरियल की दुकान पर काम करने चले गए। वहां उन्होंने एक ट्रेनी सेल्समैन के रूप में काम किया। तब उन्हें करीब 18,000 रुपये मिलते थे। उन्होंने आठ साल तक कुवैत में काम किया और सेल्स मैनेजर बन गए। धीरे-धीरे साजन का काम बढ़ने लगा लेकिन 1991 में खाड़ी युद्ध ने सब खत्म कर दिया। उन्हें मुंबई लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुंबई लौटकर उन्होंने फिर से नौकरी खोजनी शुरू की। आखिर उन्हें दुबई में बिल्डिंग मटीरियल बिजनस में ब्रोकरेज का काम मिला। फिर एक दिन उन्होंने नौकरी छोड़कर अपना बिजनस करना शुरू किया। इस तरह साल 1993 में डेन्यूब ग्रुप का जन्म हुआ। यह वह समय था जब दुबई में कंस्ट्रक्शन का काम शुरू ही हुआ था। फिर क्या था उनका बिजनस चल निकला और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अगले डेढ़ दशक तक उन्हें अपने बिजनस को फैलाया। 2006 में उन्होंने सैनिटरी सॉल्यूशन ब्रांड मिलानो शुरू किया। फिर 2008 में होम फर्निशिंग के बिजनस में भी कदम रखा। चार साल बाद यानी 2012 में उन्होंने एल्यूमीनियम कंपोजिट पैनल्स बनाने का काम भी शुरू किया और 2014 में रियल एस्टेट में भी एंट्री मारी। उनका वन परसेंट प्लान काफी हिट रहा और वह अब तक 15,000 फ्लैट बना चुके हैं। रिजवान कहते हैं, यह बहुत आसान प्लान है। आप शुरुआत में थोड़ा बहुत पैसा देकर फ्लैट का पजेशन ले सकता है। बाकी अमाउंट आप हर महीने एक परसेंट चुका सकते हैं। हजारों लोगों ने इसे हाथोंहाथ लिया। साल 2022 में डेन्यूब ग्रुप का टर्नओवर दो अरब डॉलर था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साजन की नेटवर्थ करीब 18,000 करोड़ रुपये है।

# दवा कंपनी अल्केम में 1,000 करोड़ रुपये का हेरफेर! इनकम टैक्स की जांच में हुआ खुलासा, शेयरों में भारी गिरावट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दवा बनाने वाली कंपनी अल्केम लैबोरेटरीज की मुश्किलें बढ़ गई है। इनकम टैक्स विभाग की जांच में कंपनी में बड़ी टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। इंडिया टुडे टीवी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। पिछले साल सितंबर में इनकम टैक्स विभाग में अल्केम लैबोरेटरीज के ऑफिस और परिसरों पर छापा मारा था। इसके बाद विभाग ने कई महीनों तक इस मामले की गहन जांच की। इस दौरान अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए और बैलेंस शीट को खंगाला गया। इसमें पता चला कि कंपनी ने बोगस क्लैम करके अरबों रुपये की टैक्स चोरी की। इससे कंपनी के शेयरों में आज भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी ने बोगस क्लैम करके 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी की। जांच में यह भी सामने आया कि अल्केम लैब्स डॉक्टरों और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को पैसा देकर उन्हें प्रिस्क्रिप्शन में अपनी दवा लिखने के लिए कहती थी। इस दौरान कंपनी ने डॉक्टरों को सैकड़ों करोड़ रुपये का भुगतान किया। सूत्रों के मुताबिक अल्केम लैब्स को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। इस बीच कंपनी के शेयरों में आज भारी गिरावट देखने को मिल रही है।

# डीएलएफ चार साल में 80 हजार करोड़ रुपए की संपत्तियां पेश करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने आवास और वाणिज्यिक परियोजनाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले तीन-चार साल में लगभग 80,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पेश करने की योजना बनाई है। बाजार मूल्यांकन के हिसाब से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने 2022-23 के दौरान 15,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची थीं। पहली तीन तिमाहियों में दर्ज कंपनी की बिक्री बुकिंग के आधार पर चालू वित्त वर्ष में इस संख्या को पार करने की तैयारी है। निवेशकों की एक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ अगले वित्त वर्ष में एक करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र में परियोजनाएं पेश करने का लक्ष्य बना रही है। इससे 32,000 करोड़ रुपए का बिक्री लक्ष्य रखा गया है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 और उससे आगे के लिए 46,850 करोड़ रुपए के अनुमानित राजस्व के साथ अन्य 2.2 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र को भी चिह्नित किया है। अगले तीन-चार साल में बिक्री के लिए पेश होने वाली अधिकांश परियोजनाएं आवासीय होंगी और वह भी 'लक्जरी और 'अल्ट्रा लक्जरी खंड में। इनके लिए कंपनी का मुख्य ध्यान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-दिल्ली, मुंबई, गोवा और चेन्नई पर होगा।

# इस साल होंगी 42 लाख शादियां, 5.5 लाख करोड़ के व्यापार का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शादियों के इस सीजन में देश भर में 42 लाख से अधिक शादियां होने का अनुमान है। इनमें अकेले राजधानी दिल्ली में चार लाख से अधिक विवाह होने का अनुमान है। व्यापारियों का अनुमान है कि इस साल केवल शादी-विवाह के समारोहों के कारण 5.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हो सकता है। यह व्यापार कपड़े, गहने, वाहनों और खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में बड़ी मांग पैदा कर सकता है। इससे ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी इलाकों में भी आवश्यक वस्तुओं की मांग में तेजी आ सकती है। व्यापारियों की संस्था कैट के प्रमुख पदाधिकारी सुमित अग्रवाल ने अमर उजाला को बताया कि 15 जनवरी से शुरू हुए वर्तमान शादी सीजन में आगामी 15 जुलाई तक देश भर में लगभग 42 लाख विवाह होंगे। विवाह संबंधित खरीदारी और सेवाओं के माध्यम से लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये की धन राशि देश भर के बाजारों में आएगी। शादियों से संबंधित सामानों की खरीद और विभिन्न सेवाएँ प्राप्त करने के द्वारा यह बड़ी राशि देश के बाज़ारों में प्रवाहित होगी। डेस्टिनेशन शादियों को विदेशों के स्थान पर देश में ही करने की अपील का बड़ा असर लोगों पर पड़ा है। यही कारण है कि देश के विभिन्न राज्यों में डेस्टिनेशन शादियाँ आयोजित करने वाले सभी स्थान आगामी जुलाई तक पूरी तरह बुक हैं। पिछले साल, 14 दिसंबर को समाप्त हुए विवाह सीजन में लगभग 35 लाख विवाह हुए थे जिनके खर्च का अनुमान 4.25 लाख करोड़ था। इसके मुक़ाबले इस साल 5.5 लाख करोड़ रुपये का अनुमान है।



# कंपनी ने उठाया भारी घाटा तो शेयर बेचने की लगी होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केमिकल इंडस्ट्री की कंपनी रेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर आज शुरुआती कारोबार में 11 फीसद से अधिक लुढ़क गए। दरअसल शेयरों में आई इस गिरावट के पीछे कंपनी के दिसंबर तिमाही के नतीजे हैं। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 1118.75 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड नेट लॉस दर्ज किया है। जबकि, इससे पहले दिसंबर 2022 को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान कंपनी को 89.52 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। दिसंबर तिमाही में कंपनी की सेल 24.85 प्रतिशत गिरकर 4100.58 करोड़ रुपये रह गई, जबकि दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के दौरान बिक्री 5456.81 करोड़ रुपये थी। आज शुरुआती कारोबार में रेन इंडस्ट्रीज के शेयर 11.29 प्रतिशत का गोता लगाकर 183.05 रुपये पर आ गए। इसका असर ये हुआ कि कंपनी का मार्केट कैप घटकर 6,383 करोड़ रुपये रह गया। यह स्टॉक आज सुबह बीएसई पर टॉप लूजर था।



रेन इंडस्ट्रीज का स्टॉक 22 नवंबर, 2023 को 52 सप्ताह के निचले स्तर 141.05 रुपये तक गिर गया और 19 फरवरी, 2024 को 52 सप्ताह के हाई 219.65 रुपये पर पहुंचा था। रेन इंडस्ट्रीज के शेयर सुबह 186.55 रुपये खुले और 194.70 रुपये तक पहुंचे। आज ये 185.05 रुपये के दिन के लो तक भी आए। सुबह पौने 11 बजे के करीब इससमें 7 फीसद से अधिक की गिरावट थी। यह 191.75 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

रेन इंडस्ट्रीज के स्टॉक में पिछले पांच दिनों में 10 फीसद से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, पिछले एक महीने में इसमें 3 फीसद से अधिक बढ़त भी हुई है। इस साल अब तक रेन इंडस्ट्रीज ने 24 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में 26.77 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और तीन महीनों में 35 प्रतिशत उछला है। कंपनी के कुल 10.35 लाख शेयरों ने बीएसई पर 19.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

0.7 बीटा के साथ स्टॉक में एक साल में बहुत कम अस्थिरता देखी गई है। तकनीकी रूप से, स्टॉक का आरएसआई 63.1 पर है। यानी यह स्टॉक न तो ओवरबॉट और न ही ओवरसोल्ड जोन में कारोबार कर रहा है। रेन इंडस्ट्रीज के शेयर 5 दिन, 20 दिन, 30 दिन, 50 दिन, 100 दिन, 200 दिन के मूविंग एवरेज से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। रेन इंडस्ट्रीज कैलक्लाइंड पेट्रोलियम कोक, कोल टार पिच और अन्य उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी और विशेष केमिकल्स के विश्व के अग्रणी उत्पादकों में से एक है।

# पेटीएम मुद्दे की हो सकती है समीक्षा, अच्छी तरह आगे बढ़ रही है बायजू की जांच




**कोलकाता एजेंसी।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) का वित्तीय सूचना समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) निकट भविष्य में पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकता है। आईसीएआई के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एफआरआरबी इस समय कथित प्रशासन संबंधी चिंताओं को लेकर शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खातों की समीक्षा कर रहा है और यह प्रक्रिया अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया, अभी तक, हमने इस पर (पेटीएम मुद्दा) विचार नहीं किया है लेकिन निकट भविष्य में एफआरआरबी की बोर्ड बैठक होगी और जरूरत पड़ने पर उचित कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि आईसीएआई की एफआरआरबी समेत नवनिर्वाचित समितियों की मार्च से बैठकें शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एफआरआरबी यह फैसला कर सकता है कि भुगतान बैंक के बहीखातों की जांच जरूरी है या नहीं।

### विवादास्पद ईजीएम में मताधिकार पर बायजू में मतभेद, बायजू रवींद्रन ने बताया 'फिजूल' की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रोसस और जनरल अटलांटिक जैसे कुछ निवेशकों द्वारा पिछले हफ्ते बुलाई गई बायजू की विवादास्पद असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में लिए गए फैसलों पर मतभेद सामने आ गए हैं। इस बैठक में कंपनी के संस्थापक बायजू रवींद्रन को बोर्ड से हटाने सहित सात प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। अपनी टीम के सदस्यों को भेजे ई-मेल में रवींद्रन ने कहा कि कंपनी के 170 शेयरधारकों में से केवल 35 ने ही प्रस्ताव के पक्ष में अपना मत दिया है और कंपनी की कुल शेयरहोल्डिंग में इनकी हिस्सेदारी महज 45 फीसदी है। इससे पता चलता है कि इस 'फिजूल' बैठक को बहुत कम समर्थन मिला था। सूत्रों ने कहा कि रवींद्रन ने ईजीएम को अवैध करार देते हुए बताया कि प्रस्ताव को साधारण बहुमत भी नहीं मिला। मगर निजी इक्विटी शेयरधारकों के




करीबी सूत्रों के अनुसार बैठक में 47 निवेशक आए, जिनकी कंपनी के कुल मताधिकार में 60 फीसदी हिस्सेदारी है। उनमें से बड़े संस्थागत निवेशकों की नुमाइंदगी करने वाले 46 ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के पक्ष में अपना मत दिया था। सूत्रों के अनुसार 28 लाख वोट वाले शेयरधारकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया था। जांच के दौरान इनमें से कुछ को अमान्य करार दिया गया और 22 लाख मत प्रस्ताव के पक्ष में रहे। करीब 15,000 वोट वाला एक शेयरधारक बैठक में ही नहीं आया। सूत्रों के मुताबिक कंपनी के शेयरधारकों के पास कुल 47.8 लाख शेयर हैं लेकिन निवेशकों का कहना है कि ताजा उपलब्ध सूचना के अनुसार उनके पास 45 लाख शेयर हैं।

गणना के आधार पर शेयरों की संख्या को लेकर अंतर है मगर प्रस्ताव के पक्ष में 28 लाख शेयरों वाले निवेशकों का मत मिला जबकि प्रवर्तकों का पक्ष लेने वालों का कहना है कि अवैध मतों को शामिल नहीं किया जा सकता। दोनों पक्ष शेयरों की संख्या भी अलग-अलग बता रहे हैं। ईजीएम में बोर्ड में बदलाव पर विचार करने सहित सात प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। इकसे तहत बोर्ड में एक संस्थापक, समूह के 2 कार्याधिकारी, 3 शेयरधारक और 3 स्वतंत्र निदेशक सहित 9 सदस्यों के ढांचे का सुझाव दिया गया था।

प्रस्ताव में नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञ नियुक्त करने तथा रवींद्रन एवं उनकी पत्नी दिव्या गोकुलनाथ तथा भाई ऋजु रवींद्रन को बोर्ड से हटाने और अंतरिम सीईओ नियुक्त करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया था। हालांकि 20 करोड़ डॉलर के राइट्स निर्गम के लिए प्रतिबद्धता मिलने के बाद 21 फरवरी को रवींद्रन ने सुलह का प्रयास करते हुए शेयरधारकों को पत्र लिखकर सूचित किया था कि वह बोर्ड को पुनर्गठित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भारत ने 5 विकेट से जीता चौथा टेस्ट



## सीरीज में बनाई अजय बढ़त

**नई दिल्ली ।** भारत ने चौथे टेस्ट के चौथे दिन रोहित शर्मा (81 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन) और शुभमन गिल (44 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 37 रन) की अर्धशतकीय पारियों के साथ ही ध्रुव जुरेल की 77 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 39 रन की सधी हुई पारी की वजह से इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 3-1 से अजय बढ़त बनाई।

इससे पहले भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन के 5 और कुलदीप यादव के 4 विकेट की बदौलत इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन ही बना सका जिससे भारत को 192 रन का लक्ष्य मिला। भारत ने इसके जवाब में बिना विकेट गंवाए 40 रन के साथ तीसरे दिन की समाप्ति की। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने 219/7 से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल ने भारत को 307 तक पहुंचाया। हालांकि वह शतक से चूक गए और 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर आउट हो गए। इसी के साथ ही पहली पारी में इंग्लैंड को 46 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने पारी में पांच विकेट अपने नाम किए।

भारत ने इंगलैंड की पहली पारी के 353 रनों के जवाब में सधी हुई शुरूआत की। कप्तान रोहित शर्मा के 2 रन पर आऊट होने के बाद जायसवाल क्रीज पर जमे और अर्धशतक लगाया। इंगलैंड के स्पिनर बशीर ने जोरदार वापसी करते हुए भारतीय टीम को बड़े झटके दिए। लेकिन भारतीय मध्यक्रम बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट खोकर 219 रन बना लिए। क्रीज पर ध्रुव जुरेल (30) और कुलदीप यादव (17) बने हुए हैं। टीम इंडिया अभी भी इंगलैंड के स्कोर से 134 रन पीछे है। भारतीय टीम के पास इस मैच को जीतकर इंगलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है। भारत पहले ही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है।

इंगलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं थी। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप ने शुरूआत 12 ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर इंगलैंड को बैकफुट पर भेज दिया था। लेकिन जो रूट ने एक छोर संभालते हुए शतक पूरा किया और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। रूट ने 274 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 122रन बनाए। उन्हें जॉनी बेयरस्टो 38, जैक क्राउले 42, बेन फोक्स 47 का भी सहयोग मिला। अंत में ओली रॉबिन्सन ने 96 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए जिससे इंगलैंड की टीम 353 रन तक पहुंचने में सफल रही।

भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने 18 ओवर में 78 रन देकर 2 विकेट लिए। इसी तरह आकाश दीप ने 19 ओवरों में 83 रन देकर 3 विकेट पर खत्म किया। रवींद्र जडेजा सबसे आगेरहे। उन्होंने महज 67 रन देकर 4 विकेट लिए। अश्विन एक विकेट निकालने में सफल रहे।

### भारत पहली पारी

टीम इंडिया की शुरूआत भी खराब रही। पिछले मुकाबले में शतक जड़ने वाले कप्तान रोहित शर्मा 2 रन बनाकर जेम्स एंडरसन का शिकार हो गए। हालांकि इसके बाद टेस्ट सीरीज में दो दोहरे शतक जड़ चुके जायसवाल सामने आए। उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। शुभमन गिल ने भी उनका बाखूबी साथ दिया और टीम इंडिया को मुश्किल घड़ी से बाहर निकाल लिया। जायसवाल ने 89 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान शुभमन गिल 65 गेंदों पर 38 रन बनाकर आऊट हुए। क्रीज पर आए रजत पाटीदार ने शुरू में आत्मविश्वास दिखाया लेकिन वह जल्द ही शोएब बशीर की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए। इसी तरह रवींद्र जडेजा ने 12 रन का योगदान दिया। यशस्वी ने 73 रन बनाए और बशीर की गेंद पर बोल्ड हो गए। बशीर ने भरत की पहली पांच विकेट में से 4 अपने नाम की। सरफराज खान 14 तो अश्विन 1 रन ही बना पाए। इसके बाद ध्रुव जुरेल और कुलदीप ने पारी संभाली और स्कोर 219 तक ले गए।

## यशस्वी जायसवाल ने विराट कोहली की बराबरी की, घरेलू सीरीज में बनाए सबसे ज्यादा रन



**रांची ।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल घरेलू टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान 655 रन बनाकर उन्होंने विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जयसवाल ने सोमवार को यहां भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के चौथे दिन कोहली की बराबरी की। सुनील गावस्कर 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों में 732 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी भारत के लिए अपनी तीसरी टेस्ट श्रृंखला खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में स्वप्निल प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हैदराबाद में आक्रामक 80 रनों के साथ शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज की 209 रनों की शानदार पारी ने विजाग में भारत की जीत के लिए मंच तैयार किया और उन्होंने राजकोट में एक और असाधारण दोहरे शतक (नाबाद 214) के साथ इसका समर्थन किया जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला में बढ़त हासिल करने का मौका मिला। कोहली ने 2016 में अपना रन टैली प्रबंधित किया था जब इंग्लैंड ने भारत में पांच मैच खेले थे। उन्होंने आठ पारियों में दो शतक और अर्द्धशतक बनाए जिसमें 235 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल था।

## मैं फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलूंगा, हनुमा विहारी ने टीम से बाहर होने पर खोला राज

**नई दिल्ली ।** आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन के दुर्व्यवहार पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए वरिष्ठ बल्लेबाज हनुमा विहारी ने सोमवार को घोषणा की कि वह अब राज्य टीम का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। मौजूदा रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में आंध्र की यात्रा समाप्त हो गई क्योंकि उन्हें सोमवार को क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश से चार रन की करीबी हार का सामना करना पड़ा। दुखद बात यह है कि एसोसिएशन का मानना है कि खिलाड़ी जो भी कहते हैं उन्हें सुनना पड़ता है और खिलाड़ी उनकी वजह से ही वहां हैं।

मैंने फैसला किया है कि मैं आंध्र के लिए कभी नहीं खेलूंगा जहां मैंने अपना आत्मसम्मान खो दिया है। विहारी ने सोशल मीडिया पर लिखा, %मैं टीम से प्यार करता हूं। जिस तरह से हम हर सीजन में आगे बढ़ रहे हैं, वह मुझे पसंद है लेकिन एसोसिएशन नहीं चाहता कि हम आगे बढ़ें।%

मध्यक्रम के बल्लेबाज ने भारत के लिए 16 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत आंध्र के कप्तान के रूप में की थी, लेकिन पिछले साल के उपविजेता बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। रिकी भुई ने शेष सीज़न के लिए टीम का नेतृत्व किया और अब वह 902 रनों के साथ सीजन के रन चार्ट में सबसे आगे हैं।



उस समय, विहारी ने नेतृत्व की भूमिका से हटने के अपने फैसले के लिए %व्यक्तिगत कारणों% को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि एसोसिएशन ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, %बंगाल के खिलाफ पहले मैच में मैं कप्तान था, उस मैच के दौरान मैं 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया और उसने अपने पिता (जो एक राजनेता हैं) से शिकायत की, बदले में उसके पिता ने एसोसिएशन से मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा।%

विहारी ने कहा, %हालांकि हमने पिछले साल फाइनलिस्ट बंगाल के खिलाफ 410 रन का पीछा किया था, लेकिन मुझसे बिना किसी गलती के कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया।% मध्य प्रदेश के खिलाफ पिछले साल के रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच को याद करते हुए 30 वर्षीय ने कहा कि उन्होंने टीम के लिए खुद को दांव पर लगा दिया है। उनके दाहिने हाथ की बांह की चोट के कारण उन्हें उस खेल में बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन वह आंध्र को बाहर होने से नहीं रोक सके।

उन्होंने कहा, %मैंने खिलाड़ी को व्यक्तिगत रूप से कभी कुछ नहीं कहा, लेकिन एसोसिएशन ने सोचा कि वह खिलाड़ी उस व्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है जिसने पिछले साल अपना शरीर दांव पर लगा दिया और बाएं हाथ से बल्लेबाजी की, आंध्र को पिछले 7 वर्षों में 5 बार नॉकआउट में गए और भारत के लिए 16 टेस्ट खेले।मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई लेकिन इस सीज़न में खेलना जारी रखने का एकमात्र कारण यह था कि मैं खेल और अपनी टीम का सम्मान करता हूं।

## कैमरों को डीआरएस ऑपरेटरों की तरफ रखा जाना चाहिए, जो रूट के आउट पर बोले माइकल वॉन



**नई दिल्ली ।** पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन जो रूट के आउट होने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि टीवी कैमरों को डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) ऑपरेटरों पर रखा जाना चाहिए। तकनीक के रूप में पारदर्शिता भारत के खिलाफ चल रही श्रृंखला में एक बड़ा चर्चा का विषय रही है।

रविवार को भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिव्यू पर आउट होने पर रूट काफी नाराज दिखे। अश्विन की गेंद बल्लेबाज के पैड पर लगी और अंपायर अपील से सहमत नहीं हुए और नॉट आउट दे दिया। लेकिन भारत ने रिव्यू का फैसला किया। अल्ट्राएज ने स्पष्ट किया कि रूट का बल्ला गेंद से नहीं लगा था और हॉक आई ने तब कहा था कि गेंद स्टंप की लाइन के अंदर पिच हुई थी और लेग स्टंप पर जा लगी होगी और मैदान पर फैसला पलट गया और रूट 11 रन पर आउट हो गए।

उसी टेस्ट में इंग्लैंड को भारत की पहली पारी के दौरान चार %अंपायर कॉल% एलबीडब्ल्यू निर्णयों से लाभ हुआ। वॉन ने कहा, %मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कोई धोखा दे रहा है। मैं तब जवाब देने की कोशिश कर रहा हूं जब कोई निर्णय लिया जाता है और हम सभी उससे असहमत होते हैं। अगर हॉक-आई पर मौजूद व्यक्ति को फिल्माया जाता है तो इससे चर्चा खत्म हो जाता है।%

श्रृंखला की शुरुआत में कप्तान बेन स्टोक्स ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 432 रन की हार में जैक क्रॉली को आउट करना हैरान करने वाला पाया क्योंकि तकनीक से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी, फिर भी मैदान पर लिया गया फैसला कायम रहा और डीआरएस दिया गया। यह %अंपायर की कॉल% के रूप में है। इसके बाद इंग्लिश कप्तान ने डीआरएस के भीतर %अंपायर्स कॉल% नियमों को खत्म करने का आह्वान किया।

## सैफ अंडर 16 महिला चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, इन खिलाड़ियों को मिली जगह



**नई दिल्ली ।** मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे।

### भारतीय टीम :

**गोलकीपर** – के टी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी
**डिफेंडर** – अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी
**मिडफील्डर** – अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के
**फॉरवर्ड** – गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस

## शुबमन गिल ने मैच जीतने वाली साझेदारी पर की बात, द्रुव जुरेल को दी सलाह का खुलासा किया

**रांची (झारखंड) ।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारत के लिए मैच जिताऊ पारी खेलने वाले शुबमन गिल ने ध्रुव जुरेल को दी गई सलाह का खुलासा किया। जुरेल और गिल की नाबाद 82 रनों की साझेदारी ने भारत के लि श्रृंखला और चौथे टेस्ट में 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। घरेलू परिस्थितियों में यह भारत की 17वीं सीरीज जीत थी। भारत अब 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए धर्मशाला रवाना हो गया है। मैच के बाद गिल ने उस सलाह के बारे में बात की जो उन्होंने मैच जीतने वाली साझेदारी के दौरान जुरेल को दी थी और खुलासा किया कि उन्होंने उनसे उसी मानसिकता के साथ खेलने के लिए कहा था जिसके साथ उन्होंने पहली पारी में खेला था जिसमें उन्होंने 90 रन बनाए थे। गिल ने बात करते हुए कहा, %मैंने उनसे (जुरेल) कहा कि आपने पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की और उसी मानसिकता के साथ ऑफ स्पिनर के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करने की कोशिश करें। जिस तरह से वह उतरे और खेले वह सुंदर था।%



पूरे दिन इंग्लैंड ने भारत को प्रत्येक रन के लिए कड़ी मेहनत कराई, खासकर तब जब भारत 120/5 पर था। गिल ने कहा, %उन्होंने हमें दबाव में डाल दिया था, लेकिन हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें अच्छी शुरुआत दी, कुछ विकेट खोने से दबाव बढ़ गया। लेकिन जुरेल ने आकर दबाव हटा दिया। आपको स्थिति को देखना होगा और उसके अनुसार खेलना होगा - वे अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे और सीमाओं की रक्षा करना, मेडेन ओवर भी नहीं देना और सिंगल लेना जारी रखना (मानसिकता थी)।% 52* रन की अपनी पारी के दौरान गिल ने सहजता से सिंगल लेने और स्ट्राइक रोटेट करने के लिए अपने पैरों का इस्तेमाल किया। उनका फुटवर्क तब स्पष्ट हुआ जब उन्होंने शोएब बशीर के ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर भारत को फिनिशिंग लाइन के करीब पहुंचाया। गिल ने अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की और खुलासा किया कि स्टंप के सामने फंसने से बचने के लिए उन्होंने अपने पैरों का इस्तेमाल किया। गिल ने कहा, %पहली पारी में गेंद ज्यादा टर्न नहीं कर रही थी और इसलिए मैंने अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन दूसरी पारी में मैंने अपने पैरों का इस्तेमाल करके एलबीडब्ल्यू को आउट ना होने का फैसला किया। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है, यहां आना और पहले टेस्ट के बाद केएल को खोने के बाद ज्यादा बल्लेबाजी अनुभव के साथ श्रृंखला खेलना.. लेकिन रोहित भाई ने हमारा समर्थन किया और हमें बाहर जाने और स्वतंत्रता के साथ खेलने का आत्मविश्वास दिया।

## भारत के टेस्ट श्रृंखला जीतने पर कोहली का बयान आया सामने, युवा खिलाड़ियों की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली ।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत की जीत को शानदार बताते हुए ‘युवा% टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 3.1 की विजयी बढ़त बना ली। टेस्ट श्रृंखला से निजी कारणों से बाहर होने के बाद क्रिकेट पर अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, ‘यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया।% कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, ‘भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है।%



उन्होंने लिखा, ‘आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार पहला स्पैल डाला। ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को बखूबी भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। पहली पारी में कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी।% उन्होंने लिखा, ‘दूसरी पारी में कुलदीप का स्पैल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया। शुभमन गिल ने बेहद महत्वपूर्ण और संयमित पारी खेली।% बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टीम को बधाई देते हुए लिखा, ‘रांची में चौथे टेस्ट में भारत की शानदार जीत। श्रृंखला अपने नाम की।% इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने लिखा, ‘पांच विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बिना। टॉस भी हारे। पहली पारी में पिछड़े। इसके बावजूद शानदार जीत। भारतीय टीम बधाई की पात्र है। भारत को कई शानदार युवा खिलाड़ी मिल गए हैं।

## इंग्लैंड पर जीत से भारत को हुआ फायदा, डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में मजबूत की स्थिति

**दुबई ।** भारत ने सोमवार को रांची में चौथे टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली मेजबान टीम ने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। कड़े मुकाबले में जीत के बाद भारत का अंक प्रतिशत 59.52 से बढ़कर 64.58 हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55 प्रतिशत अंक) और बांग्लादेश (50 प्रतिशत अंक) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44 प्रतिशत अंक के साथ आठवें स्थान पर है। श्रीलंका नौवें स्थान पर है जिसने अभी खाता नहीं खोला है।



भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक आठ टेस्ट खेले हैं जिनमें से पांच में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को ‘बैजबॉल% (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने नौ में से अब तक केवल तीन मैच जीते हैं जबकि पांच में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला ड्रॉ रहा।

न्यूजीलैंड 75 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है लेकिन उसने अब तक केवल चार टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12 अंक, टाई पर छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं। अंकों के प्रतिशत के अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

टीम उद्घाटन चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी जबकि दूसरे सत्र में टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट को भी जीत लेता है तो दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर लेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फॉर्च्यूनर के बिना लड़की विदा की तो 1 हफ्ते में मार दूंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव लाला से नारनौल के गांव निजामपुर गई बारात को तब बिना दुल्हन के लौटना पड़ा, जब दूल्हे ने कथित रूप से विदाई के समय दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर डाली। यह सब कुछ उस समय घटा, जब सात फेरे हो चुके थे और विदाई की तैयारी हो रही थी। दूल्हे ने धमकी दी थी कि यदि बिना फॉर्च्यूनर के दुल्हन को विदा कर दिया तो वह अपने घर पर सात दिन में उसे मार देगा। इससे घबराकर बाद में दुल्हन ने खुद ही विदाई से इनकार कर दिया। रविवार को 11 गांवों की हुई पंचायत में लड़की पक्ष को 65 लाख रुपये देने व जुर्माने के तौर पर 11 लाख रुपये गौशाला में देने का फैसला हुआ। गांव लाला के प्रदीप कुमार के बेटे मणि कुमार की शादी नारनौल के गांव निजामपुर की लड़की सुषमा से तय हुई थी। शनिवार को बारात निजामपुर गई थी। राजी-खुशी के माहौल में रात को दूल्हा-दुल्हन के सात फेरे भी हो गए थे। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब खाना-खाते समय दूल्हे ने लड़की पक्ष से फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर दी। आरोप है कि इस दौरान दूल्हे ने कहा कि यदि फॉर्च्यूनर नहीं दी तो वह घर पर सात दिनों में उसे मार देगा। दूल्हा बोला, गुस्से में कहा : इस बारे में जब लड़की पक्ष ने दूल्हे से बात की तो उसने कहा कि उसने जो भी कहा, गुस्से में कह दिया। उसने केवल इतना कहा था कि यदि उसके पिता को कुछ हो जाए तो क्या वह उनकी सेवा और घर में बंधे पशुओं का कार्य करेगी। लड़की ने जब इनकार कर दिया तो उसने आवेश में आकर ऐसा बोल दिया था। इधर, दुल्हन ने कहा कि खाना खाते समय मणि ने उससे पूछा उसने कितनी पढ़ाई की है। उसने कहा कि वह तो इंग्लिश मीडियम से पढ़ा और वह उससे कम पढ़ी-लिखी है। वह ये शादी नहीं करेगा। सेना से रिटायर होने के बाद हरियाणा पुलिस में कार्यरत दूल्हे के पिता प्रदीप कुमार का कहना है कि उन्होंने दहेज की कोई मांग नहीं की थी। लड़के ने गुस्से में कुछ बोल दिया होगा। वे लड़की को ले जाने के लिए तैयार हैं। लड़की के चाचा कमल भास्कर ने कहा कि बड़े ही चाव के साथ शादी संपन्न हुई थी। हमारे परिवार ने इस विवाह में 15 लाख 51 हजार रुपये नकद और 11 तोला सोने के आभूषण दिए। शादी पर कुल 60 लाख रुपये का खर्चा आया है।

### जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से पूरी तरह घबरा गए हैं एनडीए नेताः तेजस्वी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता पूरी तरह घबरा गए हैं। तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान रविवार की देर शाम समस्तीपुर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम रोजगार देने की बात करते थे तो राजग के नेता कहते थे कि यह असंभव है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के 17 महीनों के कार्यकाल में हमने छह लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जिसमें सभी जाति और धर्मों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की चुनाव वादा किया था जिसे पूरा करने की कोशिश की। लेकिन बीच में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पलटी मार कर भाजपा की गोद में जा बैठे। जन विश्वास यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से भाजपा समेत राजग के नेता पूरी तरह घबरा गए है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने पटना में तीन मार्च को होने वाली महारैली में लोगों एवं युवाओं को शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी। इस जन विश्वास यात्रा में पूर्व मंत्री एवं उजियापुर के राजद विधायक आलोक कुमार मेहता, माकपा विधायक दल के नेता अजय कुमार एवं समस्तीपुर के स्थानीय राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन भी शामिल थे। समस्तीपुर में तेजस्वी यादव के पहुंचने पर राजद के जिलाध्यक्ष रोमा भारती, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो अबू तमीम समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया।

### भगवंत मान ने भाजपा सांसद सनी देओल पर साधा निशाना

**पठानकोट, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को गुरदासपुर से भाजपा सांसद सनी देओल पर निर्वाचन क्षेत्र से उनकी 'अनुपस्थिति को लेकर निशाना साधा और उन्हें याद दिलाया कि राजनीति का मतलब मतदाताओं की सेवा करना तथा उनके लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहना है। मान ने देओल पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'यह नौ से पांच की नौकरी नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए पठानकोट जिले के विकास को गति देने की घोषणा की और कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती शहर को एक विशेष औद्योगिक तथा व्यापार पैकेज देने की व्यवहार्यता तलाशेगी। मान ने 'सरकार-व्यापार मिलनी कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से पठानकोट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ानें शुरू करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

# भैरों मार्ग अंडरपास की दोनों लेन यातायात के लिए खोली जाएंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में रिंग रोड से भैरों मार्ग को जोड़ने वाले अंडरपास का रूट प्लान बदला जा रहा है। पहले भैरों मार्ग से रिंग रोड होते हुए सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए ही दो लेन खोलने की योजना थी, लेकिन अब इसको दोनों तरफ के यातायात के लिए खोला जाएगा।

अंडरपास के खुलने पर प्रतिदिन 20-30 हजार वाहनों का आवागमन होने की संभावना है। इससे पूर्वी दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा से आने वाले लोगों का रिंग रोड के रास्ते नई दिल्ली क्षेत्र में आवागमन आसान होगा। रिंग रोड और भैरों मार्ग को



अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार

लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में टनल की चार लेन में से सिर्फ दो ही लेन खुलनी है। इन दोनों लेन से भैरों मार्ग से सराय काले खां की तरफ जाने वाले और आईटीओ की तरफ से रिंग रोड के रास्ते भैरों मार्ग आने वाले ट्रैफिक को शुरू किया जाएगा। इन दोनों लेन को स्प्रिंग पोस्ट के जरिए दो हिस्सों में बांट दिया गया है। रिंग रोड और भैरों मार्ग को अंडरपास से जोड़ने वाली अप्रोच रोड भी बनकर तैयार है। सड़क सुरक्षा से जुड़े काम बाकी है, जिन्हें अगले चार से पांच दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों तरफ का ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा। इससे लोगों को कई मार्गों पर जाम से भी छुटकारा मिलेगा।

अधिकारियों के अनुसार, चार लेन के अंडरपास में दो लेन को तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें अभी दो से तीन महीने लग सकता हैं। इनके तैयार होने के बाद दोनों तरफ के ट्रैफिक के आवागमन को दो-दो लेन उपलब्ध होंगी। अंडरपास को अगस्त 2022 तक पूरा किया जाना था। इसके बाद से 10 से अधिक बार इसकी समय सीमा को बढ़ाया जा चुका है लेकिन अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है।

## बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन करवाया जा रहा था धर्म परिवर्तन

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले से धर्म परिवर्तन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भोले भाले लोगों के घरों में जाकर बीमारी ठीक करने के नाम पर जबरन ईसाई धर्म कुबूल करवाया जा रहा था। कमरे में प्रार्थना करवाई जा रही थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने धर्म परिवर्तन करवा रहे शख्श की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पाकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मामले का खुलासा हो गया। मामला कहलगाँव अनुमण्डल के रसलपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार चौंक की है। यहाँ के निवासी पप्पू यादव के मकान में धर्म परिवर्तन के लिए गायन बाजन और प्रार्थना कराया जा रहा था। स्थनीय लोगों ने ईसाई धर्म के मौकिम नामक शख्स को पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही उसके पास से बाईबिल की किताबें समेत कई तरह के समान बरामद हुए हैं। जबकि उसके साथ अनीता देवी नाम की एक महिला मौके से फरार हो गई।

दर्जनों महिलाएं और पुरुष प्रार्थना सभा में हो रहे थे शामिल

मकान के नीचे अपनी दुकान चलाने वाले मनोज साह ने बताया कि सालभर से दर्जनों महिलाएं और पुरुष अलग-अलग गांव मोहल्ले से आकर प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे थे। प्रार्थना सभा में शामिल नीलम देवी और स्नेह लता देवी ने बताया कि मौकीम गांव के लोगों को इनमें जोड़ते और बताते कि अगर कोई बीमार है तो वो इसाई धर्म अपनाकर ठीक हो सकता है। सभी को बीमारी ठीक होने का लालच दिया जाता था, जिससे लोग मजबूरी में धर्म परिवर्तन को मजबूर हो जाते थे, और जो लोग उनकी बातों को नहीं मानते थे उन्हें डराया जाता था।

## सड़क पर नोंचते रहे कुत्ते और चीखती रही बच्ची, डीजे के शोर में दब गई आवाज; मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तुगलक रोड में इस बार इन कुत्तों ने 18 महीने की एक बच्ची को नोंच-नोंच कर मार डाला। इस घटना से इलाके के लोग दहशत में है और इन खूंखार कुत्तों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। शैली ओबेरॉय ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह दुख की घड़ी है। एक मां का अपने बच्चे को खोना कोई छोटी बात नहीं है। हम यहां परिवार से मिलने आए थे और हमने देखा कि वो कैसे रो रहे हैं और बिलख रहे हैं। जितने भी आवारा पशु हैं आज की तारीख में दिल्ली के अंदर उससे लोगों को गंभीर संस्याओं से जूझना पड़ रहा है। यह एनडीएमसी का इलाका है। हमने निर्देश दिया है कि यह एनडीएमसी हो या एमसीडी हो सभी मिलकर आवारा पशुओं का समाधान निकालेंगे। इस दौरान पशु प्रेमियों का भी ध्यान रखा जाएगा और बच्चों की सुरक्षा को भी देखा जाएगा। आने वाले समय में ऐसी कोई घटना ना हो उसके लिए हम तैयारी करेंगे और



अभी जिसकी भी लापरवाही है उसपर सख्त से सख्त ऐक्शन लिया जाना चाहिए। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तुगलक रोड इलाके में शनिवार की देर शाम तीन-चार आवारा कुत्तों ने सड़क पर डेढ़ साल की एक बच्ची पर अचानक हमला कर दिया। अचानक कुत्तों के इस हमले की वजह से डेढ़ साल की बच्ची चीखने लगी। लेकिन उस दौरान पास में ही डीजे पर जोर-जोर से गाना चलाया जा रहा था। इसकी वजह से बच्ची की आवाज गाने की शोर में दब गई। आवारा कुत्ते काफी देर तक बच्ची को नोंचते रहे। इसके बाद कुछ लोगों की नजर इन कुत्तों पर पड़ी। किसी तरह इस बच्ची को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया गया। बताया जा रहा है कि इन आवारा कुत्तों के हमले के बाद बच्ची के परिजन उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित बच्ची का परिवार तुगलक रोड के धोबी घाट में रहता है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि एक महिला डॉग-लवर इन कुत्तों को अक्सर खाना देती हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि महिला को कई बार इन आवारा कुत्तों को खाना नहीं देने के लिए कहा गया लेकिन वो उल्टे उन्हें धमकाती हैं। बच्ची के पड़ोसी इन आवारा कुत्तों पर लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नोएडा में 7000 लोगों को जल्द मिलेगा घर का मालिकाना हक, 9 प्रोजेक्ट के बिल्डरों ने चुकाया 25 प्रतिशत बकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
घर खरीदारों के लिए राहत भरी खबर है। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में सात हजार लोगों को होली से पहले फ्लैटों का मालिकाना हक मिल जाएगा। नौ परियोजनाओं के बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि के 30 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू होने जा रही है। इसके अलावा कुल 37 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत बकाया जमा कराने की सहमति दी है। राशि जमा कराने के बाद संबंधित प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी।

अमिताभकांत समिति के प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश की शर्तों का पालन कर सहमति देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बकायेदार बिल्डरों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस शासनादेश में मुख्य रूप से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2022 तक के काल को कोविड काल मानते हुए जीरो पीरियड का लाभ दिया जाना है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को मानते हुए कुल बकाये की 25 प्रतिशत धनराशि



जमा करने के लिए अभी तक 37 बिल्डरों ने सहमति दे दी है। सात बिल्डरों ने बकाये की धनराशि का 25 प्रतिशत करीब 30 करोड़ रुपया जमा भी करा दिया है। सहमति देने वाले अन्य बिल्डरों को जीरो पीरियड का लाभ देते हुए कुल बकाये के संबंध में जानकारी दे दी गई है।

इन बिल्डरों के द्वारा भी अगले 60 दिनों में जब कुल बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करा दिया जाएगा, तब उनके प्रोजेक्टों में भी रजिस्ट्री शुरू होगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार नोएडा क्षेत्र में कुल 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका न्यायालय में कोई विवाद नहीं है। इन बिल्डरों पर करीब आठ हजार करोड़ रुपये प्राधिकरण के बकाया हैं। इन बिल्डरों में से 37 बिल्डर अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर बकाये का 25 फीसदी जमा करने पर सहमति दी, लेकिन 20 बिल्डर अभी भी ऐसे हैं जिन्होंने सहमति नहीं दी है।

## डोनाल्ड ट्रंप नामांकन के एक कदम और करीब पहुंचे

**साउथ कैरोलिना , एजेंसी।**
डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर ली है। शनिवार को घोषित हुए नतीजों में डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की निक्की हेली को हरा दिया है।



डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह जीत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, क्योंकि ट्रंप ने सभी चार प्रमुख प्रारंभिक नामांकन प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक जीत हासिल की है।

दक्षिण कैरोलिना के प्राथमिक नतीजों में हेली को 39.5 प्रतिशत वोट मिले और ट्रंप को 59.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। जिसके बाद पूर्व राष्ट्रपति के लिए 44 प्रतिनिधि और दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर के सिर्फ तीन प्रतिनिधि हुए हैं।

### ट्रंप के विचारों को मिला जनता का साथ

दक्षिण कैरोलिना के चुनावी मैदान ट्रंप के दक्षिणपंथी और व्यक्तिगत शिकायतों का पक्ष लोगों को ज्यादा लोकलुभावन लगा, जिसने पारंपरिक रूढ़िवादी निक्की हेली के लिए मतदाताओं के साथ जुड़ना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। दरअसल, निक्की हेली की राजनीतिक विचारधाराओं में विरोधाभास मतदान पैटर्न में स्पष्ट हो गया। अपनी जीत को लेकर ट्रंप ने चुनावी भाषण में कही भी निक्की हेली का जिक्र नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने अपना ध्यान अपने संभावित डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी, जो बाइडन की ओर रखा किया। यह नवंबर में व्यापक चुनावी लड़ाई के लिए उनके दृढ़ संकल्प और तत्परता की ओर इशारा कर रहा है। हार के बावजूद, दक्षिण कैरोलिना की दो बार की पूर्व गवर्नर निक्की हेली अपने इरादे पर दृढ़ हैं। उन्होंने हार के बावजूद अपना अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है।

## खुलासाः चीनी हैकर्स ने कज़ाख क्रिटिकल आईटी इन्फ्रा सुविधाओं पर 2 साल तक किए रखा कब्जा

**कजाकिस्तान, एजेंसी।**
कजाकिस्तान की राष्ट्रीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने घोषणा की है कि चीनी हैकरों के एक समूह के पास दो साल तक कजाकिस्तान के दूरसंचार ऑपरेटरों के बुनियादी ढांचे को अपने नियंत्रण में रखाा। फरवरी 2024 में, अज्ञात व्यक्तियों ने पर चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के ठेकेदारों में से एक, से लीक हुआ गुप्त डेटा प्रकाशित किया। चेंग्दू 404 से जुड़ा है, जो चीनी साइबर इंटेलिजेंस द्वारा नियंत्रित एक संरचना है जिसे एपीटी41 के नाम से जाना जाता है । इस डेटा के अनुसार, पिछले दो वर्षों में कम से कम एक चीनी हैकर समूह के पास कजाकिस्तान के दूरसंचार ऑपरेटरों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तक पूरी पहुंच थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि लीक हुए दस्तावेज़, चीनी सुरक्षा फर्म द्वारा बेचे गए हैकिंग टूल और डेटा कैश का एक हिस्सा, विदेशी सरकारों और दूरसंचार कंपनियों की वेबसाइटों में सेंध लगाने के अभियान का हिस्सा है। आईसून उन सैकड़ों उद्यमशील कंपनियों में से एक है जो चीन के आक्रामक राज्य-प्रायोजित विश्वव्यापी हैकिंग प्रयासों का समर्थन करती है। जाहिर तौर पर गिटहब पर और भी बहुत कुछ है, लेकिन वर्तमान में कजाकिस्तान चीनी खुफिया सेवाओं के लिए विशेष रुचि रखता प्रतीत होता है। सामग्री, जो हाल ही में गिटहब वेबसाइट पर पोस्ट की गई थी, डेटाबेस को लक्षित



करने और किर्गिस्तान, मंगोलिया, पाकिस्तान, मलेशिया, नेपाल, तुर्की, भारत, मिस्र, फ्रांस, कंबोडिया, रवांडा, नाइजीरिया, हांगकांग, को टैप करने के आठ साल के प्रयास का खुलासा करती है। इंडोनेशिया, वियतनाम, म्यांमार, फिलीपींस और अफगानिस्तान। फाइलों में चीन में जातीय अल्पसंख्यकों की गतिविधियों और ऑनलाइन जुआ कंपनियों की निगरानी के लिए एक अभियान भी दिखाया गया है। कजाख डिजिटल विकास, नवाचार और एयरोस्पेस उद्योग मंत्रालय ने 20 फरवरी 2024 को एक बयान में कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (केएनबी) के साथ मिलकर अधिक जानने के लिए लीक हुई जानकारी का विश्लेषण करना शुरू कर दिया है। हमलावरों ने डेटाबेस जैसी सामान्य जानकारी और विशिष्ट व्यक्तियों की बिंदु जानकारी दोनों को लक्षित किया। यह लीक सॉफ्टवेयर, विंडोज, मैक, आईओएस और एंड्रॉइड के लिए ट्रोजन, डीडीओएस सेवाओं, सोशल नेटवर्क उपयोगकर्ताओं को गुमनाम करने के लिए सिस्टम, वाई-फाई हैकिंग उपकरण और बहुत कुछ का उपयोग करते हुए चीनी खुफिया के रूपों और तरीकों पर प्रकाश डालता है। विश्लेषण से पता चलता है कि चोरी की गई जानकारी की मात्रा काफी बड़ी है और कुछ मामलों में टेराबाइट्स में है। चीनी एपीटी41 समूह लगभग दो वर्षों से कज़ाख बुनियादी ढांचे में बैठा है, और यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है।

## जिनपिंग का गुप्त एजेंडाः अमेरिकी युवाओं को सीसीपी के एजेंट बनाने की तैयारी

**बीजिंग , एजेंसी।**
चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अमेरिका के खिलाफ नए प्लान का खुलासा हुआ है। शी जिनपिंग अमेरिकी युवाओं को सीसीपी के एजेंट बनाने की तैयारी के तहत उनका चीन बुला कर ब्रेन वॉश किया जा रहा है। इस गुप्त योजना के तहत कम से कम पांच अमेरिकी छात्र समूहों ने जनवरी में बीजिंग की यात्राएं पूरी कीं, जो अगले पांच वर्षों में विनिमय और अध्ययन कार्यक्रमों के लिए 50,000 युवा अमेरिकियों को चीन में आमंत्रित करने की चीनी नेता शी जिनपिंग की योजना की शुरुआत का प्रतीक है। शी जिनपिंग ने पिछले साल सैन फ्रांसिस्को की अपनी यात्रा के दौरान चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर जोर देते हुए इस युवा मित्रता योजना की घोषणा की थी। चीनी राज्य मीडिया शिन्हुआ ने 4 जनवरी को आयोवा की अमेरिकी निवासी सारा लांडे को लिखे शी के पत्र की सूचना दी, जिसमें 50,000 युवा अमेरिकियों को चीन में आमंत्रित करने के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया था। इस पहल को तब और समर्थन मिला जब शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने 10 जनवरी को यूएस लिंकन हाई स्कूल में शिक्षकों और छात्रों के चीनी नव वर्ष ग्रीटिंग कार्ड के जवाब में कार्यक्रमों का उल्लेख किया। अमेरिका में विद्वान चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि ये विनिमय कार्यक्रम एक अधिक भयावह उद्देश्य की पूर्ति कर रहे हैं, जो



प्रभावी रूप से अमेरिकी युवाओं को सीसीपी के अनजाने एजेंटों में बदल रहे हैं। जैसा कि चीन के सिटीजन पावर इनिशिएटिव्स के रिसर्च फेलो जेनेट टोंग और राइट स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले अर्थशास्त्री इवान ओसबोर्न के एक टिप्पणी लेख में उल्लिखित है, इन यात्राओं के कार्यक्रम में प्राचीन चीनी संस्कृति और व्यंजनों का नियमित अनुभव, आधुनिक लोगों का दौरा शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार कथित तौर पर मेजबान चीनी छात्रों के साथ बातचीत के माध्यम से, अमेरिकी प्रतिभागी तेजी से जुड़े और उन्हें विवादास्पद चीनी सोशल मीडिया ऐप, वीचैट डाउनलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कथित तौर पर कुछ लोगों को चीन में अध्ययन और काम करने पर विचार करने के लिए आमंत्रित किया गया था, जो इन युवा दिमागों के भविष्य के प्रक्षेप पथ को प्रभावित करने के अधिक घातक उद्देश्य का सुझाव देता था। अमेरिका के विद्वानों को डर है कि सीसीपी का अंतिम लक्ष्य समर्थकों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो वैश्विक प्रभुत्व के लिए शी जिनपिंग के दृष्टिकोण के साथ वैचारिक रूप से जुड़े हों। उन्होंने चेतावनी दी है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य निर्दोष अमेरिकी युवाओं में लाल जीन पैदा करना है, जिससे उन्हें सीसीपी के सत्तावादी मॉडल के लिए अनजाने उपकरण में बदल दिया जा सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129